सुप्रभात
रांची, सोमवार
06.02.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

epaper.khabarmantra.net फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 204



12 आलिया ने शेयर किया वर्कआउट का वीडियो

## न्यूज डायरी

### यूथ गेम्स में आशा ने जीता दूसरा गोल्ड

**रांची।** मध्य प्रदेश में खेली जा रही पांचवीं खेलो इंडिया यूथ गेम्स में रविवार को 800 मीटर (यूथ, बालिका) दौड़ में झारखंड की आशा किरण बारला ने स्वर्ण पदक हासिल किया है। आठ प्रतिभागियों के बीच आशा ने यह सफलता हासिल की है। भाटिया एथलेटिक्स एकेडमी की कैडेट और पूर्व में जेएसएसपीएस, रांची की कैडेट रही आशा की सफलता पर खेल निदेशक सरोजिनी लकड़ा, कोच आशू भाटिया और प्रभात तिवारी सहित विभिन्न खेल संघों ने खुशी जतायी है। आशा किरण बारला ने इसके पूर्व तीन फरवरी को खेलो इंडिया यूथ गेम्स के 1500 मीटर स्पर्धा में 4:43:50 सेकेंड का समय लेते गोल्ड मेडल जीता था। उसने पिछले वर्ष पंचकुला में आयोजित चौथे खेलो इंडिया यूथ गेम्स में भी गोल्ड मेडल प्राप्त किया था।

### जुगाड़ गाड़ी घर में घुसी दादा और पोती की मौत

**गोड्डा।** महागामा अनुमंडल क्षेत्र के सीमावर्ती क्षेत्र दिघी के मकनपुर गांव में अवैध रूप से चलने वाले जुगाड़ ठेला गाड़ी के घर में घुस जाने से घर में दो की मौत मौके पर ही हो गयी। वहीं तीन जानवरों की जान चली गयी है। जानकारी के अनुसार ठेला गाड़ी द्वारा पुलिस के डर से भागने के क्रम में यह घटना घटी। हादसे में 60 वर्षीय दादी एवं 2 वर्षीय पोती की मौके पर मौत हो गयी। बताया जा रहा है कि अवैध कोयले की कारोबार में यहां जुगाड़ गाड़ी प्रायः रात में तेजी से चलती रहती है तथा इस प्रकार की घटनाएं आम हो गयी है।

### अब 10 तक खुला रहेगा राजभवन का उद्यान

**रांची।** राज्यपाल रमेश बैस ने राजभवन उद्यान 10 फरवरी तक खोलने का निर्देश दिया है। अब लोग 4.30 बजे तक राज भवन उद्यान का भ्रमण और परिदर्शन कर सकेंगे। इसके पूर्व में राजभवन उद्यान आम नागरिकों के भ्रमण व परिदर्शन के लिये 31 जनवरी से सात फरवरी तक खोलने का निर्णय लिया गया था। उद्यान भ्रमण का समय पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 3 बजे तक था।

### चलती कार में आग बच गयी पांच की जान

**रांची।** रांची के कांके थाना क्षेत्र के रिंग रोड स्थित आईटीबीपी कैंप के पास रविवार को चलती हुई कार में आग लग गयी। ये तो कार सवार लोगों का भाग्य अच्छा था कि उधर से गुजर रही एसएसपी की क्यूआरटी ने तत्परता दिखाते हुए कार का शीशा तोड़कर सभी लोगों को बाहर निकाला। कार में सवार सभी पांच लोग बाल-बाल बच गये। शॉर्ट सर्किट होने से आग लगने की आशंका है। कार पूरी तरह से जलकर राख हो गयी है।

### विधायक पूर्णिमा की गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त

**रांची।** झरिया की कांग्रेस विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह की गाड़ी रविवार को ओरमांझी-रामगढ़ के बीच दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। गाड़ी आगे और पीछे दोनों तरफ से क्षतिग्रस्त हुई है। दुर्घटना में किसी को चोट नहीं आयी है। विधायक रविवार को धनबाद से रांची जा रही थी। उनकी गाड़ी के पीछे दूसरी गाड़ी चल रही थी और आगे एक बस जा रही थी। इसी दौरान पीछे से आ रही गाड़ी ने विधायक की गाड़ी को जोरदार टक्कर मार दी। इसके चलते विधायक की गाड़ी आगे चल रही बस से टकरा गयी।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 54,100 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 72,000 रु./प्रति किलो |

## किसान कैसे खुशहाल हों, इस पर चिंतन और प्रयास करें : स्पीकर

# राज्य में मेगा लिफ्ट सिंचाई जैसी परियोजना जरूरी

### बीएयू में एग्रोटेक मेला संपन्न

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में कृषि आधुनिकीकरण से आय में वृद्धि विषय के मुख्य थीम पर आयोजित तीन दिवसीय एग्रोटेक किसान मेला रविवार को खत्म हो गया। इसमें राज्य के विभिन्न जिलों से आये लगभग 50 हजार किसानों सहित एक लाख से अधिक लोगों ने भाग लिया। समापन समारोह में विधानसभा स्पीकर ने कहा कि झारखंड के कई क्षेत्र ऐसे हैं, जहां सिंचाई की सुविधा के अभाव में खेती नहीं हो पाती है। ऐसे में यहां मेगा लिफ्ट इरिगेशन जैसी परियोजना की जरूरत है। उन्होंने कहा कि किसानों को उत्पाद का उचित मूल्य मिले और बाजार व्यवस्था मजबूत करना भी जरूरी है। शीघ्र खराब होनेवाले कृषि उत्पादों के परिरक्षण की भी समुचित व्यवस्था होनी चाहिए। झारखंड जैसे मेहनती किसान दुनिया में बहुत कम हैं।



उनका रहन-सहन, खानपान भी बहुत साधारण है, फिर भी आर्थिक उन्नति नहीं हो पा रही है। उन्होंने कृषि विवि और शोध संस्थानों से कहा, अन्नदाता की आर्थिक स्थिति कैसे सुधरे, जीवन कैसे खुशहाल हो, इसपर गंभीर चिंतन और प्रयास करने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि बीएयू को देश के अव्वल कृषि विश्वविद्यालयों की श्रेणी में आने का प्रयास करना चाहिए। इस मेले में राज्य भर के किसान, विकास पदाधिकारी, खाद, बीज, उर्वरक, कीटनाशक, कृषि यन्त्र आदि के निमार्ता-विक्रेता, बैंक, वित्तीय संस्थान, स्वयंसेवी संस्थायें और आईसीएआर के शोध संस्थान ने भाग लिया। विश्वविद्यालय की विभिन्न इकाइयों के अलावा प्रतिभागी संस्थाओं ने मेले में कुल 143 स्टाल लगाये थे, जिसमें प्रौद्योगिकी, सेवाओं और उत्पादों को प्रदर्शित किया गया। मेला में विभिन्न प्रकार के कृषि यंत्र, ड्रोन तकनीक, हाइड्रोपोनिक खेती, वानिकी, विभिन्न प्रकार के डेयरी और मत्स्य उत्पाद, पशु उत्पादन, प्रबंधन एवं स्वास्थ्य देखभाल की तकनीक आदि प्रदर्शित किये गये। (शेष पेज 11 पर)

# दिल्ली में जन्मे पाक के पूर्व राष्ट्रपति मुशर्रफ का निधन

## दुबई में ली अंतिम सांस, जहां के तानाशाह थे वहीं मिली थी मौत की सजा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ (79) का निधन हो गया है। पाकिस्तान मीडिया के हवाले से यह खबर सामने आयी। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे और दुबई के अस्पताल में उनका इलाज किया जा रहा था। वहीं उन्होंने अंतिम सांस ली। मुशर्रफ अमाइलॉइडोसिस बीमारी से जूझ रहे थे। जानकारी के अनुसार पूर्व सैन्य शासक जनरल परवेज मुशर्रफ के पार्थिव शरीर को दफनाने के लिए पाकिस्तान ले जाया जायेगा। उनके परिजनों ने उनके पार्थिव शरीर को पाकिस्तान ले जाने के लिए दुबई में पाकिस्तानी वाणिज्य दूतावास में एक आवेदन दिया है। परवेज मुशर्रफ का जन्म 11 अगस्त 1943 को दिल्ली के दरियागंज इलाके में हुआ था।



भारत विभाजन के कुछ दिन पहले ही उनका पूरा परिवार पाकिस्तान चला गया था।

**सामने शांति वार्ता, पीछे आतंकवाद को शह :** लंबी बीमारी के बाद रविवार को दिवंगत हुए जनरल परवेज मुशर्रफ ने पहले पाक सेना के चीफ के तौर पर और बाद में बतौर राष्ट्रपति भारत को लेकर जो नीतियां अख्तियार की उसका असर आज तक भारत-पाक के बीच दिख रहा है। दोनो देशों के रिश्तों में विश्वास कभी घुल नहीं पाया। भारत को लेकर उनकी नीतियां जबरदस्त दोहरेपन का शिकार रही। (शेष पेज 11 पर)

### कारगिल युद्ध की साजिश को दिया था अंजाम

पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी की लाहौर बस यात्रा से जब भारत और पाकिस्तान के रिश्तों में ऐतिहासिक सुधार के अवसर बने थे तब मुशर्रफ ने कारगिल युद्ध की साजिश को अंजाम दिया था। बाद में जब कश्मीर मुद्दे के समाधान को लेकर आगरा में वाजपेयी सरकार के साथ एक संधि की संभावना बनी तो ऐन वक्त पर मुशर्रफ ने पैर पीछे खींच कर यह सुनिश्चित कर दिया कि दोनो देशों के बीच भरोसा पनप ना पाये।

# इरफान अंसारी और साहिबगंज डीसी से आज इडी करेगी पूछताछ

### अवैध खनन और हार्स ट्रेडिंग मामला

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। दो अलग-अलग मामलों में मनी-लांड्रिंग के तहत चल रही जांच के दौरान इडी की पूछताछ में शामिल होने साहिबगंज के उपायुक्त रामनिवास यादव और जामताड़ा से कांग्रेस के विधायक डॉ इरफान अंसारी सोमवार छह फरवरी को रांची स्थित इडी के क्षेत्रीय कार्यालय पहुंचेंगे। संथाल परगना में 1000 करोड़ के अवैध पत्थर खनन मामले में ईडी साहिबगंज के डीसी रामनिवास यादव से दोबारा पूछताछ करेगी। वहीं विधायक कैश कांड हार्स ट्रेडिंग मामले डा. इरफान अंसारी से इडी पूछताछ करेगी। हेमंत सोरेन सरकार गिराने की



साजिश रचने के मामले में अब तक सामने आये तथ्यों के आधार पर इडी जामताड़ा विधायक से जानकारी लेगी।

**तीन विधायकों को भेजा है समन :** इडी ने विधायक इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और नमन विक्सल कोंगाड़ी को दोबारा समन जारी कर 6, 7 और 8 फरवरी को बुलाया है। इन तीनों विधायकों को ईडी के रांची जोनल ऑफिस में उपस्थित होने को कहा गया है। इससे पहले भी तीनों को समन जारी किया था, लेकिन उन्होंने ईडी से दो हफ्ते का समय मांगा था। इरफान अंसारी को 6 फरवरी को रांची के ईडी ऑफिस में पेश होना है। राजेश कच्छप को 7 फरवरी और नमन विक्सल कोंगाड़ी को 8 फरवरी को ईडी कार्यालय में उपस्थित होने के लिए समन जारी किया गया है। पहले इरफान अंसारी को 13 जनवरी, राजेश कच्छप को 16 जनवरी और नमन विक्सल कोंगाड़ी को 17 जनवरी को ईडी ऑफिस में पेश होना था। तीनों ने तब समय मांगा था। ईडी की ओर से अब उन्हें दोबारा समन जारी किया गया है।

**साहिबगंज डीसी से दुबार पूछताछ :** संथाल परगना में 1000 करोड़ के अवैध पत्थर खनन मामले में इडी साहिबगंज के डीसी रामनिवास यादव से छह फरवरी को दोबारा पूछताछ करेगी। (शेष पेज 11 पर)

# एमपीए व सीइए पर जल्द निर्णय नहीं तो आंदोलन

### पारा मेडिकल कर्मियों की मांगें जायज, दिया समर्थन

## आइएमए और झासा ने संयुक्त बैठक में सरकार को चेताया

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आइएमए) और झासा कार्यकारिणी की संयुक्त बैठक में कहा गया कि सरकार मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट (एमपीए) और क्लीनिकल इस्टैब्लिशमेंट एक्ट (सीइए) पर जल्द निर्णय ले, नहीं तो चरणबद्ध आंदोलन करेंगे। रविवार को करमटोली स्थित आइएमए भवन में हुई इस बैठक में दोनों संगठन, सरकार के उदासीन रवैये से क्षुब्ध थे।

संयुक्त बैठक में एमपीए और सीइए शीघ्र लागू करने के साथ-साथ कई अन्य मांगे की गयी। साथ ही जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी द्वारा वहां के सिविल सर्जन पर अभद्र टिप्पणी पर कड़ी आपत्ति की गयी और उनसे माफी मांगने की मांग की गयी। रांची के डॉ सौरभ शर्मा की सड़क हादसे एवं धनबाद आग से मृत डॉ हाजरा दंपती के परिजनों को पर्याप्त मुआवजा देने की सरकार से मांग की गयी। (शेष पेज 11 पर)



### डॉ सौरभ की पत्नी को सरकारी नौकरी दे सरकार

झारखंड आइमएम विमेंस विंग की अध्यक्ष डॉ भारती कश्यप ने बैठक के दौरान धनबाद के डॉक्टर दंपती की मौत और रांची के डॉ सौरभ की मौत का मुद्दा उठाया। उन्होंने धनबाद के डॉक्टर दंपती की मौत पर उचित सरकारी मुआवजा देने की मांग की। साथ ही डॉ सौरभ की पत्नी डॉ खुशबू को भी मुआवजे के साथ सरकारी नौकरी देने की मांग की। पिछले दिनों रांची में सड़क हादसे में उनकी मौत हो गयी। उनकी पत्नी में मेडिका अस्पताल में बतौर एनेस्थेटिस्ट सेवा दे रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार हर बार सार्वजनिक मंच से चिकित्सकों को झूठा भरोसा दिलाती है कि एमपीए और सीइए लागू करेंगे। हरियाण की तर्ज पर लागू करने की बात कहती है, लेकिन किसी तरह की पहल अबतक नहीं हुई।

# बेलगाम रफ्तार ने ले ली चार लोगों की जान

## लातेहार और गिरिडीह में दो-दो लोगों की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** बेलगाम रफ्तार ने रविवार को चार लोगों की जान ले ली। पहली घटना लातेहार के महुआडांड़ थाना के ग्राम हामी पंडरी टोली में हुई। जहां एक मोटरसाइकिल और तेज रफ्तार बस में सीधी टक्कर हो गयी। हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गयी। एक जख्मी हो गया।

एक मृतक की पहचान महुआडांड़ के उरुंबी गांव निवासी आसिफ कुजुर (35) के रूप में हुई। दूसरे मृतक और घायल की पहचान नहीं हो पायी है। दूसरी घटना गिरिडीह-डुमरी पथ पर पीरटांड थाना क्षेत्र में हुई। यहां भी तेज रफ्तार एक कार और वैन में आमने सामने टक्कर हो गयी। वैन सड़क के किनारे गड्ढे में जा गिरी, जिससे दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी। एक का नाम सोहन मोहली (गोमो) और दूसरा वैन चालक शौकत अली(इसरी) है। हादसे में आठ लोग घायल हो गये, जिनमें तीन की स्थिति गंभीर है। महुआडांड़ में दोनों वाहनों के बीच भिड़ंत इतनी जोर की थी कि दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर छानबीन शुरू कर दी है। (शेष पेज 11 पर)

## धनबाद में बम धमाका पांच बच्चे घायल

**धनबाद।** जोगता थाना क्षेत्र स्थित सिजुआ छह नंबर में रविवार की शाम जंगल में बम विस्फोट की चपेट में आकर पांच बच्चे घायल हो गये। इनमें तीन की हालत गंभीर है। सभी को इलाज के लिए धनबाद स्थित जालान अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल पुलिस मामले की तफ्तीश करने में जुटी है। बताया जाता है कि सिजुआ छह नंबर स्थित जंगल में कुछ बच्चे बेर तोड़ने गये हुए थे। इसी दौरान एक बच्चे ने बेर के पेड़ पर पत्थर चलाया, जो नीचे आकर झाड़ियों में छिपा कर रखे गये बम पर गिरा। बम फट गया, जिसकी चपेट में वहां मौजूद शोहराब, समर और शशांक आ गये। बम की आवाज पर वहां पहुंचे स्थानीय लोगों और बच्चों के परिजनों ने तत्तकाल बच्चों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। समर और शशांक की गम्भीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर स्थित मिशन अस्पताल रेफर कर दिया है। वहीं शोहराब के दोनों पांव में चोटे आयी है। वह खतरे से बाहर बताया जा रहा है।

# झारखंड की जनता भाजपा से मुक्ति चाहती है : झामुमो

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झामुमो का कहना है कि झारखंड की जनता भाजपा से मुक्ति चाहती है। गत चुनाव में कोल्हान में तो भाजपा समाप्त हो गयी, संथाल से भी करारा जवाब मिला। अब ऐसा लग रहा है कि पूरा झारखंड ही भाजपा से मुक्त होना चाहती है। यही कारण है कि केंद्रीय गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री अमित शाह लगातार झारखंड दौरा कर रहे हैं। यह कहना है पार्टी के वरिष्ठ नेता सुप्रियो भट्टाचार्य का। वह रविवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। पार्टी



मुख्यालय में प्रेस वार्ता कर सुप्रियो ने कहा कि भाजपा के शीर्ष नेताओं के झारखंड दौरे को लेकर झामुमो ने सवाल उठाया है। झामुमो नेता ने कहा कि जब से विधानसभा चुनाव में जनता ने भाजपा को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाया, तभी से भाजपा नेताओं में एक व्याकुलता है। वे सोच रहे हैं कि कैसे दोबारा झारखंड में प्रवेश करें। उन्होंने अडाणी समूह को ले कर भी केंद्र सरकार पर हमला बोला। इस पर सर्वोच्च न्यायालय संज्ञान लेकर निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि हिंडनबर्ग ने अपने 103 पन्नों की रिपोर्ट में अडाणी समूह की कार्यशैली पर सवाल उठाया। रिपोर्ट में दावा किया गया कि अडाणी समूह दशकों से शेयरों के हेरफेर और अकाउंट की धोखाधड़ी में शामिल है। (शेष पेज 11 पर)

# माघी पूर्णिमा पर बाबाधाम, बासुकीनाथ में उमड़े श्रद्धालु

### संगम में 33 लाख से अधिक लोगों ने किया पवित्र स्नान

खबर मन्त्र संवाददाता

**देवघर।** शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक देवघर के बाबा बैद्यनाथ मंदिर में माघ पूर्णिमा पर पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। यही हाल बासुकीनाथधाम में भी रहा। इस दौरान श्रद्धालुओं ने पवित्र स्नान कर विधि-विधान से बाबा भोलेनाथ की पूजा-अर्चना की। वहीं माघी पूर्णिमा के अवसर पर भक्तों ने पवित्र शिवगंगा में आस्था की डुबकी लगायी। वहीं इलाहाबाद में माघी



पूर्णिमा के मौके पर रविवार को 33 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने संगम तट पर और गंगा के घाटों पर डुबकी लगायी। सुबह चार बजे से ही लोगों की भीड़ संगम क्षेत्र में आती रही और रविवार को शाम तक करीब 33 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने संगम और गंगा में पवित्र स्थान किया। शनिवार रात से ही लोग संगम पर पहुंच गये थे। देवघर और बासुकीनाथ बाबा बैद्यनाथ मंदिर में माघी पूर्णिमा के अवसर पर रविवार को भोलेनाथ की पूजा-अर्चना के लिए भारी भीड़ रही। श्रद्धालुओं ने स्नान कर कतारबद्ध तरीके से भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। साथ ही विधि-विधान से महादेव की पूजा-अर्चना की। इस दौरान पूरा मंदिर परिसर श्रद्धालुओं से खचाखच भरा था। कतार में खड़े श्रद्धालु हर-हर महादेव के जयकारे लगा रहे थे। पूर्णिमा के दिन मंदिर प्रांगण में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मुंडन और उपनयन संस्कार कराया।

**पवित्र स्नान का महात्म:** जानकर बताते हैं मान्यता है कि माघी पूर्णिमा पर देवता भी रूप बदलकर गंगा स्नान के लिए प्रयाग पहुंचते हैं, इसलिए इस तिथि का विशेष महत्व धर्म ग्रंथों में बताया गया है। पुराणों में इस संबंध में बताया गया है कि माघी पूर्णिमा के दिन भगवान विष्णु गंगाजल में निवास करते हैं। माना जाता है कि इस दिन चंद्रमा अपनी सोलह कलाओं से शोभायमान होकर अमृत की वर्षा करता है। इसके अंश वृक्षों, नदियों, जलाशयों और वनस्पतियों में होते हैं। इसलिए इनमें सारे रोगों से मुक्ति दिलाने वाले गुण उत्पन्न हो जाते हैं। (शेष पेज 11 पर)

# अनुकूल चंद्र आश्रम में गुरु से आशीर्वाद ले शाह दिल्ली गये



खबर मन्त्र संवाददाता

**देवघर ।** रविवार को सुबह देवघर के अनुकूल चंद्र आश्रम में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, गुरु का आशीर्वाद और दीक्षा लेने पहुंचे। यहां उन्होंने यहां के गुरु के साथ कई धार्मिक विषयों पर चर्चा की। झारखंड के दो दिवसीय दौरे के अंतिम दिन अमित शाह सत्संग नगर स्थित अनुकूल चंद्र आश्रम पहुंचे। यहां उन्होंने स्वामी अनुकूल चंद्र को श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनका आशीर्वाद लिय। आश्रम के दौरे के बाद केंद्रीय गृहमंत्री देवघर एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए रवाना हो गये। श्री शाह अपनी पत्नी के साथ देवघर स्थित सत्संग नगर के स्वामी अनुकुल चंद्र आश्रम पहुंचे थे। (शेष पेज 11 पर)

## रांची सांसद संजय सेठ ने केंद्रीय बजट के फायदों की दी जानकारी

# हर क्षेत्र और हर वर्ग के विकास के लिए है यह बजट : संजय सेठ

**सीधे लाभुकों के खाते में जा रही 300 योजनाओं की राशि**

**आधा दर्जन से अधिक स्टेशन बनेंगे मॉडल स्टेशन**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा सांसद संजय सेठ ने कहा है कि देश की आजादी के 75 वर्षों के इतिहास में यह पहली बार केंद्र प्रायोजित 300 योजनाओं की राशि सीधे लाभुकों के खाते में जा रही है। श्री सेठ रविवार को अरगोड़ा स्थित अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023-24 का बजट देश के हर वर्ग का बजट है। कोई ऐसा वर्ग या क्षेत्र इस बजट से अछूता नहीं है। यह आजादी के अमृत काल का अमृत बजट है।

उन्होंने कहा कि बजट मुख्य रूप से किसान, ग्रामीण विकास, महिला विकास और सशक्तिकरण, विश्वकर्मा, मध्यमवर्ग, एमएसएमई, स्वास्थ्य, शिक्षा और युवा वर्गों को प्रोत्साहन, स्वरोजगार के लिए समर्पित है। साथ ही, मोटा अनाज की खेती को प्रोत्साहन, इस देश के नागरिकों के स्वास्थ्य के लिये लाभप्रद है। उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष 2022-23 में प्रधानमंत्री आवास निर्माण के लिए 48000 करोड़ रुपए का बजट रखा गया था, जिसे बढ़ाकर 79590 करोड़ किया गया। यह 66 प्रतिशत की वृद्धि देश के गरीबों को आवास उपलब्ध करायेगी। उन्होंने जनजातीय समाज के विकास के लिए कई महत्वाकांक्षी योजनाएं बनाने और उसे अमलीजामा पहनाने को लेकर



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार जताया है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज के उत्थान के लिए 3 लाख 50 हजार आदिवासी बच्चों को बेहतर शिक्षा के लिए 740 एकलव्य मॉडल विद्यालय की स्थापना की जा रही है। साथ ही,

### शिक्षा के क्षेत्र में 1 लाख 12 हजार करोड़ रुपये का बजट

38,800 शिक्षकों और कर्मचारियों की नियुक्ति का रास्ता साफ हुआ है। सहकारिता और विश्वकर्मा के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव तैयार की जाने वाली है। किसी भी क्षेत्र से जुड़े लोगों को 2 लाख तक की ऋण देने की व्यवस्था की गई है। 7 लाख रुपए तक की आय पर अब कोई कर नहीं देना होगा। यह मध्यम वर्गीय परिवार के लिए बड़ी राहत की बात है।

उन्होंने कहा कि एमएसएमई सेक्टर को सहायता देकर स्वरोजगार की दिशा में काम करने वालों को प्रोत्साहित करने की योजना है। बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए 1 लाख 6 हजार करोड रुपए का प्रावधान किया गया है। शिक्षा के क्षेत्र में 1 लाख 12 हजार करोड़ रुपए का बजट किया गया है। कौशल विकास के लिए 30 अंतरराष्ट्रीय सेंटरों की स्थापना की गई है। आने वाले 3 साल में लाखों युवाओं को कौशल विकास में पारंगत किया जायेगा रेल मंत्रालय की सौगातों से खुलेंगे विकास के द्वार, बढ़ेगी रफ्तार। नये बजट में रांची लोकसभा क्षेत्र के हटिया, बालश्रृंग, पिस्का नगड़ी, चांडिल, सिल्ली व टाटीसिल्वे रेलवे स्टेशन को मॉडल स्टेशन बनाए जाने की बात कही गई है। करोड़ों की लागत से इन सभी स्टेशनों को नया रूप दिया जायेगा।

# रांची में तेजस्वी यादव के समारोह को सफल बनाने में जुटे राजद नेता

## बैठक में प्रमंडल स्तर के सभी नेताओं की मौजूदगी अनिवार्य



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बिहार के उपमुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार राजद नेता तेजस्वी यादव 12 फरवरी को रांची आ रहे हैं। तेजस्वी यादव के रांची आगमन को ऐतिहासिक बनाने के लिए प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल ने विशेष योजना बनाई है। तैयारी को लेकर राष्ट्रीय जनता दल के नेता और कार्यकर्ता हर प्रमंडल में पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं के साथ बैठक करेंगे। जिसकी शुरूआत सात फरवरी को पलामू से होगी। प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव भी इस बैठक में उपस्थित रहेंगे।

**राजद के प्रमंडलस्तर की बैठक की ये है तिथि :** झारखंड राष्ट्रीय जनता दल के मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने बताया कि 12 फरवरी के कार्यकर्ता मिलन समारोह को सफल बनाने के लिए प्रमंडलवाइज बैठक सुनिश्चित की गई है।

बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव का झारखंड में 12 फरवरी के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सात फरवरी को पलामू में, आठ फरवरी को कोडरमा में, नौ फरवरी को देवघर में, 10 फरवरी को जमशेदपुर में प्रदेश राजद की बैठक होगी।

मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने के उद्देश्य से सभी प्रमंडल में झारखंड के प्रदेश स्तरीय नेताओं के साथ जिला अध्यक्षों, प्रखंड अध्यक्षों, पंचायत अध्यक्षों और उस प्रमंडल में रहने वाले सभी प्रदेश के नेताओं, कार्यकताओं और पदाधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि प्रमंडल के सभी बैठक में प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव, प्रदेश राजद के प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अभय कुमार सिंह, पूर्व मंत्री सुरेश पासवान, लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी सुभाष यादव, पूर्व मंत्री राधाकृष्ण किशोर, पूर्व सांसद घूरन राम, युवा के अध्यक्ष रंजन कुमार, महिला अध्यक्ष रानी कुमारी, प्रदेश प्रवक्ता अनिता यादव, पूर्व प्रत्याशी विजय राम और युवा के प्रधान महासचिव फिरोज अंसारी मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। ज्ञात हो कि बिहार के उपमुख्यमंत्री और राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव 12 फरवरी को रांची के कार्निवल हॉल में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं के साथ बैठक करेंगे। बैठक में तेजस्वी उन कारणों की पड़ताल करेंगे जिसकी वजह से राष्ट्रीय जनता दल झारखंड में लगातार कमजोर होता गया हैं।

# भाकपा माले केंद्रीय बजट के खिलाफ चलायेगा अभियान

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी का दो दिवसीय शिक्षा शिविर रविवार को जामताड़ा में संपन्न हुआ। अंतिम दिन ज्ञानशंकर मजुमदार ने कहा कि बिना मजबूत संगठन के आगे नहीं बढ़ सकते हैं। इसलिए पार्टी संविधान में हमारे सदस्यों के जो दायित्व और कर्तव्य है, उसे सख्ती से लागू करना होगा। शिविर के समापन के बाद पार्टी राज्य कमेटी की बैठक में हुई। जिसमें केंद्रीय बजट को जनविरोधी करार देते हुए इसके खिलाफ आम लोगों के बीच अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। कहा गया कि संसद मे पेश किये गये केंद्रीय बजट जनविरोधी है। उन्होंने कहा कि नौजवान बढ़ती हुई बेरोजगारी से निराश हो रहे हैं। वंचित समुदायों को राहत देने के बजाय बड़े धनवानों को टैक्सों में भारी छूट देकर उनकी तिजोरियों को ही भरने की घोषणा की है।

इस बजट से सबसे बड़ा फायदा हमारे देश की आबादी के उन्हीं एक प्रतिशत बड़े अमीरों को होने जा रहा है। जिन्होंने पिछले दो वर्षों में पैदा की गई। कुल संपदा का 40.5 प्रतिशत हिस्सा हथिया लिया है। खाद्य सब्सीडी में 90,000 करोड़ रुपये की कटौती कर दी गयी है। उर्वरक सब्सीडी में 50,000 करोड़ रुपये की और पैट्रोलियम सब्सीडी में 6,900 करोड़ रुपये की कटौती कर दी गयी है। उन्होंने कहा कि बजट के खिलाफ अभियान चलाया जायेगा।

## झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह की गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त, सभी सुरक्षित

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कांग्रेस की झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह की गाड़ी रविवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गई। गाड़ी आगे और पीछे दोनों तरफ से क्षतिग्रस्त हुई है। इस दुर्घटना में गाड़ी सवार किसी को चोट नहीं आयी है। यह घटना ओरमांझी- रामगढ़ के बीच हुई है। जानकारी के अनुसार, यह गाड़ी धनबाद से रांची जा रही थी। तेज रफ्तार में सभी गाड़ियां थी। बताया जाता है कि विधायक की गाड़ी के पीछे दूसरी गाड़ी चल रही थी और आगे एक बस जा रही थी। इसी दौरान पीछे से जा रही गाड़ी ने



विधायक की गाड़ी को जोरदार टक्कर मार दी। जिस कारण विधायक की गाड़ी आगे चल रही बस से टकरा गई। इस घटना में विधायक की गाड़ी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। इस घटना में गाड़ी पर सवार किसी भी व्यक्ति को घायल होने की सूचना नहीं है।

# केंद्र सरकार का 2023-24 का बजट बेहद निराशाजनक : आभा सिन्हा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता आभा सिन्हा ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारामण द्वारा संसद में पेश केन्द्र सरकार के बजट को निराशाजनक बताते हुए कहा कि केन्द्र सरकार का बजट किसानों, युवाओं, गरीब एवं महिलाओं की अपेक्षाओं के साथ छलावा है। साथ हीं मनरेगा, खाद्य सुरक्षा में कटौती से गरीबों लोगों पर इसका असर पड़ेगा। वहीं दूसरी ओर कॉरपोरेट घरानों को फायदा पहुंचेगा।



श्रीमती सिन्हा ने कहा कि केन्द्रीय बजट में महंगाई एवं बेरोजगारी जैसी विकराल समस्याओं को दूर करने हेतु कोई तात्कालिक उपाय नहीं किए गए हैं, बल्कि 3 वर्ष से 25 वर्ष तक के विजन के अनुरूप घोषणाएं की गई है। व्यक्तिगत आय करदाताओं को नई टैक्स प्रणाली के तहत 3 लाख रुपये तक की आय को कर रहित घोषित किया गया है। उन्होंने कहा कि चांदी, सोना के महंगा होने से प्रदेश के ज्वैलरी उद्योग पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि घरेलू गैस पर सब्सिडी देने अथवा पेट्रोल, डीजल पर लग रही एक्साईज ड्यूटी में कमी करने वाली कोई घोषणा नहीं की गई जबकि देश में बढ़ती महंगाई के लिए पेट्रोल, डीजल की बढ़ी हुई दरें जिम्मेदार है। इस बजट से हर वर्ग को निराशा हाथ लगी है। यह पूर्ण रूप से पूंजीपतियों को समर्पित बजट हैं।

## मेयर को अपमानित करने के मामले में एसटी आयोग ने लिया संज्ञान

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मेयर डॉ आशा लकड़ा को अपमानित करने के मामले में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने संज्ञान लिया है। आयोग ने मुख्य सचिव को निर्देश दिया है कि हाई पावर कमेटी का गठन कर इस मामले की स्वतंत्र जांच करायें। साथ ही, नगर विकास एवं आवास विभाग की ओर से की गई जांच रिपोर्ट को पुनः सत्यापित करें। नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव को 25-27 मार्च 2021 और 30 सितंबर को हुई रांची नगर निगम बोर्ड की बैठक से संबंधित दस्तावेजों के साथ आयोग की आगामी बैठक में उपस्थित होने का निर्देश दिया है। यह जानकारी मेयर डॉ आशा लकड़ा ने दी है। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने 18 नवंबर 2022 को समन जारी कर नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव व रांची नगर निगम के नगर आयुक्त को उपस्थित होने का निर्देश दिया था। आयोग के इस समन के बाद रांची नगर निगम के वर्तमान नगर आयुक्त शशि रंजन 5 दिसंबर 2022 को अनुसूचित जनजाति आयोग के समक्ष उपस्थित हुए थे। उन्होंने आयोग के चेयरमैन को बताया कि वे हाल ही में रांची नगर निगम के नगर आयुक्त पद पर योगदान दिए हैं। रिपोर्ट में यह पाया गया कि पूर्व में रांची नगर निगम में जो घटनाएं हुई थीं, उस पर तत्कालीन नगर आयुक्त मुकेश कुमार ने कोई कार्रवाई नहीं की। ताकि मेयर डॉ आशा लकड़ा को अपने कार्यों और उत्तरदायित्वों के निर्वहन में किसी प्रकार की बाधा का सामना करना न पड़े। राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने यह भी पाया कि इस मामले को लेकर नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव ने जिस जांच रिपोर्ट को आयोग के समक्ष प्रस्तुत किया था, वह एक पक्षीय है। नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव ने सही तरीके से इस मामले की जांच ही नहीं कराई।

# भाजपा-झामुमो के बीच एसटी वोटरों को लेकर टशन !

**झारखंड में मिशन 2024 को लेकर राजनीतिक दल रेस, एसटी वोटरों पर डोरे डालने के लिये दलों के बीच मारा-मारी**









उदय चौहान

**रांची।** मिशन 2024 को लेकर भाजपा व झामुमो के बीच टशन चल रहा है। झारखंड की 14 लोकसभा सीटों पर अपना-अपना दावा तय करने के लिये आदिवासी वोटरों को रिझाने की कवायद हो रही है। सभी पार्टियां चुनावी पिच पर आदिवासी वोटरों को केंद्र में रख कर चल रही है। एक तरफ भाजपा की ओर से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मैदान संभाल लिया है। कोल्हान और संताल में एक-एक दफा दौरा कर चुके हैं। वहीं, झामुमो की ओर से सीएम हेमंत सोरेन ने मोर्चा संभाल लिया है। दुमका अधिवेशन के बहाने सीएम ने आदिवासी वोटरों की एकजुटता पर बल दिया है। सीएम हेमंत सोरेन 1932 के खतियान और खतियानी यात्रा के जरिये चुनावी किला मजबूत करने में लगे हैं। सत्तारूढ़ कांग्रेस भी अब संताल में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की शुरूआत कर चुनावी इरादे जता रही है। सभी प्रमुख दल आदिवासी अस्मिता को साधने को कोशिशों में जुटे हैं।

अगले वर्ष लोकसभा और विधानसभा इलेक्शन के मुद्दे अलग-अलग नहीं होंगे। महागठबंधन के घटक दल झामुमो, कांग्रेस व राजद तथा राजग के भाजपा व आजसू पार्टी ने अपने-अपने एजेंडे भी आदिवासी हितों के इर्द गिर्द रख रहे हैं। जाहिर तौर पर झामुमो आदिवासी-मूलवासी हितों का पक्षधर बता कर चुनाव मैदान में उतर चुका है। भाजपा भी आदिवासियों के कल्याण के लिए झामुमो की नाकामी को उजागर कर रही है। अमित शाह ने तो हेमंत सोरेन सरकार को देश भर में सबसे करप्ट सरकार का तमगा दे दिया है। भाजपा लगातार 1932 के खतियान आधारित स्थानीयत नीति का सच आदिवासी-मूलवासी समाज के सामने रखने का जतन कर रही है। सूत्रों के अनुसार 1932 के खतियान आधारित स्थानीय नीति में कई पेंच हैं। इसमें बाहरी-भीतरी के अलावा सबसे बड़ा पेंच तो यह है कि झारखंड में अलग-अलग समय में सर्वे हुए हैं।

**धर्मांतरण भी बड़ा मुद्दा :** आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव में धर्मांतरण और लव जिहाद सबसे बड़ा मुद्दा बन रहा है। भाजपा के अमित शाह, डॉ निशिकांत दूबे, दीपक प्रकाश, बाबूलाल मरांडी एवं रघुवर दास ने बांग्लादेश की सीमा से सटे जिलों की डेमोग्राफी में तेजी से बदलाव होने का आरोप लगा रहे हैं। बांग्लादेश से बड़ी संख्या में घुसपैठिये संथाल परगना के साहिबगंज, पाकुड़, दुमका, गोड्डा और जामताड़ा जिलों के कई इलाकों में आकर बस गये हैं। तत्कालीन रघुवर दास सरकार ने राज्य में एनआरसी लागू कराने का प्रस्ताव केंद्र को भेजा था। इसके अलावा भाजपा ने झारखंड सरकार पर मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति का आरोप लगाया है। भाजपा ने गौ तस्करों के साथ सख्ती बरतने की बात कही है। गौ तस्कर झारखंड के पशुओं को बांग्लादेश भेज रहे हैं। पशु तस्करों का बड़ा नेटवर्क झारखंड में काम कर रहा है। वहीं, सत्ताधारी दल भाजपा के इस आरोप को फिजुल की बात कह रहे हैं।

## हक और अधिकार के लिए ओबीसी मोर्चा निकालेगा हिस्सेदारी रथ यात्रा : राजेश गुप्ता



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि ओबीसी को मुख्यधारा में लाने के लिए कई व्यवस्था हैं लेकिन सरकार उसे लागू ना कर ओबीसी समुदाय को हाशिए पर डाल रही है। धुर्वा स्थित वाईवीएन पब्लिक स्कूल में रविवार को आयोजित चिंतन बैठक में उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा राज्य में हिस्सेदारी रथ यात्रा निकालेगा। उन्होंने कहा कि ओबीसी समुदाय को उनके संवैधानिक हक अधिकार नहीं मिल रहे हैं।

बैठक में चिंता जाहिर की गयी कि पंचायत चुनाव में ओबीसी के लगभग 7000 प्रतिनिधियों का अधिकार छिन गया। अब शहरी नगर निकाय चुनाव में भी ओबीसी का प्रतिनिधियों के अधिकार छीना जा रहा है। मौके पर प्रेम नंदन मंडल, अजय मेहता, जीतेश्वर मेहता, डॉ दिलीप सोनी, सज्जाद हुसैन अंसारी, आनंद कुमार, मिथिलेश कुमार, एसएन सिंह कुशवाहा, कार्तिक केसरी, प्रियंका कुमारी, अजय कुमार मेहता, दिनेश डांगी, नीरज साहू, संजय मेहता, सुनील जायसवाल, योगेंद्र प्रसाद यादव, दीपक कुमार, अशोक सोनी हरेंद्र कुमार सिंह दयानंद एसएन रॉय कुंवर प्रजापति सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# इनामी करोड़पति नक्सलियों के शीर्ष नेताओं का पुलिस मुख्यालय ने जारी किया पोस्टर

**एक करोड़ के इनाम वाले कई नक्सलियों का कोल्हान में जमावड़ा, सुरक्षाबलों ने की मजबूत घेराबंदी**

खबर मंत्र संवाददाता

**रांची।** चाईबासा के जंगलों में इन दिनो कुख्यात नक्सलियों का जमावड़ा लगा हुआ है। इनमे से कई नक्सलियों पर सरकार ने एक करोड़ रुपए का ईनाम रखा है। इन नक्सलियो के खिलाफ इलाके में पोस्टर जारी किया है। पुलिस मुख्यालय के मुताबिक, एक करोड़ ईनामी नक्सलियों में पोलित ब्यूरो नंबर मिसिर बेसरा, असीम मंडल, पतिराम मांझी उर्फ अनल के साथ-साथ प्रयाग मांझी शामिल है।

**नक्सलियों का सारंडा में कैंप करने की सूचना :** स्पेशल ब्रांच की सूचना के मुताबिक, माओवादियों के सेकेंड इन कमान प्रशांत बोस व शीला मरांडी की गिरफ्तारी के बाद भाकपा माओवादियों के पोलित ब्यूरो के




सदस्य मिसिर बेसरा और प्रयाग मांझी अपने दस्ते के साथ सारंडा इलाके में कैंप कर रहा है। नक्सली इन इलाकों में संगठन को मजबूत करने की कवायद में लगे हुए हैं। पतिराम के संगठन में काम कर रहे महाराज प्रमाणिक, सुरेश मुंडा के सरेंडर करने के एक करोड़ के ईनामी पतिराम मांझी का मारक दस्ता कमजोर हुआ है। पतिराम मांझी सरायकेला, खरसांवा, रांची और खूंटी ट्राइजंक्शन पर है। वहीं असीम मंडल के दस्ते के चौका चांडिल के इलाके में कैंप की सूचना है।

**इनामी माओवादी कोल्हान के लिए है बाहरी :** कोल्हान प्रमंडल में कैंप कर रहे सभी एक करोड़ के ईनामी माओवाादी कोल्हान इलाके के लिए बाहरी है। पोलित बयूरो मिसिर बेसरा उर्फ भास्कर गिरिडीह पीरटांड के मदनडीह का रहनेवाला है। वहीं, असीम मंडल उर्फ आकाश उर्फ तिमिर पश्चिम बंगाल के मिदनापुर के उत्तर फूलचक का है। पतिराम मांझी उर्फ अनल दा गिरिडीह पीरटांड के झरलाबाले का है। प्रयाग मांझी धनबाद के टुंडी के दलबूढ़ा गांव का रहनेवाला है।

## कोल्हान जीत में पुलिस का बन रहा है सहारा, डीएसपी, एसपी रैंक के श्वान दस्ता दे रहे हैं सहयोग

# बेजुबान बन रहे हैं पुलिसकर्मियों के भगवान !

कुबेर सिंह

**रांची।** एक महीने से कोल्हान में चल रही पुलिसकर्मियों व नक्सलियों के बीच निर्णायक लड़ाई जारी है। इस लड़ाई में बेजुबान पुलिसकर्मियों के लिए भगवान बन गए हैं। ये बेजुबान और कोई नहीं, झारखंड पुलिस में तैनात डीएसपी, एसपी रैंक का श्वान दस्ता है।

नक्सलियों के खिलाफ चल रहे इस अभियान में सुरक्षाबलों को श्वान दस्ते और बम निरोधक दस्ते की टीम का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है। जंगलों में नक्सलियों के द्वारा छिपा कर रखे गए लैंडमाइंस और दूसरे तरह के विस्फोटक खोजने में श्वान दस्ता बेहतरीन परफॉरमेंस दे रहे हैं। बीडीएस की टीम उन्हें नष्ट करने के लिए लगातार श्वान दस्ते के साथ अभियान चला रही है। बम निरोधक दस्ता और श्वान दस्ते के बेहतरीन काम करने की वजह से ही समय रहते नक्सलियों के द्वारा लगाए गए आईईडी बमों की जानकारी पुलिस को मिल पा रही है। दूसरी ओर नक्सलियों के साथ चल रही इस लड़ाई में अचानक हुए धमाकों में कई बार जवान जख्मी भी हुए हैं, ऐसे में कोल्हान में तैनात हेलीकॉप्टर जख्मी जवानों का रेस्क्यू कर अस्पताल में भर्ती करवाया जा रहा है। इन संसाधनों की वजह से मुठभेड़ में जख्मी जवानों को सुरक्षित करने में भी मदद मिल रही है।



**12 जवानों का किया गया रेस्क्यू :** जंगलों में माओवादियों के द्वारा अबतक सात बार आईईडी ब्लास्ट किया गया है। झारखंड पुलिस के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि एक महीने में सात से अधिक बार हेलीकॉप्टर के जरिए जवानों को एयरलिफ्ट कर बेहतर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया तब से हेलीकॉप्टर को अलर्ट मोड में ही रखा गया है। यही वजह है कि पूरे अभियान के दौरान जवानों को समय से अस्पताल पहुंचाने में आसानी हुई।

**कोल्हान है टारगेट :** बूढ़ा पहाड़ पर फतह हासिल करने के बाद झारखंड के कोल्हान के जंगलों में घमासान मचा हुआ है। झारखंड पलिस और क्रेंद्रीय बल एक साथ मिलकर अब कोल्हान को नव सलियों से मुक्त करवाने की रणनीति पर काम कर रहे हैं।

**नक्सलियों के खिलाफ बनाए गए नए कैंप, घबराए नक्सली :** चाईबासा में सुरक्षाबलों के द्वारा माओवादियों के प्रभाव वाले इलाके हाथीबुरू और लुईया में कैंप स्थापित किए जा रहे हैं। इन गांवों में पहले माओवादियों का ठिकाना हुआ करता था। ऐसे में कैंप स्थापित किए जाने के माओवादी खेमे में हड़कंप मचा हुआ है।

> कोल्हान में पुलिस मुख्यालय से अभियान की मॉनिटरिंग की जा रही है। इस अभियान में नक्सली अपने आप को बचाने के लिए लगातार आईईडी बमों का प्रयोग कर रहे हैं। हर दूसरे दिन जंगलों में कई धमाके हो रहे हैं, ताकि किसी भी तरह सुरक्षाबल पीछे लौटने को मजबूर हो जाए। जवानों का मनोबल जरा भी कम नहीं है।
>
> **अमोल वेणुकांत होमकर**
> **आईजी ऑपरेशन सह पुलिस प्रवक्ता**
> **झारखंड पुलिस**

# सुमंत मूलगांवकर स्टेडियम में दिव्यांग बच्चों ने दिखायी खेल प्रतिभा

टाटा मोटर्स के प्लांट हेड रवींद्र कुलकर्णी ने आयोजन को सराहा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** करोना महामारी के देशव्यापी बंदी के 2 वर्षों के उपरांत शहर के दिव्यांग और विशेष बच्चों के 9 विद्यालयों के खिलाड़ी छात्र-छात्राओं में पूरे उत्साह और उमंग के बीच अभया बनर्जी फाउंडेशन के द्वारा आयोजित आठवीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के दौरान रविवार को पूर्वाहन- 9:00 बजे टेल्को स्थित सुमंत मूलगांवकर स्टेडियम में रंगारंग उद्घाटन समारोह मैं भाग लिया । मौके पर प्लांट हेड टाटा मोटर्स जमशेदपुर - रविंद्र कुलकर्णी ने बतौर मुख्य अतिथि सुमंत मूलगाओकर स्टेडियम पहुंचकर विधिवत झंडोत्तोलन कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। उन्होंने अपने संबोधन में अभया बनर्जी फाउंडेशन द्वारा दिव्यांग एवं विशेष वर्ग के खिलाड़ी बच्चों के लिए किए जा रहे उत्कृष्ट कार्य की सराहना करते हुए प्रतिभागी बच्चों और प्रतिभागी विद्यालय को अपनी शुभकामनाएं दीं। प्रतियोगिता के दौरान ट्रैक और फील्ड के कुल 29 खेलकूद स्पर्धा आयोजित की गई। जिसमें ट्रैक इवेंट में 50 मीटर के चार, 100 मीटर के नौ स्पर्धा, मैदानी स्पर्धाओं में शट पुट थ्रो के 06, स्टैंडिंग जंप के 02, सफ्ट बल थ्रो के 03, लन्ग जंप के 03 स्पर्धा आयोजित किए गए। इसके अतिरिक्त विशेष बच्चों हेतु पासिंग द पार्सल और म्यूजिकल रेस का आयोजन किया गया। मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में अंतर्राष्ट्रीय साइकिलिस्ट अवतार सिंह, अंतरराष्ट्रीय एथलीट एस के तोमर, अंतर्राष्ट्रीय पोल वोल्कर सतपाल, टाटा मोटर्स के वर्तमान खेल पदाधिकारी - विवेक प्रसाद, अंतरराष्ट्रीय फुटबलर जी बी सिंह ने भी प्रतियोगिता के दौरान विजई प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।


प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में मार्च पास्ट करते बच्चे।


एक दिव्यांग के साथ टाटा मोटर्स के प्लांट हेड रवींद्र कुलकर्णी।

इस प्रतियोगिता मैं शहर में स्थित दिव्यांग एवं विशेष बच्चों के लिए स्थापित नौ विद्यालयों जिनमें मुख्य रूप से -आशा किरण टेल्को, स्कूल आफ होप, जीविका, पाथ, ज्ञानोदय नोबेल अकैडमी, नेशनल एसोसिएशन अफ ब्लाइंड, दिव्य ज्योति नेत्रहीन संस्थान, सिद्धेश्वर मूक बधिर विद्यालय, पी ए एम जे विद्यालयों के कुल डेढ़ सौ खिलाड़ी बच्चों ने और 22 तकनीकी अधिकारियों ने भाग लिया ।

खेलकूद प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में मुख्य रूप से अभया बनर्जी फाउंडेशन के पदाधिकारियों जिसमें मुख्य रुप से अध्यक्ष डक्टर जोहर बनर्जी, बरनाली दास, मनीष जैन वंदना जैन अनीशा मिश्रा उत्तम मिश्रा अनीता पाल, संगीता लाहिड़ी, मुरली मनोहर , कुणाल कार, मदन बिहारी, रश्मि श्रीवास्तव, प्रेमा गोगना एवं खेल संयोजक सह तकनीकी अधिकारी श्याम कुमार शर्मा, सुबोल चटर्जी, श्रवण कुमार, पिंटू कुमार, अरुण कुमार सिंह, विजय कुमार, राजेश कुमार, अविनाश कुमार सिंह जय प्रकाश शर्मा, मुकेश कुमार , एम अरशद, एन सी देव, एम एल चटर्जी, नारायण कुंकल, डब्ल्यू रहमान, मिस बिंदु , संदीप महंती, नितिन कुमार और कमलेश कुमार ठाकुर ने मुख्य भूमिका निभाई।

## स्पीड न्यूज

### मित्र हेल्दी ह्यूमैनिटी के शिविर में 137 यूनिट रक्त संग्रह




**जमशेदपुर।** सामाजिक संस्था मित्र हेल्दी ह्यूमैनिटी के द्वारा उत्तरी कीताडीह पंचायत भवन में रविवार को 13वा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर अतिथि के रूप में भाजपा नेता राजकुमार सिंह, जिला परिषद उपाध्यक्ष पंकज, समाजसेवी अनिल श्रीवास्तव मुख्य रूप से मौजूद थे। शिविर में कुल 137 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। कार्यक्रम के संबंध में संस्था की सचिव स्मिता कुमारी ने बताया कि रक्तदान शिविर का आयोजन संस्था के द्वारा प्रत्येक वर्ष फरवरी माह में ग्रामीण क्षेत्र में आयोजित किया जाता है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संदीप शर्मा, राकेश प्रसाद, देवेंद्र सिंह, त्रिदिव चटराज, स्वास्तिक पाठक अभिषेक पांडे, गौरी शंकर सिंह, आदर्श वर्मा, संतोष श्रीवास्तव, मंगल कर्मकार, मनोज विश्वकर्मा आकाश श्रीवास्तव, उपेंद्र राव, सुनील करुवा सहित कई लोग मौजूद थे।

### विश्वकर्मा समाज में तनाव प्रबंधन पर कार्यशाला संपन्न



**जमशेदपुर।** 5 फरवरी 2023 को जमशेदपुर विश्वकर्मा समाज सांसतिक भवन प्रांगण में एक दिवसीय तनाव प्रबंधन पर एक कार्यशाला आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम मन के तार को झंकार, एक कदम मानसिक स्वास्थ्य की ओर, नामित इस कार्यक्रम को जमशेदपुर विश्वकर्मा समाज के अनुशंगी इकाई महिला जमशेदपुर विश्वकर्मा समाज के तत्वावधान में हुआ। इस कार्यशाला के सफलतम आयोजन में समाज के पदाधिकारी श्री प्रदीप शर्मा, श्री जितेन्द्र शर्मा ,महेश शर्मा, श्री राजकुमार शर्मा, श्री अशोक शर्मा ,युवाध्यक्ष श्री संजीव शर्मा के अलावे सारी महिला कमिटी में मिना शर्मा ,विनिता शर्मा, चंदा शर्मी ,त्रीतु विश्वकर्मा , सचिव नितु शर्मा, पप्पी शर्मा ने अपने बहुमूल्य सहयोग दिये। धन्यवाद ज्ञापन महिला संगठन मंत्री श्रीमती चंदा शर्मा ने दिया।

### नेताजी सुभाष की स्मृति में प्रतियोगिता संपन्न




**जमशेदपुर।** आज नेताजी सुभाष चंद्र बोस 125वीं जयंती समारोह समिति की ओर से मानगो गुरु नानक स्कूल में जमशेदपुर स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जमशेदपुर के विभिन्न स्कूल से लगभग 300 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। संगठन के सदस्य शुभम कुमार झा ने कहा कि देश और समाज के बेहतरी के लिए व्यक्ति का संघर्ष महत्वपूर्ण है,डिग्री नहीं। कार्यक्रम में सोनीसेन गुप्ता, सविता सोरेन,झरना महतो, मुस्कान, निधि, शिल्पा, अमित, नीरज बिभा,सत्या सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### भूमिहार ब्राम्हण एकता मंच के अध्यक्ष पहुंचे, स्वागत



**गम्हरिया।** आदित्यपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेने के क्रम में गम्हरिया पहुंचे भूमिहार ब्राह्मण एकता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष आशुतोष कुमार का समाज के सदस्यों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान समाज के कई गणमान्य लोगों ने ब्रम्हर्षि युवा मंच के मनोरंजन सिंह के नेतृत्व में उनको माला पहना कर स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने सामाजिक एकता को मजबूत करने की बात कही। उन्होंने कहा कि राज्य में उद्योगों की स्थापना में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री श्रीबाबु का बड़ा योगदान रहा है। इस मौके पर पंकज सिंह, मुकेश सिंह, अविनाश कुमार, रंजीत शांडिल्य, उत्तम कुमार, मनीष सिंह, अमरेश् ईश्वर, प्रिंस कुमार, गौरव राय, अमित कुमार, आशुतोष कुमार, रोशन सिंह, मनीष कुमार, अजीत सिंह, जीतेन्द्र राय व अन्य मौजूद थें।

## गुरु रविदास के सिखाएं मार्ग पर चलें : काले



**जमशेदपुर।** महान संत रविदास जयंती पर झारखंड रविदास समाज बागुनहातू स्थानीय समिति, झारखंड रविदास समाज केन्द्रीय समिति बिरसानगर संडे मार्केट एवं संत रविदास समाज समिति बिरसानगर जोन 8 के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रमों में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले शामिल होकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस मौके पर आयोजन समिति द्वारा श्रद्धालुओं के बीच भोग प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर श्री काले ने कहा कि संत रविदास ने अपने जीवन में जातिवाद से ऊपर उठकर कार्य किए हैं। वह एक धार्मिक प्रवृत्ति के परोपकारी और दयालु व्यक्ति थे। सामाजिक एकता, करुणा और न्याय के आदर्श हमें वांचितो की मदद करने के लिए हमेशा प्रेरित करते रहेंगे।

## भाजपा ने रविदास जयंती पर जूता पॉलिस करने वालों का किया सम्मान

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 646 वां जयंती पर आज भारतीय जनता पार्टी, व्यावसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नीरज सिंह के द्वारा आज साकची, बिस्तुपुर और मानगो में रविदास समाज के लोगों के बीच जाकर उन्हें पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र और मिठाई देकर उन्हें सम्मानित किया। इस मौके पर सम्मान पा कर उनके चेहरे पर मुस्कान खिल उठी। मौके पर नीरज सिंह ने कहा की आज रविदास जी की जयंती पर उनकी वाणी को स्मरण करते हुए समाज के अंतिम लोगों तक पहुंच कर उनके काम और समाज के प्रति उनके भागीदारी को सलाम करता हूं। रविदास जी हमेशा से कर्म प्रधानता के हिमायती रहे हैं और जात पात की दूरी को खत्म करना ही उनके जीवन का उद्देश्य रहा। नीरज सिंह ने इनके साथ बैठ कर इनकी समस्याओं को भी सुना और इनके लिए सरकार से अच्छी दुकान बनवाने के लिए अस्वस्थ किया। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी, साकची पश्चिमी के मंडल अध्यक्ष बागरंगी पांडे, मानगो मंडल अध्यक्ष विनोद राय, उलीडीह मंडल अध्यक्ष अमरेंद्र पासवान, भाजयुमो मानगो मंडल अध्यक्ष सुशील पांडे, महामंत्री दीपक तिवारी, राजेश लोधी समेत भाजपा के कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।


साकची बाजार में एक पॉलिस करने वाले की समस्या सुनते भाजपा नेता नीरज सिंह।

## जुगसलाई आरओबी के चालू होने के पश्चात चैम्बर ने वस्तुस्थिति को समझा

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** सिंहभूम चेंबर ऑफ कमर्स इंडस्ट्री का प्रतिनिधिमंडल आज चेंबर अध्यक्ष विजय आनंद मूनका के नेतृत्व में जुगसलाई आरओबी का निरीक्षण किया। चैम्बर अध्यक्ष विजय आनंद मूनका ने कहा कि आज का यह दौरा जुगसलाई के निवासी एवं व्यापारियों को हो रही समस्याओं को ले कर था। उन्होंने जुगसलाई रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण पूरे होने पर खुशी जाहिर की, साथ ही उन्होंने कहा कि यह आम जनमानस के साथ-साथ सिंहभूम चौम्बर के लिये भी अत्यंत हर्ष और गौरवान्वित करने की बात है, परंतु अब भी बहुत से कार्य होने बाकी हैं- जैसे स्पीड ब्रेकर्स का निर्माण, रेलवे फाटक के समीप से लोहे के रौड को हटाना जिससे लोगो के वाहनों को नुकसान हो रही है, रोड की मरम्मतीकरण का कार्य, पार्किंग की व्यवस्था, लोगों के लिए फुट ओवर ब्रिज या अंडरपास अंडरब्रिज का निर्माण करना, आरओबी में स्ट्रीट लाइट का व्यवस्था साथ ही सौन्दर्यकरण अति आवश्यक है।

उन्होंने कहा की ओवर ब्रिज तकरीबन 1.2 किलो मीटर लंबा है एवं घुमावदार भी है, इतने बड़े ओवर ब्रिज में स्ट्रीट लाइट का प्रावधान नहीं किया गया है, बिना स्ट्रीट लाइट रात में ब्रिज पर चलना खतरनाक है। ओवर ब्रिज शुरू होते ही रेलवे फाटक को बंद कर दिया गया है इससे पैदल जानें वालों को लगभग सवा किलो मीटर का एक्स्ट्रा सफर तय करना पड़ रहा है,इनकी सुविधा के लिए फुट ओवरब्रिज की मांग की। आज के दौरे में सिंहभूम चौम्बर अफ कमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष विजय आनंद मूनका, मानद महासचिव मानव केडिया, कोषाध्यक्ष किशोर गोलछा, सत्यनारायण अग्रवाल मुन्ना, लिप्पु शर्मा, राजेश जैशुका, पवन शर्मा, मनोज गोयल, अनन्त मोहनका, राजीव अग्रवाल आदि शामिल थे।

## जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष का चुनाव कल

▸▸ अध्यक्ष पद के प्रत्याशी मुकेश,पवन और अशोक ने झोंकी ताकत

▸▸ मतदान सभागार में मोबाईल फोन प्रयोग पर रोक

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष पद (2022-24) हेतु आगामी सात फरवरी मंगलवार को होने वाले बिष्टुपुर स्थित सिंहभूम चेम्बर भवन में प्रथम तल्ले पर सुबह 1030 से शाम 0430 बजे तक मतदान होगा। सभी मतदाताओं को मतदान के समय मारवाड़ी सम्मेलन या फिर सरकार द्वारा निर्गत अपना सचित्र परिचय पत्र मूलप्रति साथ में रखना अनिवार्य हैं। मतदाताओं द्वारा मतदान सभागार में मोबाईल फोन के प्रयोग पर पुरी तरह रोक रहेगी। मत पत्र का फोटो लेना सख्त मना हैं। फोटों लेते पाये जाने पर उनका मत पत्र रदद कर दिया जायेगा। यह जानकारी रविवार को मुख्य चुनाव पदाधिकारी विजय खेमका ने प्रेस विज्ञाप्ति जारी कर दी। उन्होंने बताया कि मतदाताओं को वोट देने हेतु मतदान सभागार में उक ही बार मतदान करने हेतु व्रवेश करने दिया जायेगा।

मालूम हो कि तीन प्रत्याशी क्रमशः मुकेश मित्तल, अशोक चौधरी और पवन अग्रवाल चुनावी मैदान में हैं। 3 फरवरी शुक्रवार को चुनाव समिति के साथ तीनों प्रत्याशियों की एक संयुक्त बैठक संपन्न हुई थी। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया था कि मतदान हेतु सचित्र परिचय पत्र मूल प्रति ही मान्य होगा। तीनों प्रत्याशियों ने चुनाव प्रचार के लिए पूरी ताकत झोंक दी है और चुनाव काफी रोचक होना तय है।

## पूर्व सैनिकों का सम्मान और रोजगार, संगठन की प्राथमिकता : विनय



**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद,जमशेडपुर का मुख्य उद्देश्य पूर्व सैनिकों का सम्मान और उनका नियोजन है जिससे उनकी जीवन शैली समाज के साथ गतिमान हो सके। हम सबको मिलकर एक सशक्त सैनिक संगठन बनाना है जिससे सैन्य हितों की रक्षा के साथ साथ उनको स्तरीय रोजगार मिल सके। आज यह बात एग्रिको में आयोजित सैन्य सम्मेलन के दौरान अध्यक्ष विनय कुमार यादव ने अपने संबोधन में कहा। आज के कार्यक्रम में 45 पूर्व सैनिक उपस्थित रहे जिनमें प्रमुख रूप से वेद प्रकाश सत्येंद्र सिंह गुरमीत सिंह दयानंद विश्वजीत सत्यप्रकाश संजीव कुमार सिंह गोपाल कुमार निर्दोष बिपुल कुमार राजेन्द्र शर्मा पवन कुमार कमल कुमार बी बी सिंह सावना टुडू सुबोध कुनार रकेश पांडे निखिल सिन्हा के एन सिंह दीपक शर्मा वरुण कुमारविनय यादव,ष्ण मोहन सिंह,जितेन्द्र सिंह,सुखविंदर सिंह, बिरजू कुमार, उमेश सिंह,राकेश पांडेय, सत्यप्रकाश, पंकज शर्मा, अमरेन्द्र शर्मा, सत्येन्द्र सिंह, जसबीर सिंह, विजय कुमार,अमर नाथ ढोके, विश्वजीत सिंह प्रमुख थे।

## जैट का कट ऑफ मार्क्स जारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जेवियर स्कूल अफ मैनेजमेंट ने जैट ( जेवियर एप्टीट्यूड टेस्ट) 2023 के लिए कट अफ मार्क्स की घोषणा कर दी है। संस्थान के अधित वेबसाइट पर ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट व बिजनेस मैनेजमेंट के पोस्ट ग्रेजुएशन लेवल के उक्त दोनों कोर्स की जानकारी साझा की है। एक्सएलआरआइ प्रबंधन के अनुसार इस बार जैट 2023 में ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट में इंजीनियरिंग बैकग्राउंड के पुरुष उममीदवारों के लिए कटअफ 93 पर्सेंटाइल तय किया गया है, वहीं इंजीनियरिंग बैकग्राउंड की महिला उम्मीदवारों के लिए यह 91 पर्सेंटाइल तय किया गया है। साथ ही ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट में ही नन इंजीनियरिंग बैकग्राउंड पुरुष उम्मीदवारों के लिए कटअफ मार्क्स 90 पर्सेंटाइल जबकि नन इंजीनियरिंग बैकग्राउंड की महिला उम्मीदवारों के लिए 88 पर्सेंटाइल अंक तय किये गये हैं। इधर, बिजनेस मैनेजमेंट प्रोग्राम के लिए, इंजीनियरिंग बैकग्राउंड के पुरुष इंजीनियरिंग उम्मीदवारों के लिए समग्र कट अफ 95 प्रतिशत है जबकि महिला इंजीनियरिंग उम्मीदवारों के लिए यह 92 प्रतिशत है। नन इंजीनियरिंग पृष्ठभूमि के पुरुष आवेदकों को बिजनेस मैनेजमेंट प्रोग्राम के लिए 95 पर्सेंटाइल जबकि नन इंजीनियरिंग पृष्ठभूमि की महिलाओं के पास 92 पर्सेंटाइल तय किया गया है।

**कट अफ 2023 (पर्सेंटाइल)**
**बीएम-**
वीए-डीएम-क्यूए-कुल
जनरल इंजीनियर पुरुष- 75-75-85-95
महिलाएं 75-75-80-92
सामान्य गैर-इंजीनियर पुरुष 75-75-85-95
महिलाएं 75-75-80-92
**ह्यूमन रिसोर्स मनेजमेंट**
वीए-डीएम-क्यूए-कुल
जनरल इंजीनियर पुरुष-90-75-75-93
महिलाएं- 90-75-65-91
सामान्य गैर-इंजीनियर पुरुष- 90-75-70-90
महिलाएं- 90-75-60-88

## मिलानी के 110 वां स्थापना दिवस में अदिति चक्रवर्ती ने दी प्र स्तुति

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** बंग समाज के सांस्कृतिक संगठन मिलानी ने गत शनिवार को बिष्टुपुर स्थित अपने परिसर में 110 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर मिलानी के अध्यक्ष शेखर डे ने कहा कि 110 साल पूर्व कुछ नामचीन लोगों ने एक छोटे से क्वार्टर में ड्रामाटिक क्लब की शुरुआत की थी। बाद में यही ड्रामाटिक क्लब को मिलानी का नाम दिया गया। आज मिलानी 110 साल का होगा। शहर में बसे बंगभाषियों का लिए आज यह गौरव का क्षण है। उन्होंने कहा कि आनेवाले समय मिलानी को और ऊंचाई तक ले जाना है। नाट्य संस्था के रूप में शहर में मिलानी क्लब ने अलग पहचान बनायी है इसे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाना मिलानी टीम का प्रयास होगा। मिलानी के 110 वां स्थापना दिवस समारोह दो चरणों में हुआ। पहले चरण में संस्थापकों सदस्यों को श्रद्धांजलि दी गयी तो वहीं मिलानी के निवेदिता टीम, सुर संगम ग्रुप ने मिल कर केक कटिंग किया। दूसरे चरण में कोलकाता की मशहूर गायिका अदिति चक्रवर्ती ने अपनी प्रस्तुति दी। स्वागत भाषण महासचिव राजू दत्ता ने दिया। विमल चक्रवर्ती ने मिलानी के 110 साल के सफर को अपने शब्दों में बयां किया।

एकटा गान लिखो आमार जन्यो.ग़ीते हुए गायिका अदिति चक्रवर्ती मंच पर आयी। इस गीत के बाद उन्होंने अपने गुरु जटिलेश्वर मुख्योपाध्याय रचित ...तोमार संगे देखा ना होले.क़ी प्रस्तुति दी। आगे उन्होंने स्व.लता मंगेशकर के गाये गीत एक राधा एक मीरा,बांसी केनो गाय, मानवेंद्र मुख्योपाध्याय के गाये गीत ओई मौसमी मन.. जैसे गीतों से श्रोताओं को बांधे रखा।

## एक नजर में

### केंद्रीय मुखी समाज का वार्षिक पिकनिक संपन्न



**जमशेदपुर।** केंद्रीय मुखी समाज मूलनिवासी का रविवार को वार्षिक पिकनिक सह मिलन समारोह का आयोजन नारवा में आयोजित की गई। इस मौके पर कोल्हान के तीनों जिलों के पदाधिकारी सह मुखी समाज के लोग शामिल हुए। वार्षिक पिकनिक के पूर्व एक सभा का आयोजन किया गया जिसकों संबोधित करते हुए केंद्रीय अध्यक्ष हरि मुखी ने कहा कि वार्षिक पिकनिक के माध्यम से समाज के लोगों का जुटान होता जिससे समाज के लोगों की एकता को बल मिलता है। महामंत्री रामाकांत करुवा ने समाज के लोगों को शिक्षा को बढ़ावा देने व अपने बच्चों को शिक्षित करने की अपील की। सभा को समाज के अन्य गणमान्य लोगों ने भी संबोधित किया। सभा के उपरांत खेलकूद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें विशेष कर महिलाएं शामिल हुए।

### नारायण आइटीआई में गुरु रविदास जयंती मनायी गई



**जमशेदपुर/चांडिल।** नारायण प्राइवेट आईटीआई लुपुंगडीह चांडिल में गुरु रविदास जी की जयंती मनाई गई जिसमे कलेज संस्थान के संस्थापक डा. जटा शंकर पांडेय ने कहा कि गुरु रविदास महान कवि,महान संत तथा महान दार्शनिक थे और उन्हें संत शिरोमणि भी कहा जाता है। उन्होंने जात-पात के अन्त विरोध में कार्य किया। इन्हें सतगुरु अथवा जगतगुरु की उपाधि दी जाती है। इन्होने रविदासिया पंथ की स्थापना की और इनके रचे गये कुछ भजन सिख लोगों के पवित्र ग्रंथ गुरुग्रंथ साहिब में भी शामिल हैं। इस अवसर पर कलेज के शिक्षक तथा शिक्षकेत्तर कर्मचारी में जयंत बनर्जी, पवन कुमार महतो, गौरव कुमार, तहसीन फात्मा, शिशुमति दास आदि सामिल रहे।

### टयूब बारीडीह में संत शिरोमणि रविदास जयंती मनायी गई



**जमशेदपुर।** आज ट्यूब बारीडीह डीएस दुर्गा पूजा मैदान में दुर्गा पूजा कमेटी द्वारा संत शिरोमणि गुरु रविदास जी का जन्म जयंती मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता संजीव सिंह, सूर्य मंदिर कमेटी के महासचिव अखिलेश चौधरी,भाजयुमो बारीडीह मंडल अध्यक्ष कंचन दत्ता ,पूजा कमेटी के अध्यक्ष संजीव (झामु), पिंटू सिंह, मंटू सिंह,रविदास समाज के रंजीत रविदास, कमल रविदास, मनोरंजन रविदास एवं सभी पदाधिकारियों ने उपस्थित होकर संत शिरोमणि गुरु रविदास जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

### देवघर गांव में बिंदु चंदन की धूमधाम से हुई पूजा



**जमशेदपुर।** आज रविवार को जमशेदपुर के देवघर गांव मे आदिवासी संथाल समाज के द्वारा विद्या के भगवान माने जाने वाले बिदु चंदन का देवघर गांव में धूमधाम से पूजा किया गया । इस अवसर पर संताली ओल चिकी क्लास के छात्र एवं छात्राएं परिजन गांव वाले और मेहमानों ने शिरकत की जिसमें बिदु चंदन की पूजा आचरण करके छात्र-छात्राओं ने यह मांग की कि हम अच्छे से पढ़े और आने वाले दिनों में पढ़कर कुछ बने। आदिवासी संथाल समाज के बिदु चंदन को पूजा करती है इस पूजा आचरण कार्यक्रम में उपस्थित रहे देवघर माझी बाबा सिमल मुर्मू, ठाकरा मुर्मू, छोटू सोरेन, साईं सोरेन व अन्य।

### कुड़मी न्याय पदयात्रा की शुरुआत, आज से कोल्हान में भ्रमण



**जमशेदपुर।** कुड़मी को पुनः अनुसूचित जनजाति में शामिल करने की मांग पर आज कुड़मी सेना के प्रदेश अध्यक्ष विशाल चंद्र महतो के नेतृत्व में 'कुड़मी न्याय पदयात्रा' की शुरुआत की गई। कुड़मी वीरों को अधिवक्ता डा.रतन महतो ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साकची आमबगान से निकालकर सभी कार्यकर्ता साकची बड़ा गोलचक्कर होते हुए जुबिली पार्क में प्रथम दिन की पदयात्रा का समापन कर सभा किया गया। डा रतन महतो ने कहा कि वर्ष 2017 में उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी जिसमे कुड़मी जाति को एसटी में शामिल करने की मांग की गई जिसका जल्द ही सुप्रीम कोर्ट अपना फैसला सुनाएगी। कल से सभी कुड़मी वीर कोल्हान की पदयात्रा पर निकलेंगे। मौके पर विशाल महतो ने कहा कि उपरोक्त मांग पर कुड़मी समाज पिछले 72 वर्षों से संघर्षरत है। मौके पर शैलेन्द्र महतो, देवदीप महतो, प्रोबिर महतो, मनोज महतो, बिकाश महतो, अखिलेश महतो, बिष्णु महतो, जयप्रकाश महतो, शजाय महतो, हितेश महतो, प्रशांत महतो, जितेंद्र महतो, मनीष महतो, प्रदीप महतो सहित कई युवा मौजूद थे।

### पासी समाज का दसवां वनभोज सह मिलन समारोह संपन्न




**जमशेदपुर।** पासी समाज कोल्हान प्रमंडल समिति का दसवां वार्षिक मिलन समारोह सह वनभोज सूर्य मंदिर पार्क स्थल सिद्धगोरा में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत महाराजा बिजली पासी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ। श्री सरोज ने अपने संबोधन में कहा कि अगर बाबा साहब अंबेडकर ने दलितों के हितों की रक्षा न की होती तो आज समाज की दशा और दिशा अलग होती। जो जातीय विसंगतियां समाज में रही है उसका जिस प्रकार बाबासाहेब ने विरोध किया, उसकी बदौलत ही आज समाज में दलितों को थोड़ा सम्मान है और इस सम्मान का कारण है कि शिक्षा। इस मौके पर समाज के अध्यक्ष कंचन लाल ने कहा कि जो भी सदस्य या जरूरतमंद होगा उसे समाज की ओर से यथासंभव मदद की जाएगी। मिलन समारोह के मौके पर समाज का पुनर्गठन भी किया गया जिसमें पूर्व की भांति ही समिति तय की गई और सम्मानित अध्यक्ष के रूप में विजय कुमार को चुना गया।

## स्पीड न्यूज

### विधायक ने किया आयुष ट्रेडर्स दुकान का उद्घाटन



**हुसैनाबाद पलामू।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत गम्हरिया जपला छतरपुर मुख्य मार्ग में रविवार को क्षेत्रीय विधायक कमलेश कुमार सिंह ने आयुष ट्रेडर्स सीमेंट दुकान का फीता काट कर उदघाटन किय। मौके पर विधायक श्री सिंह प्रो.विशाल कुमार पासवान को प्रतिष्ठान खोलने के लिए बधाई दी। कहा कि प्रतिष्ठान का खुलना क्षेत्र के विकास का प्रतीक है। मौके पर अजित सिंह, पंचायत समिति,रीता देवी,चौहरमल कल्याण समिति के अखिलेश्वर पासवान, विकाश पासवान, सुनील यादव,डॉ मनान खान, रितेश कुमार, रंजय मुकेश मृत्युंजय आदि कई लोग उपस्थित थे।

### विधायक ने लगवाया सोलर हाई मास्ट

**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड के ग्राम किशुनपुर मार्केट में बैंक काली मंदिर रोड के पास उमेश सिंह के पहल पर पूर्व सांसद मनोज सिंह व विधायक पुष्पा देवी के प्रयास से सोलर हाई मास्ट लगाया गया। इसका निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। लाईट लगने से क्षेत्र के दुकानदारों में हर्ष है। अब चोरी की घटनाओं पर रोक लगेगा। ग्रामीणों ने पूर्व सांसद व विधायक का आभार व्यक्त किया है।

### वृद्धा लापता, स्वजन परेशान



**हरिहरगंज पलामू।** नगर पंचायत क्षेत्र के भगत तेंदुआ गांव निवासी 85 वर्षीय वसिहन बीबी घर में बिना बताए बीते 2 फरवरी से लापता है। इससे स्वजन काफी परेशान हैं। लापता वृद्धा के पोते इरशाद आलम ने बताया कि सभी संभावित स्थानों पर खोजबीन किया। बावजूद उसके दादी का कहीं पता नहीं चल सका। इस संबंध में इरशाद आलम ने स्थानीय थाना में अपने दादी का गुमशुदगी का सन्हा दर्ज करने हेतु आवेदन दिया है।

### शहीद सूरज की पुण्यतिथि पर की श्रद्धांजलि अर्पित



**चैनपुर पलामू।** चैनपुर प्रखंड के पूर्वडीहा ग्राम में शहीद सूरज दुबे के दूसरे पुण्यतिथि पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर सभी ग्रामीणों के द्वारा पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजली दी गई। मौके पर मुखिया पपलू दुबे, पूर्व उपमुखिया नवनीत दुबे, पूर्व सरपंच राम शरेख दुबे, शहिद सूरज दुबे के पिता मिथिलेश दुबे, भाई नीरज दुबे, बाबा जी, ओंकार नाथ दुबे, शेषमनी दुबे, विकाश दुबे, कमलेश दुबे चंदन दुबे, संदीप दुबे, प्रवीण दुबे, राजीव दुबे, सम्भूनाथ दुबे आदि लोगो न पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

### संत शिरोमणि रविदास का जीवन अनुकरणीय है : राजीव



**हरिहरगंज पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के ढाक कला तथा डेमा के खरवन टोला में रविवार को संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती मनाई गई । उक्त दोनों स्थान पर आयोजित समारोह व पूजा पंडाल का युवा समाजसेवी राजीव रंजन ने दीप प्रज्वलित व फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि संत रविदास का जीवन अनुकरणीय है। मौके पर मुखिया जितेंद्र पासवान, पूर्व मुखिया सुनील भुईयां, वासुदेव राम, उप मुखिया अनीश कुमार, कमेटी के अध्यक्ष रंजीत रवि, रंजीत कुमार, अखिलेश गुप्ता, शिक्षक उदय कुमार, चितरंजन रवि, गोपाल प्रसाद, शंभू कुमार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### आरएसएस ने किया बस्ती सम्मेलन का आयोजन



**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शताब्दी वर्ष मनाने को लेकर अग्रसर है। मौके पर हमीदगंज (श्री राम नगर) में बस्ती सम्मेलन किया गया। जिसमें भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर संपर्क प्रमुख विकास सिंह और मुख्य वक्ता प्रेमजीत कुमार शामिल थे। कार्यक्रम में व्यवस्थापक रोहित पाठक, सूर्यकांत पासवान, विशाल तिवारी, नितेश दुबे आदि थे। कार्यक्रम का संचालन श्वेतांक गर्ग ने किया।

### खेल भावना से रचनात्मक जीवन का निर्माण होता है : विनोद



**हरिहरगंज पलामू।** हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती सलैया पंचायत अंतर्गत मझिगांवा बाजार स्थित मैदान में रविवार को बिरसा मुंडा क्रिकेट टूनामेंट मैच का उदघाटन मुख्य अतिथि भाजपा नेता सह हरिहरगंज-हुसैनाबाद विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी विनोद कुमार सिंह, मुखिया कमला देवी, समाजसेवी सनोज गुप्ता, संदीप यादव, उप प्रमुख ममता देवी, सत्येंद्र भुईयां, अमित यादव, बलराम भुईयां, रघुनंदन साव, रामनंदन यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उदघाटन के बाद सरसोत और पोखरहा टीम के बीच उदघाटन मैच खेला गया। जिसमे पोखराहा की टीम विजयी रही। इस मौके कॉमेंटेटर घनश्याम शर्मा, नंदन कुमार, स्कॉलर अमरेश यादव, संदीप पटेल, समाजसेवी विनय कुमार ,शिव कुमार ,कमलेश यादव, संतोष ठाकुर, संध्या कुमारी, सविता देवी ,भीष्म नारायण सिंह सहित सैकड़ो की संख्या में दर्शक मौजूद थे।

### पत्रकार को भातृशोक

**छतरपुर पलामू।** छतरपुर नगर पंचायत के अनुमंडल रोड स्थित पत्रकार रिंकू सिंह के छोटे भाई पिंटू सिंह 26 वर्ष का असामयिक निधन से इलाके में शोक की लहर फैल गयी है। इलाके के समाजसेवी सह नगर के पूर्व अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अरविंद गुप्ता ने भी शोक व्यक्त करते हुए कहा कि पिंटू फुटबॉल और क्रिकेट के एक बेहतरीन खिलाड़ी थे। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिये ईश्वर से प्रार्थना की। शोक संवेदना व्यक्त करनेवालों में इलाके के समाजसेवी सह व्यवसायी राजन कुमार सिंह, रवि शंकर सिंह उर्फ बबुआ जी, चुन्नू बाबू, सुनील जी, राहुल सिन्हा व्यास, मुन्ना विश्वकर्मा, पप्पू सिंह, रितेश सिंह, शैलेन्द्र सिंह शिक्षक, प्रदीप सिंह, जोगेंद्र सिंह, विजय गुप्ता, संजय विश्वकर्मा वहीं पत्रकारों में बुद्धिनारायन सिंह, अश्विनी कुमार, राजीव सिन्हा, असगर हुसैन, विनोद कुमार, सुरेंद्र कुमार, मित्तल सिंह, चन्दन कुमार और अन्य मौजूद थे।

# केंद्रीय रेल मंत्रालय ने दी बरवाडीह-चिरमिरी रेल लाइन की स्वीकृति

### झारखंड के 31,141 गांवों को रेल नेट से जोड़ने का लक्ष्य

खबर मन्त्र संवाददाता



पलामू सांसद बीडी राम की फाइल फोटो।

**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद बीडी राम के पहल पर जनता की चिर-परिचित मॉगों पर रेल मंत्रालय ने गया-शेरघाटी, डालटनगंज वाया रफीगंज एवं बरवाडीह-चिरिमिरी अम्बिकापुर रेल लाइन की स्वीकृति प्रदान कर दी है। इसकी जानकारी देते हुए सांसद ने कहा कि गया-शेरघाटी, डालटनगंज वाया रफीगंज रेल लाइन निर्माण हेतु सर्वे के कार्य के लिए 20 करोड़ रूपए का बजट में प्रावधान कर दिया है। बरवाडीह-चिरिमिरी-अम्बिकापुर रेल लाइन निर्माण के लिए तो डी0पी0आर0 तैयार हो रहा है उसके अनुमोदन के पश्चात वांक्षित राशि आवंटित की जाएगी। इसके अलावा रेल मंत्रालय को इस बार के बजट में सर्वाधिक राशि 2.40 लाख करोड़ का आवंटन किया गया है। यह 2013-14 के आवंटन से 9 गुना अधिक है। रेलवे के इस बजट से झारखंड राज्य की विभिन्न योजनाओं के लिए 5271 करोड़ राशि उपलब्ध करायी गयी है। धनबाद मंडल के अंतर्गत इन कार्य योजनाओं की स्वीकृति मिली है। जिसमें गया-शेरघाटी, डालटनगंज वाया रफीगंज रेलवे लाइन के लिए 20 करोड़, रमना-सिंगरौली डबलिंग के लिए 309 करोड़, गढ़वा रोड़-रमना (32.32 किलोमीटर) डबलिंग के लिए 4 करोड़, रूपए। गढ़वा में आ0ओ0बी0 का निर्माण 90 करोड़, अमृत भारत स्टेशन योजना के अतर्गत स्टेशनों को उन्नयन/सौदर्यीकरण हेतु पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत धनबाद मंडल के डालटनगंज, गढ़वा रोड़, गढ़वा टाउन, नगर उंटारी एवं पंड़ित दीन दयाल उपाध्याय मंड़ल के अंतर्गत जपला, मुहम्मदगंज एवं हैदरनगर रेलवे स्टेशनों का चयन किया गया है। इसके साथ झारखंड के 31,141 गॉव को रेल नेट से जोड़े जाएंगे और 1,616 गॉव जहॉ फोर जी का कनेक्शन उपलब्ध नहीं है। 31, 141 गॉव जहॉ इंटरनेट की सुविधा नहीं है वहॉ भारत नेट प्रोजेक्ट (रेलवे नेटवर्क) से नेट की सुविधा पहुंचाया जायेगा। सांसद ने कहा कि पूरी उम्मीद है कि इन योजनाओं के धरातल पर उतरने से पलामू संसदीय क्षेत्र की जनता को आवगमन में सुविधा प्राप्त हो सकेगी। सांसद ने पलामू संसदीय क्षेत्र की जनता ओर से प्रधानमंत्री और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को बधाई दी है।

# हिंडालको का क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू

### उद्घाटन मैच में लोहरदगा ने मुरी को 34 रनों से हराया

खबर मन्त्र संवाददाता



टूर्नामेंट का उद्घाटन करते यूनिट हेड मैनक चक्रवर्ती।

**पंडवा पलामू।** हिन्डालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड का इंटर यूनिट क्रिकेट टूनामेंट एचपीएल 2023 शुरू हो गया। शनिवार को कठौतिया ओपन कास्ट कोल माइंस के मैदान में इसका उदघाटन यूनिट हेड मैनक चक्रवर्ती ने फीता काट कर किया। यूनिट हेड मैनक ने कहा कि यह टूनामेंट तीन ग्रुप में खेला जा रहा है। कठौतिया माइंस के मैदान के अलावा आदित्या और रेणुकूट के मैदान में भी मैच खेला जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से लोगों में फिटनेस के साथ साथ नयी उर्जा का संचार होता है। शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ व्यक्ति ही कोई काम को सफलतापूर्वक पूरा कर सकता है। इसलिए स्वस्थ रहने के लिए खेलकूद जरूरी है। यूनिट मैनक चक्रवर्ती ने कहा कि कंपनी अपने कार्य क्षेत्र के परिधि में आने वाले ग्रामीणों के साथ साथ अपने कर्मियों के बेहतरी के लिए हमेशा सजड व संवेदनशील हो कर काम करतीं हैं। उदघाटन मैच लोहरदगा बनाम मूरी के बीच खेला गया जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए लोहरदगा की टीम बीस ओवर में 156 रन बनायी। जवाबी पारी खेलने उतरी मूरी की टीम नौ विकेट खोकर बीस ओवर में मात्र 122 रन ही बना सकी। इस तरह लोहरदगा की टीम 34 रनों से विजयी हुआ। मैच का अंपायरिंग सुखदेव पांडेय व मिलन सिन्हा ने किया। इस मौके पर माइंस मैनेजर राजु सिंह, अश्विनी कुमार, अरूप बनर्जी, प्रवीण सिंह, चेतलाल विश्वकर्मा, एपी सिंह, गौतम सिन्हा,आर आर शुक्ला, जयंत शुक्ला, शैलेन्द्र सिंह, सुनील सिन्हा, नितेश पौराणिक, संजय साहू, निशीकांत, चंदन तिवारी, पवन सिंह, गौतम सिंह,गोल्डी, संजय, राकेश, प्रिंस सहित आसपास गांव के हजारों क्रिकेट प्रेमी मौजूद थे। कामेंट्री अनुज सिंह ने किया।

## तनावमुक्त परीक्षा विषय पर संस्कारशाला आयोजित

### एकाग्रता से ही लक्ष्य की प्राप्ति सम्भव : उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता



उपायुक्त को स्केच तस्वीर भेंट करते विद्यार्थी।

**मेदिनीनगर।** संत मरियम स्कूल के आवासीय परिसर में तनावमुक्त परीक्षा विषय पर संस्कारशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपायुक्त ए दोड्डे मौजूद थे। कार्यक्रम का उदघाटन उपायुक्त, विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव एवं प्राचार्य कुमार आदर्श ने दीप जलाकर संस्कारशाला का उदघाटन किया। मौके पर मुख्य अतिथि उपायुक्त ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि परीक्षा के दौरान आप सभी तनाव ना ले, परीक्षा कैसे जाएगी, कैसे अच्छा कर पाएंगे इसकी चिंता से दूर होकर आप अपना मुख्य फोकस अपने स्वाध्याय को दें। साथ ही पूरे लगन के साथ पढ़ाई करें निश्चित तौर पर आपकी परीक्षा अच्छी जाएगी और आप अच्छे अंक प्राप्त करेगें। संस्कारशाला में विद्यार्थियो ने उपायुक्त से कई सवाल पूछे। जिसका उत्तर उपायुक्त ने दिया। छात्र गौरव ने उपायुक्त से कहा कि जब हम पढ़ने बैठते हैं तो अपने मन को एकाग्रचित्त नहीं कर पाते हैं इसके प्रत्युत्तर में उपायुक्त ने कहा कि मन को अपने नियंत्रण में रखें। मौके पर विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि काफी लंबे संघर्ष के बाद संत मरियम विद्यालय आज इस मुकाम पर पहुंचा है। प्रारंभिक समय में किए गए अथक परिश्रम, अभिभावकों, प्रशासन का सहयोग और उचित मार्गदर्शन के बदौलत आज यह विद्यालय शहर के प्रतिष्ठित विद्यालय में शुमार है। मौके पर संगीत शिक्षक किशोर पांडेय, एसबी साहा समेत विद्यालय के सभी शिक्षक मौजूद थे।

# रशीदा मध्य विद्यालय में गुरु गोष्ठी का आयोजन



**नौडीहा बाजार (पलामू)।** नौडीहा प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय रसीदा में गुरु गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मासिक गुरु गोष्ठी में पलामू शिक्षा अधीक्षक मनोज कुमार ,जिप सदस्य सुदामा प्रसाद व प्रखंड प्रमुख और बीईईओ ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उदघाटन किया। बैठक में डीएसई ने प्रखंड के सभी विद्यालय के सचिव को निर्देश दिया है कि शिक्षक बच्चों को बेहतर से बेहतर शिक्षा मुहैया करायें ताकि शिक्षा की स्तर मे संतोष जनक बन सके। उन्होंने यह भी कहा कि जिले को शिक्षा के क्षेत्र में अव्वल बनाना है। कहा कि विद्यालय में नियमित रूप से शिक्षा, मध्याहन भोजन, पेयजल, शौचालय आदि सुविधा में किसी भी तरह के कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। इसे लेकर सबंधित पदाधिकारी एवं विधालय के सचिव पर कार्रवाई होगी। बैठक में कार्यपालक पदाधिकारी, बीपीओ कृष्णकांत दिवेदी, बीआरपी, सीआरपी, मुखिया गौतम कुमार, मुखिया प्रतिनिधि धनंजय कुमार गुप्ता, सभी सचिव और जनार्दन प्रसाद, धर्मेन्द्र कुमार चंद्रवंशी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# फसल बर्बाद कर रहा जंगली हाथियों का झुंड, किसान परेशान

खबर मन्त्र संवाददाता



**नीलांबर-पीतांबरपुर पलामू।** प्रखंड के पूणार्डीह में शनिवार की रात में प्रखंड के झरना टोला में हाथियों का झुंड पहुंचा। इसके पहले लगातार हाथियों की झुंड पूणार्डीह, झरना टोला गांव में लगातार हाथियों का झुंड किसानों की फसल को काफी नुकसान पहुंचा रहा है। पूणार्डीह निवासी अजय सिंह ने बताया कि रात में तीन जंगली हाथी गांव में घूसकर फसल को बर्बाद कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में शाम होते ही हाथियों के आने का भय ग्रामीणों को सताने लगता है। पिछले चार -पांच वर्षो से फसल के सीजन में हाथियों की मार किसानों को झेलना पड़ रहा है। इसके बाद भी वन विभाग द्वारा हाथियों को भगाने का कोई कदम नहीं उठाया गया है। फसल के नुकसान का मुआवजे तक किसानों को नहीं दिया है। किसानों की माने तो चना का खेती सप्ताह दिन में तैयार हो जाता लेकिन हाथियों का आतंक से फसल कई एकड़ में बर्बाद किया गया है। उन्होंने बताया कि गांव के विमलेश सिंह राहुल सिंह सहित कई ग्रामीणों का भी और अरहर चना गेहूं की खेती नष्ट किया गया। इधर गांव के किसान राहुल सिंह का कहना है कि नीलगाय से फसल तो बर्बाद हो ही रहा था लेकिन अब हाथियों का आतंक से अब फसल बचाना मुश्किल हो गया है । नीलगाय का पहरा तो सभी किसान देते थे लेकिन हाथियों का सामना कैसे करें । हाथी घर से पीछे से गुजरते हैं तो लगता है कि हाथी का झुंड अब घर पर भी हमला कर देगा भय के साए में गुजर रहा है रात।

## एक नजर में

### गहर पथरा ने जीता फाइनल



**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड के बरवाडीह मैदान में स्वर्गीय बद्रीनारायण क्रिकेट टूर्नामेंट का फाईनल मैच का आयोजन किया गया। फाईनल मुकाबला बिजय तारा टीम छतरपुर एवं गहर पथरा टीम प्रखंड पाटन के बीच खेला गया। जिसमें पाटन के गहर पथरा टीम ने छतरपुर के बिजय तारा टीम को हराकर क्रिकेट टूर्नामेंट अपने नाम किया। फाईनल मैच के मुख्य समारोह के अतिथि पलामू के पूर्व सांसद मनोज कुमार, समाजसेवी मनोज सिंह, जेमडी ब्रिक्स और होटल ब्लू बर्डस के प्रोपराइटर राजु दूबे ने संयुक्त रूप से विजेता व उप विजेता टीम को शिल्ड प्रदान किया। मौके पर पाटन प्रमुख प्रतिनिधि शक्ति शंकर प्रसाद, कांग्रेस के पलामू जिलाध्यक्ष बिट्टु पाठक , भाजपा नेता आनन्द सिंह, उमेश सिंह समेत आयोजन समिति के युवा समाज सेवी आजाद सिंह शामिल थे।

### कंचनपुर में देवीधाम प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भव्य आयोजन

**छतरपुर पलामू।** छतरपुर प्रखंड के पंचायत कंचनपुर का ग्राम- गोपालपुर में देवीधाम प्राण-प्रतिष्ठा के निमित भव्य आयोजन किया गया। जो 31 जनवरी को कलशयात्रा से प्रारंभ होकर अखंड कीर्तन तथा पूणार्हुति-हवन, कन्यापूजन तथा भव्य भंडारे के साथ कार्यक्रम संपन्न हो गया। कार्यक्रम में धर्म जागरण समन्वय (संस्कृति) प्रमुख पलामूं बालयोगी संत विभु सुमनजी ब्रह्मचारी, आयोजन समिति के अध्यक्ष अरविंद विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष लाल सिंह, सचिव सुदेश्वर सिंह, हरेराम सिंह, महेंद्र सिंह,संजय सिंह, अर्जुन विश्वकर्मा, विनोद सिंह, कमलेश साव,उपेन्द्र गुप्ता शामिल थे।

### पूर्वी ने पंचायत स्तरीय क्रिकेट में मारी बाजी



**हैदरनगर पलामू।** टीम सूर्या के बैनर तले प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान में पंचायत स्तरीय क्रिकेट टूनामेंट के तहत रविवार को टीम सूर्या हैदरनगर पश्चिमी और टीम सूर्या हैदरनगर पूर्वी के बीच मुकाबला हुआ। टॉस जीतकर पश्चिमी पंचायत के खिलाड़ियों ने पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। पश्चिमी पंचायत की टीम ने पूर्वी को 75 रनो का लक्ष्य दिया। पूर्वी के खिलाड़ियों ने 6, विकेट से मैच को जीत लिया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि सज्जू खान, बीस सूत्री अध्यक्ष विमलेश सिंह, अनूप कुमार, रिक्की कुरैशी, आफताब अहमद,रजनीश सिंह,प्रसांत सिंह,बबन गुप्ता, बबलू सिंह,मंटू सिंह,के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने किया हिंदू सम्मेलन आयोजित



**हुसैनाबाद पलामू।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जपला शहरी क्षेत्रों बस्ती हिन्दु एकत्रिकरण सह हिन्दू सम्मेलन शहर के पटेल भवन पटेल नगर में आयोजित किया गया। उन्होंने हिन्दू समाज को संगठित रहने और सजग रहने पर बल दिया। मौके पर खण्ड कार्यवाहक अशर्फी प्रसाद, बस्ती प्रमुख घनश्याम विश्वकर्मा, मुख्य शिक्षक अजय पटेल, सह नगर कार्यवाहक, चन्दन कुमार समेत सैकड़ो के संख्या में बाल स्वयंसेवक उपस्थित थे।

## खेल के क्षेत्र में भी अपार संभावनाएं : सुनील सिंह

### चितविश्राम की टीम ने बिशुनपुर टीम को 88 रन से किया पराजित

खबर मन्त्र संवाददाता



टूर्नामेंट का उद्घाटन करते अतिथि।

**बिश्रामपुर (पलामू)।** रेहला बिशुनपुर के जय माता दी क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित क्रिकेट टूनामेंट का उदघाटन मैच अंगद एलेवेन चितबिश्राम और बिशुनपुर क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए चितविश्राम की टीम ने 14 ओवर में 180 रन बनाया। जवाबी पारी खेलने उतरी बिशुनपुर की टीम 82 रन पर ऑल आउट हो गई। हरफनमौला प्रदर्शन करने वाले धर्मेंद्र कुमार को मैन आफ द मैच चुना गया। इससे पहले टूनामेंट का उदघाटन प्रोग्रेसिव चिल्ड्रन एकेडमी के निदेशक अनिल सिंह, नप अध्यक्ष प्रत्यासी सुनील सिंह, डॉ वी पी शुक्ला, अरविंद शुक्ला, कांग्रेस नगर अध्यक्ष ऋषि पांडेय व ददई ठाकुर ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर सुनील सिंह ने कहा कि खेल के क्षेत्र में भी अपार संभावनाएं हैं। युवाओं को खेल के क्षेत्र में भी कैरियर तलाश करने की जरूरत है। डॉ वी पी शुक्ला ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में भी प्रतिभा की कोई कमी नहीं है बस जरूरत है उन्हे निखारने की। मौके पर शिक्षक चंद्रमणि दिक्षित, निखिल शुक्ला, फैजान अहमद सहित कई लोग मौजूद थे।

## चादरपोशी कर मांगी अमन चैन की दुआ



**हरिहरगंज पलामू।** हरिहरगंज नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत बंजारी मोहल्ला स्थित खलीले ए मिल्लत की 26 वां सलाना उर्स शनिवार की रात धूमधाम से मनाया गया। आजसू पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह हरिहरगंज-हुसैनाबाद विधानसभा के पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता तथा राजद के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने दरगाह पर हाजिरी लगा कर चादरपोशी कर क्षेत्र में अमन चैन की दुआ मांगी। इस अवसर पर समाजसेवी इरफान शाहिद, मौलाना इफ्तिखार अहमद नूरी, हाफिज नईम, राजकुमार गौतम, महताब शाहिल बुधन सिंह यादव, राजद के प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव आदि मौजूद थे। मौके पर शिक्षक सूरज यादव, इंजीनियर संजय कुमार यादव, छात्र राजद प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार यादव, लखन यादव, नौशाद आलम, अवधेश यादव, अशोक यादव सहित काफी संख्या में लोग शामिल थें।

# सतबरवा प्रखंड में धूमधाम से मनी संत रविदास की जयंती

खबर मन्त्र संवाददाता




**सतबरवा पलामू।** संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 646 वां जयंती प्रखंड क्षेत्र के बारी, नौरंगा, मानासोती, सेहरा, बकोरिया के भलुवही टोला समेत कई गांवों में धूमधाम से रविवार को मनाया गया। बारी गांव में आयोजित कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य सुधा कुमारी ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास जी ने कई कठिनाइयों को झेलते हुए भी भक्ति का मार्ग हो नहीं छोड़ा जिससे प्रभावित होकर मीरा समेत कई लोगों ने उनके शिष्य बने। मुखिया निरोतमा कुमारी ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास जी कवि ,समाज सुधारक तथा ईश्वर के सच्चे भक्त थे। जिनकी भक्ति का गुणगान आज भी किया जा रहा है। उन्होंने छुआछूत भेदभाव तथा समाज में फैले बुराइयों को मिटाने के लिए कई कार्य किए । सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा ने कहा कि संत रविदास जी के युक्ति मन चंगा तो कठौती में गंगा की कहावत आज भी प्रचलित है। हमें संत रविदास जी के बताए मार्ग पर चलने की जरूरत है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, पंचायत समिति सदस्य जुबेर खान, अजय उरांव, पप्पू सिंह, वार्ड सदस्य नंदू राम, विष्णु राम ,बिश्नोई राम, संजय राम, दिवाकर कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

# नौडीहा बाजार : रविदास जयंती पर निकाली गयी शोभायात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता



**नौडीहा बाजार (पलामू)।** संत शिरोमणि रविदास जयंती के अवसर पर रविदास विकास समिति नौडीहा बाजार इकाई के बैनर तले ग्राम हरिना रविदास मंदिर मे पूजा अर्चना के पश्चात संत शिरोमणि रविदास की झांकी व भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। मौके पर जिप सदस्य सुदामा प्रसाद, प्रमुख रेशम कुमारी और पुलिस अवर निरीक्षक सीता राम मुर्मू सहायक अवर निरीक्षक सुरेश पासवान ने हरी झंडी दिखा कर रथ को रवाना किया। इस भव्य शोभा यात्रा हरिना मंदिर परिसर से चल कर बारा, विशुनपुर, झलदाग, नीमा, नौडीहा, नामुदाग, सरईडीह, शाहपुर, खैरादोहर होते हुए बलरा, झरहा और डुमरी अम्बेडकर चौक पास कार्यक्रम का समापन किया गया। वहीं पर मौजूद प्रखंड प्रमुख रेशमी कुमारी ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास जी महान संत के रूप है, उनके विचार, वाणी से किसी जाति किसी समुदाय के लोग संत माना है। मौके पर विशुनपुर पंचायत के मुखिया जितेंद्र कुमार भारती, शाहपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि बिंदा साव, राजू प्रसाद गुप्ता, रविदास विकास समिति के अध्यक्ष रामगोविन्द राम शिक्षक, कोषाध्यक्ष जगदीप कुमार राम शिक्षक, मुख्य संरक्षक जुदागीर राम शिक्षक, बसपा अध्यक्ष बेलाल अंसारी, युवा अध्यक्ष अनुज कुमार, नितीश कुमार, समाज सेवी राम चन्द्र राम,लल्लू राम समेत सैकड लोगों मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### रातूः संडे मार्केट से बाइक की चोरी

**रातू।** पुलिस की सक्रियता के बावजूद अपराधियों ने संडे मार्केट से पैशन प्रो मोटर साइकिल जेएच01ए वाई 9118 की चोरी कर ली। मामले को भुक्तभोगी कमड़े श्रीरामनगर निवासी हेमंत कुमार ने रातू थाने में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है।

### भांटबोड़ेया में रूद्र महायज्ञ 14 फरवरी से

**ठाकुरगांव।** बुढ़मू प्रखंड के भांटबोड़ेया गांव में आगामी 14 फरवरी से आयोजित होने वाले पांच दिवसीय श्री रुद्र महायज्ञ को लेकर रविवार को भूमिपूजन सह ध्वजारोहण कार्यक्रम संपन्न हुआ। आचार्य नरेंद्र किशोर वैद्य के वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच यज्ञ के यजमान कलेश्वर महतो सपत्नी ने पूजन अनुष्ठान संपन्न किया। विदित हो कि श्री रुद्र महायज्ञ का आयोजन 14 फरवरी से 18 फरवरी तक किया जा रहा है। मौके पर चंद्रकांत गिरी, विजय महतो, सुभाष पुरी, उमेश साहु, देवकान्त गिरी, उमेश महतो, रामकिशोर गिरि, तापेश्वर गिरि, शिबू ठाकुर समेत अन्य मौजूद थे।

### 19 एकड़ में पोस्ते की खेती को एसएसबी के जवानों ने किया नष्ट

**राहे।** राहे प्रखंड के सताकी पंचायत अंतर्गत कनकट्टा, पुरनाडीह, कोचेटोली, कोन्ताटोली गांव के आसपास जंगल में एसएसबी 26 वी बटालियन के जवान ओर अनगड़ा पुलिस के संयुक्त अभियान में 19 एकड़ में लगे पोस्ते की खेती को नष्ट किया। अभियान में एसएसबी 26 वी बटालियन ए कम्पनी के इंस्पेक्टर जगन्नाथ उरांव, भूपेंद्र कुमार, हरदीप सिंह, दीपक कुमार, अनगड़ा पुलिस के रितेश लकड़ा, एके मिश्रा उपस्थित थे।

### जमीअत उल मोमिनीन कमेटी का चुनाव 12 को

**इटकी।** जमीअत उल मोमिनीन कमेटी की इटकी शाखा के नये पदाधिकारियों की 12 फरवरी को बैलेट पेपर द्वारा चुनाव होगा। नाम वापसी प्रक्रिया के बाद कुल 13 उम्मीदवार मैदान में रह गये हैं। इसमें सदर के चार, सेक्रेटरी के चार, नायब सदर के दो व नायब सेक्रेटरी के तीन उम्मीदवार हैं। चुनाव अभियान कमेटी के संयोजक शहाब हमजा ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रविवार को नाम वापसी के दौरान कोई भी प्रत्याशी अपना नाम वापस नहीं लिया।

### ओरमांझीः लोगों ने आम बजट को सराहा

**ओरमांझी।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा बजट पर चर्चा पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आम जनता के साथ कई प्रबृद्ध व महिलाएं भी शामिल हुई। कई लोगों ने आम बजट को पूरी तरह समझ नही सके हैं। वहीं कई ज्यादातर आम लोगों ने आम बजट की सरहाना की और कहा इसमें युवा, महिला, गरीब, मध्यम वर्ग व सभी परिवार को ध्यान में रखा गया है। वहीं समारोह के मुख्य अतिथि ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष मानकी राजेंद्र मुंडा, महामंत्री नरेंद्र कुमार व युवा मोर्चा खेल संयोजक संजीत सिंह सहित भाजपा के नेताओं ने लोगों को आम बजट से जनता को मिलने वाली राहत व लाभ की जानकारी दी। कार्यक्रम में लक्ष्मण साहू, सत्यम राज कुषवाहा, विक्रांत तिवारी, वीके सिंह, राजा महतो, राजकुमार, प्रदीप कुमार, धर्मेंद्र कुमार सिन्हा, सहित भाजपा कार्यकर्ता आदि उपस्थित थे।

### पीपीके कॉलेज, बुंडू के प्रो महेश कुमार के निधन पर शोक

**बुंडू।** पंच परगना किसान कॉलेज बुंडू के भौतिक विज्ञान के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर महेश कुमार का रांची में सेमफोर्ड अस्पताल में इलाज के दौरान मृत्यु हो गया।ज्ञात हो कि पिछले दिनों ब्रेन हेमरेज होने के कारण इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। इनके निधन पर पंच परगना किसान कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ अरुण कुमार, हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ राधारमण साहू, डॉ चक्रधर महतो, डॉ भूतनाथ प्रमाणिक, भूतपूर्व प्राचार्य डॉ जयराम महतो, लोहरा महतोए डॉ रविंद्र कुमार जयसवाल ने शोक जताया है।

# अलग-अलग हादसे में दो की मौत

### नगड़ीः अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को कुचला

खबर मन्त्र संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी थाना क्षेत्र के टिकरा टोली निपुण पेट्रोल पंप के पास अज्ञात वाहन से कुचलकर एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार एक 25 वर्षीय अज्ञात युवक नगड़ी से रांची की ओर प्लसर बाइक ; संख्या . जेएच01ईपी 2311द्ध से जा रहा था। तब निपुण पेट्रोल पंप के नजदीक उसका बाइक असंतुलित हो गया जिससे युवक सड़क पर ही गीर गया। तभी पीछे से आ रहे एक ट्रक उसे कुचलते हुए निकल गया। ट्रक के कुचलने से युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही नगड़ी पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची और शव को उठा कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा। युवक का मोबाइल फोन भी ट्रक का चक्का चढ़ जाने से टुट गया। खबर लिखे जाने तक मृत युवक की पहचान नहीं हो सकी थी। वहीं युवक को कुचलने के बाद चालक भी ट्रक सहित भाग निकला।

### चलती कार में लगी आग, बचे सवार

**पिठोरिया।** कांके के रिंग रोड में एक कार में आग लगने के बाद क्विक रिस्पांस टीम ने एक मासूम सहित पांच लोगों को बचा लिया। घटना कांके रोड स्थित आइटीबीपी के पास स्थित रिंग रोड की है। बताया जाता है कि रातू निवासी दामोदर अपने एक रिश्तेदार के यहां कार्यक्रम में भाग लेने के लिए परिवार के साथ जा रहा था। जैसे ही उनकी कार आईटीबीपी कैंट के पास से गुजरी उसी दौरान अचानक कार का ब्रेक फेल हो गया। ब्रेक फेल होते ही कार में कार के इंजन में आग लग गई। दामोदर किसी तरह आइटीबीपी कैंप के पास ही अपनी कार को रोकने में सफल रहा। इस दौरान कार की इंजन में आग लग चुकी थी देखते हैं देखते पूरा कार आग की चपेट में आ गया। कार में आग लगने के कारण चारों दरवाजे लॉक हो गया था। स्थानीय लोग इसी तरह कार सवारों को बाहर निकालने की कोशिश कर रहे थे। इसी दौरान रांची एसएसपी किशोर कौशल की स्पेशल टीम उसी रास्ते से गुजर रहे थे। जैसे ही कार में आग लगने की सूचना मिली स्पेशल टीम के प्रवीण तिवारी कृष्णा और विनय टेट अपनी जान जोखिम में डालते हुए पूरे परिवार को कार से बाहर निकाला।

### मांडरः सड़क हादसे में युवक की मौत

**मांडर।** थाना अंतर्गत रांची डालनेगंज मुख्यपथ पर मांडर मिशन स्थित पानी टंकी के निकट हुई सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। घटना रविवार संध्या छह बजे की है। बताया जाता है चान्हो थाना के सुकुरहुटू निवासी 25 वर्षीय विकाश उरांव अपने मित्र 35 वर्षीय चंद्रदेव उरांव के साथ बाइक से रांची से अपने घर वापस जा रहे थे उसी दौरान उक्त स्थान पर खड़ी एक ट्रक पर तेज गति से बाइक से दे मारा। दुर्घटना इतना जबरजस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गये। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को उठा कर हॉस्पिटल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# टीपीसी एरिया कमांडर ने समाजसेवी से मांगी रंगदारी

## कहा संगठन चलाने के लिये रुपये दो नहीं तो गोली खाओ

- साजिशकर्ता समेत दो पर केस
- भयभीत है परिवार

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजधानी से सटे रातू थाना क्षेत्र के फुटकल टोली निवासी 51 वर्षीय समाजसेवी कमरुल हक को शनिवार की शाम साढ़े सात बजे टीपीसी के एरिया कमांडर मुरारी जी ने ह्वाट्सएप कॉल कर संगठन चलाने के लिये बतौर रंगदारी रुपये की मांग की। उसने धमकी दी कि रुपये दोए नहीं तो गोली खाओ। इसके उपरांत उन्होंने थानेदार सपन कुमार महथा को इसकी सूचना दी। श्री हक ने मुरारी और साजिशकर्त्ता खलारी के मो ताज अंसारी के खिलाफ रातू थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराते हुये सुरक्षा की गुहार लगायी है। रविवार की शाम तीन बजे ग्रामीण एसपी नौशाद आलम थाने पहुंचे। उन्होंने थानेदार से मामले की जानकारी ली।

### जानें क्या है मामला



श्री हक शाम 7.37 बजे घर पहुंच सीढ़ी चढ़ रहे थे। इसी बीच उनके मोबाइल में 9531694805 नंबर से 8809121443 पर ह्वाट्सएप कॉल आया। रिसीव करने पर उनसे पूछा गया कि आप कमरुल हक हैं।फार्च्यूनर में चलते हैं। कहां-कहां जमीन बेच रहे हैं। कॉल करने वाले ने अपना नाम मुरारी जी और अपने को टीपीसी का एरिया कमांडर बताया। उसने संगठन चलाने के लिये रंगदारी मांगी। नहीं देने पर गोली खाने की धमकी दी और फोन काट दिया।

### साजिश का पदार्फाश

चार दिन पूर्व खलारी न्यू मगरदाहा के रहने वाले टीपीसी समर्थक मो ताज अंसारी ने कमरुल हक के एक नजदीकी रिश्तेदार से बातचीत करते हुये कहा था कि कमरुल को मरवा देना है। रंगदारी और गोली मारने की धमकी मिलने के पीछे श्री अंसारी की ओर से साजिश रचने की बू आ रही है। वह फिलहाल अलकमर कॉलोनी और कड़रु मस्जिद के समीप मकान बना परिवार के साथ रह रहा है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# सीआइपी की ग्रुप सी और डी परीक्षा रद्द

## परीक्षार्थियों ने प्रश्न पत्र लीक होने का आरोप लगाया



खबर मन्त्र संवाददाता

**कांके।** केंद्रीय मनोचिकित्सा संस्थान (सीआईपी) कांके द्वारा रांची शहर के चार केंद्रों पर ग्रुप सी व डी की कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट परीक्षाएं 5 फरवरी को आयोजित की गई थी। इनमें से एक केंद्र बूटी रांची स्थित शिवा इंफॉर्टेक में था। सुबह जैसे ही परीक्षार्थियों ने कंप्यूटर लॉगिन किया, लेकिन तकनीकी कारणों से कंप्यूटर लगभग एक घंटे तक कार्य किया ही नहीं जिसकी जानकारी मिलते ही संस्थान के केंद्र सुपरवाइजर विकास कुमार, केंद्र पर्यवेक्षक डॉ अविनाश शर्मा, डॉ सुरेंद्र पालीवाल, शिवा इन्फोटेक पहुंचे और काफी समय परीक्षार्थियों का निकल जाने और कंप्यूटर की तकनीकी गलतियों को कारण बताते हुए इन्होंने परीक्षाएं रद्द करने का नोटिस चस्पा कर दिया। इसके बाद शिवा इन्फोटेक में विभिन्न राज्यों से आए परीक्षार्थियों ने शिवा इन्फोटेक को बंद करो, सभी राज्यों में परीक्षाएं आयोजित करो के नारे लगाने शुरू किए और हंगामा भी किया। जिसके बाद प्रबंधन ने परीक्षा सभी केन्द्रों की पूरी तरह से रद्द कर दी। बताते चलें कि इस कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट में 1045 लोगों को परीक्षाएं देनी थी। इस संबंध में परीक्षार्थियों ने संस्थान प्रबंधन पर आरोप लगाया कि कुछ परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र मिल गए थे। लीक भी प्रश्नपत्र हुए हैं।

कुछ परीक्षार्थी मोबाइल भी लेकर परीक्षा केंद्र में घुस गए थे। कई अभ्यर्थियों ने सीआईपी के कंप्यूटर इंचार्ज पर प्रश्नपत्र लीक करने का भी आरोप लगाया है। विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार परीक्षा आयोजित करने वाली अहमदाबाद गुजरात की कंपनी शक के दायरे में है, क्योंकि परीक्षा आयोजित करने की जिम्मेवारी इसी कंपनी को मिली थी।

> संस्थान के निदेशक डॉ वासुदेव दास ने बताया कि तकनीकी कारणों से परीक्षाएं रद्द की गई है। परीक्षा पुनः होगी। परीक्षार्थियों के आरोपों पर उन्होंने कहा कि परीक्षाएं नहीं हुई इसी को लेकर लोग तरह-तरह के अफवाह फैला रहे हैं।

> संस्थान के प्रशासकीय पदाधिकारी सह केंद्र पर्यवेक्षक डॉ अविनाश शर्मा ने कहा कि परीक्षाएं रद्द हुई है। संस्थान से प्रश्न पत्र लीक नहीं हुआ था। अभ्यर्थियों के आरोपों पर भी जांच की जाएगी।

### पिपरवार भाजपा के कार्यकर्ताओं ने लिया डाटा प्रशिक्षण

**पिपरवार।** भारतीय जनता पार्टी पिपरवार मंडल द्वारा बेंती पंचायत भवन में रविवार को डाटा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता धनराज भोक्ता एवं संचालन आदित्य केशरी ने किया। बैठक में शक्ति केंद्र के प्रभारी भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं बूथ कार्यकर्ता बचरा दक्षिणी पंचायत भवन में आयोजित डाटा शिविर कार्यकर्म में उपस्थित सभी कार्यकताओं एवं वरिष्ठ नेताओं को सरल एप डाटा शिविर के बारे में बताया गया। देश के प्रधानमंत्री के द्वारा जन जन तक और महत्वाकांक्षी योजनाओं को लोगों के बीच पहुंचाने का कार्य निरंतर जारी है। बैठक में मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा, जिला मंत्री रीना देवी, महिला मोर्चा अध्यक्ष राधा देवी आदि मौजूद थे।

## एक नजर में

### ठाकुरगांव भाजपा मंडल की कार्यशाला आयोजित



**ठाकुरगांव।** ठाकुरगांव पंचायत सचिवालय में ठाकुर गांव भाजपा मंडल के कार्यसमिति सह कार्यशाला का आयोजन मंडल अध्यक्ष लाल उतपल नाथ शाहदेव की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक डॉ जीतू चरण राम मौजूद थे। उन्होंने कार्यकर्ताओं के बीच आने वाले आगामी लोकसभा चुनाव में अपने जीत सुनिश्चित हो साथ ही पार्टी के सिद्धांतों को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया। बैठक में राम कुमार दुबे, पशुपतिनाथ शाहदेव, जय कुमार कुशवाहा, सुरजन गोडाइत, मनोज महतो, झिबरा मुंडा, कमल मोदी, आनंद चौधरी, कमल साहू, बिरसा मुंडा समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### किसानों ने कृषि मेला का किया परिभ्रमण

**सोनाहातू।** प्रखंड के पांच पंचायत तेतलाए जामुदागए गलऊएहारिनए एवं जिन्तु के 35 प्रगतिशील किसानों की एक टीम को प्रखंड तकनीकी प्रबंधक दीनानाथ भगत के नेतृत्व में बिरसा कृषि विद्यालय कांके रांची में आयोजित कृषि मेला सह उद्यान प्रदर्शनी में जिला स्तरीय परिभ्रमण कार्यक्रम आत्मा रांची के द्वारा परिभ्रमण कराया गया ।इस परिभ्रमण में प्रखंड के प्रगतिशील किसानों ने कृषि के आधुनिक तकनीकों के इस्तेमाल एवं प्रत्यक्षण के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी लिए एवं खेती करने के नवीनतम बैज्ञानिक विधि के सीखे।

### सोनाहातूः 17 एकड़ में पोस्ते की खेती नष्ट

**सोनाहातू।** सोनाहातू पुलिस प्रभारी मुकेश हेम्ब्रम के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के बांधडीह, कुटीडीह, माहिल और पंडाडीह गांव में 17 एकड़ में लगे पोस्ते की खेती को नष्ट किया गया। इधर पुलिस ने लोगों को नशा की लत दूर रहने की सलाह दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि इस संबंध में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है, लेकिन खेती करने वाले किसान की पहचान की जा रही है। अभियान में एसआई मुकेश यादव, एएसआई दलगोविंद महतो, जयशंकर प्रसाद सहित पुलिस के जवान उपस्थित थे।

### हाथियों का झुंड आक्रामकः घरों पर कर रहे हमला

**सोनाहातू।** थाना क्षेत्र के कोकाडीह गांव में शनिवार रात को चार की संख्या में हथियों के झुंड गांव में प्रवेश कर सीधे घरों को निशाना बनाया है। बिरसा महतो, अहिल्या देवी, बासुदेव महतो, सुभाष महतो, महादेव महतो, साधुचरण महतो के दरवाजा तोड़ कर घर में घुस कर रखे धान, एक मोटरसाइकिल, घरेलू सामान को रौंद डाला। लग रहा था कि ये आदमी को खोज रहे है। गांव में एक पिकअप वैन में रखे टमाटर को भी रौद दिया है। घर के मलबे गिरने से बिरसा महतो को चोट लगी है। घटना सूचना पर रविवार सुबह वनपाल दिलीप मुंडा अपनी टीम के साथ गांव में घूम कर नुकसान की जानकारी लिया। मौके पर पूर्व जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि रमेश मुंडा, हाथी मित्र मलखान महतो अपने टीम के साथ मौजूद थे। ग्रामीणों ने वन विभाग से तत्काल मुआवजा देने की मांग किया है।

# संवैधानिक अधिकारों से वंचित हैं मुस्लिमः नौशाद

## हेवेन पब्लिक स्कूल, हुरहुरी में आमया की बैठक

- निराश हैं समाज के युवा
- आंदोलन की दी चेतावनी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** आमया के केन्द्रीय सचिव नौशाद आलम ने कहा कि राज्य की महागठबंधन सरकार अपने वादों को पूरा करने में नाकाम रही है। यहां न तो स्थानीय नीति बनी और न ही नियोजन नीति। इससे लाखों युवा सड़क पर है। वोट बैंक के रूप में मुसलमानों का इस्तेमाल कर उन्हें संवैधानिक अधिकार से वंचित रखा गया। तीन वर्ष बाद भी बोर्डए निगम व आयोग का गठऩ नहीं होने से समाज के लोगों में निराशा है। वह हुरहुरी स्थित हेवेन पब्लिक स्कूल में संगठन के प्रखंड इकाई की ओर से आयोजित बैठक में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। जिला प्रभारी आफताब आलम ने मॉबलींचिग पर कानून नही बनने से नाराजगी जतायी। उन्होंने कहा कि दो वर्षों से मदरसा आलिम फाजिल की परीक्षा नही हुई। उर्दू शिक्षकों की बहाली व उर्दू भाषा से जुड़े मांग को दरकिनार कर दिया गया।544 उर्दू स्कूलों को सामान्य विद्यालय बना शुक्रवार की छुट्टी भी समाप्त कर दिये जाने का आरोप लगाया और आंदोलन की चेतावनी दी। अध्यक्षता अब्दुल बारी ने की, जबकि संचालन अंजुम खान ने किया। मौके पर तहमीद अंसारी, आसीफ कलाम, फिरोज अंसारी, अफसर अंसारी, शेख आसिफ व तौसीफ अंसारी आदि मौजूद थे।

# हर्षोल्लास से मनी संत रविदास जयंती

खबर मन्त्र संवाददाता




**सिल्ली।** सिल्ली थाना के समीप रविवार को संत शिरोमणि रविदास जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। इस अवसर पर सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो , जिप उपाध्यक्ष वीणा चैधरी, प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक, पुर्व जिप उपाध्यक्ष चित्तरंजन महतो, मुखिया सीमा कुमारी गोंझु समेत अन्य लोगों ने संत रविदास के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। विधायक ने कहा कि आदमी अपने कर्म से ही छोटा-बड़ा होता है न कि धन या जाति से। रविदास जी ईश्वर के अनन्य भक्त थे, लेकिन वे अपने कार्य को ही ईश्वर की सबसे बड़ी पूजा मानते थे। उन्होंने कुरीतियों के खिलाफ हमेशा आवाज उठाई थी। गरीबों व दलितों के हित में उनके द्वारा किए गए कार्यों को भुलाया नहीं जा सकता। उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर हमसब देश में बढ़ रही सांप्रदायिकता एवं टूट रहे भाईचारे को रोकने के लिए कार्य करें। इस मौके पर पुर्व मुखिया सुरेश मुंडा, रविंद्र करमिली, लखींद्र रविदास, उर्मिला देवी, चारुबाला देवी, त्रिलोकी गोंझु, गौतम रविदास, महेश रविदास आदि उपस्थित थे।

### प्रदूषण रोकने के लिए जागरूकता रैली

**सिल्ली।** स्विच आन फॉउंडेशन कोलकाता एवं सिल्ली पॉलिटेक्निक के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को सिल्ली में साइकिल रैली का आयोजन किया गया। पॉलिटेक्निक के प्राचार्य समित शर्मा ने पॉलिटेक्निक परिसर से झंडा दिखाकर साईकिल रैली को रवाना किया। रैली रांची पुरुलिया मुख्य पथ से बुंडू मोड़ तक गयी। रैली में शामिल विद्यार्थियों ने लोगों को प्रदूषण कम करने के लिये साइकिल का उपयोग करने के लिये लोगों को जागरूक किया। प्रिंसिपल समीर शर्मा ने बताया कि यह रैली वातावरण में प्रदूषण कम करने के लिये प्रेरणा स्रोत है। लोग वाहनों की जगह साइकिल का भी उपयोग करें इससे प्रदूषण कम होगा।

# सेवानिवृत्तिः शिक्षक सैफुद्दीन मिरदाहा को दी विदाई

खबर मन्त्र संवाददाता



**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बरवे (उर्दू) के प्राचार्य सैफुद्दीन मिरदाहा सेवानिवृत्त हो गए। रविवार को प्रखंड के शिक्षकों ने विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन कर विदाई दी। समारोह के मुख्य अतिथि बीईईओ सीमा कुमारी ने कहा कि रविवार को छुट्टी होने के बाद भी जिस प्राकर विदाई देने के लिए इतने शिक्षक आज समारोह में पहुंचे। निश्चित ही शिक्षक सैफुद्दीन मिरदाहा का कार्यकाल सराहनीय रहा होगा। बच्चों के शिक्षा के लिए जिस प्रकार समर्पित रहे। इससे अन्य शिक्षकों को भी सीख लेने की जरूरत है। वरिष्ठ शिक्षक अरविंद कुमार ने सभी के लिए अनुकरणीय बताया। वहीं समारोह में कई शिक्षकों ने शिक्षक सैफुद्दीन मिरदाहा के कार्यकुशलता की सरहाना की और व्यवहार से सभी को प्रभावित करने वाला बताया।

शिक्षक को विदाई देने वालों में संघ के प्रखंड उपाध्यक्ष पवन प्रकाश, सचिव संतोष कुमार तिवारी, कोषाध्यक्ष सहदेव कुमार, अब्दुल रहमान, राजकुमार सिंह, अब्दुल रऊफ, मंजुला कच्छप, रबिया बेगम, रेखा साहु, कवर सिंह, सविता प्रसाद, लाल बहादुर शर्मा, जमाल अंसारी, रवि किरण, अवधेश प्रसाद शामिल हैं।

# खलारीः आयुष्मान कार्ड बनाने को लेकर शिविर का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत प्रखंड के सभी प्रज्ञा केंद्रों पर लालए पीलाए हरा राशनकार्ड धारियों का आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु शिविर का आयोजन किया जा रहा है। ऐसे में रविवार को भी पंचायत सचिवालयों में शिविर का आयोजन किया गया जिसमें मुखिया, पंचायत सचिवों, मनरेगा कर्मियों एजेएसएलपीएस की महिला समितियोंए राशन डीलरों द्वारा योग्य लाभुकों को योजना का लाभ दिलवाने के लिए प्रज्ञा केंद्र तक लाया गया। प्रखंड में गुलाबीए पीला और हरा राशन कार्ड धारियों की कुल संख्या 12000 है, जिसमें कुल यूनिट की संख्या लगभग 44000 है। गुलाबी राशन कार्ड धारियों की संख्या 9521 हैए जिसमें टोटल यूनिट 33 हजार 141 है। पीला राशन कार्ड धारियों की कुल संख्या 2485 हैंए जिसमें यूनिट की संख्या 9156 है और ग्रीन कार्ड धारियों की संख्या कुल 309 है, जिसमें लगभग यूनिट की संख्या 1200 है।अभी तक 32000 आयुष्मान कार्ड बन चुका है। 12000 का इस अभियान के तहत 15 फरवरी तक बनाना है।

### नगड़ी के कुम्हार टोली में ग्रामीणों की आमसभा



**पिस्कानगड़ी।** प्रखंड के देवरी पंचायत स्थित कुम्हार टोली गांव के जोड़बर मैदान मे कुम्हार टोली गांव के सैकड़ों ग्रामीणों की आम सभा समाजसेवी सह युवा पत्रकार कमलेश कुमार केसरी की अध्यक्षता में आम सभा का आयोजन किया गया । आम सभा में प्रमुख रूप से गांव की वर्तमान दशा और दिशा, गांव में नशापान पर पाबंदी तथा गांव में बन रहे श्री राम मंदिर को पूर्ण करने के विषय में विचार विमर्श किया गया। साथी ही आम सभा में गांव की युवाओं की स्थिति और गांव के सड़क और नली पर चिंता व्यक्त की गई। लोगों ने संकल्प लिया कि गांव के सर सफाई के लिए महीना में एक बार विशेष रूप से गांव की साफ सफाई सामूहिक रूप से किया जाएगा। साथी साथ गांव में शिक्षा को बढ़ावा देने के प्रचार प्रसार पर जोर दिया जाएगा। आम सभा में समाजसेवी बलराम साहु, गुसरू महत, नन्कू महतो, केश्वर साहू एभोला बैठाए संजय महतोए जलेश्वर महतो, जगना महतो, धनश्याम बैठा, श्रावण महतो, लाला महतो, बुधवा बैठा, राजेश महतो, महेश, आंनद, राहुल, राजू, मनीष, गुड्डू, आरती देवी आदि मौजूद थे।

# चिलदाग के सती टुसू मेला में दिखा नागपुरी संस्कृति का रंग

## माघ पूर्णिमा पर लगा टुसू मेला, जुटे लोग

खबर मन्त्र संवाददाता



**अनगड़ा ।** प्रखंड के चिलदाग गांव में जोड़ा तलाब के पास हर वर्ष मांघ पूर्णिमा में लगने वाला सती टुसू मेला इस वर्ष भी रविवार को धूम धाम से लगा। आसपास के गांव से काफी संख्या मे महिला पुरुष, युवक युवतियां मेला में भाग लेकर मेले का खूब लुत्फ उठाया। मेले का मूख्य आकर्षण रंग बिरंगे टूसे थे जिसे युवतियों ने नाचते गाते हुए मेले मे प्रदर्शित किए एक टुसू काफी लम्बा और आकर्षक था जो लोगों को अपनी और आकर्षित कर रहा था। मेला समिति की ओर से खेलकूद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया था। खेल कूद में सफल प्रतिभागियों समिति की ओर से पुरस्कृत भी किया गया। साथ ही टुसू के साथ आयी महिला समूहों को भी पुरुस्कृत किया गया। मेला मे मुर्गा लड़ाई में भी काफी संख्या में लोगो ने हिस्सा लिया छोटानगपुरी कलाकारों ने अपनी गीतों की प्रस्तुति से लोगों को नाचने झूमने पर मजबूर किया। मेला में मुख्य अतिथि रूप में अनगड़ा पश्चिमी जिला परिषद सदस्य अनुराधा मुंडा विशिष्ट अतिथि प्रमुख दीपा उरांव, शिक्षाविद डॉ अमर कुमार, डॉ रिझू नायक पूर्व मुखिया कामेश्वर, देवव्रत चौधरी, वीरेंद्र सिंह भोक्ता, कामेश्वर महतो, मेला को समिति के राजेंद्र मुंडा एवं रामनाथ महतो ने संयुक्त रूप से संचालन किया। इनके अलावे समिति के अध्यक्ष मुखिया दुर्गा पाहन, पंचायत समिति सदस्य अनिसा खातुन, सचीन नायक, रब्बानी राज सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### संत रविदास जयंती पर मातृ सम्मेलन




**तमाड़।** संत रविदास जयंती के शुभ अवसर पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर तमाड़ के प्रांगण में रविवार को मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में तमाड़ विधायक विकास कुमार मुंडा उपस्थित थे। कुजियांबा मध्य विद्यालय की शिक्षिका दमयंती देवी जो राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित है वह भी इस कार्यक्रम में शामिल हुई। इन सभी को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं के लगभग 300 माता-पिता सम्मेलन मे उपस्थित हुए।

# जांच की मांग

जब से अडाणी ग्रुप पर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट आई है आर्थिक व राजनीतिक क्षेत्रों में तूफान थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस मुद्दे की आंच अब देश की संसद तक जा पहुंची है। विपक्षी दल लगातार अडाणी समूह के वित्तीय लेनदेन की व्यापक जांच के लिये संसदीय पैनल बनाने की मांग करते रहे। वहीं कुछ विपक्षी सुप्रीम कोर्ट की कमेटी से मामले की जांच कराने की मांग करते देखे हैं। इस मामले ने इतना तूल पकड़ा कि हंगामे के चलते आखिरकार लोकसभा व राज्यसभा की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। दरअसल, राजग सरकार के सत्ता में आने के बाद अडाणी समूह का साम्राज्य अप्रत्याशित रूप से बढ़ा है। यह आम धारणा रही है कि राजाश्रय में ही अडाणी समूह फला-फूला है। विपक्ष के इस विरोध के मूल में आर्थिक अनुशासन कायम करने के बजाय मोदी सरकार को कठघरे में खड़ा करना प्राथमिकता नजर आता है। लगातार यह दलील दी जाती है कि अडाणी समूह की अप्रत्याशित सफलता के लिये सरकारी बैंकों से भारी ऋण उपलब्ध कराया गया है। जिससे जनता का पैसा दांव पर लगा है। कुछ समाचार एजेंसियों का दावा है कि आरबीआई ने बैंकों से अडाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड को दिये गये कर्ज का विवरण मांगा है। बहरहाल, हिंडनबर्ग रिसर्च के आरोपों के बाद समूह के शेयरों में भारी गिरावट का क्रम लगातार जारी है। अडाणी समूह ने निवेशकों का विश्वास हासिल करने के लिये बीस हजार करोड़ के एफपीओ को रद्द कर दिया है। स्वयं गौतम अडाणी ने निवेशकों का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि उनका भरोसा बनाये रखना उनकी प्राथमिकता है। निवेशकों को नुकसान से बचाने के लिये एफपीओ रद्द किया गया है। बहरहाल, इसके बावजूद मुद्दे पर विवाद का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है।

# महंगा होता दूध

अमूल ब्रांड के तहत डेयरी उत्पादों की बिक्री करने वाले गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन संघ (जीसीएमएमएफ) ने गुजरात को छोड़कर बाकी सभी बाजारों में दूध के दाम दो रुपये प्रति लीटर बढ़ा दिए हैं। कंपनी का कहना है कि चारा महंगा हो गया है, इसलिए दूध के दाम बढ़ाने पड़ रहे हैं। जीसीएमएमएफ के प्रबंध निदेशक जयेन महेता ने कहा कि दूध के दामों में बढ़ोतरी गुजरात में लागू नहीं होगी। उन्होंने कहा, ह्यगुजरात को छोड़कर हमने दिल्ली, कोलकाता और मुंबई जैसे अन्य बाजारों में दूध के दामों में दो रुपये प्रति लीटर की वृद्धि की है। फिलहाल गुजरात में दूध के दाम नहीं बढ़ेंगे।'' जीसीएमएमएफ ने एक बयान में कहा कि दाम बढ़ने के बाद अमूल ताजा का एक लीटर का पैकेट 54 रुपये का, एक लीटर अमूल गोल्ड 66 रुपये का, एक लीटर गाय का दूध 56 रुपये का और अमूल दूध भैंस के दूध का पैकेट शुक्रवार से 70 रुपये में मिलेगा। इससे पहले अक्तूबर-2022 में अमूल के दूध महंगे हुए थे। अक्तूबर से पहले अगस्त महीने में भी कंपनी ने गुजरात समेत पूरे भारत दूध की कीमतें बढ़ाई थीं। वहीं मार्च 2022 में भी अमूल ने कीमतों में इजाफा किया था। बजट के तुरंत बाद दूध के दाम बढ़ने से जहां लोगों के मासिक बजट पर इसका असर पड़ेगा वहीं दूध का उपयोग करने से लोगों के जीवन-स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर पड़ने की संभावना है। देश में दूध की खपत के हिसाब से लगातार हो रहे वृद्धि को भी यह मूल्य वृद्धि प्रभावित कर सकती है क्योंकि एक बड़ा वर्ग आज भी अपने भोजन में दूध को अनिवार्य पौष्टिक हिस्सा मानकर सेवन करता है। अमूल देशका एक बड़ा दूग्ध उत्पादक ब्रांड है जिसके मूल्य वृद्धि का असर दूसरे ब्रांड और अन्य छोटे दूध उत्पादक परभी पड़ता है। महंगे होते दैनिक उपयोग के इन सामानों से आम लोगों के जीवन पर असर पड़ रहा है।

# आप कब शुरू करेंगे मोटे अनाज का भोजन



**मोटे** अनाज सिर्फ प्रोटीन और फाइबर ही नहीं देते बल्कि, खाने वाले को शरीर में उत्पन्न हो रहे रोगों का निदान भी करते हैं। यदि आप हाल के दिनों में दिल्ली गए हों तो देखेंगे कि राष्ट्रीय राजधानी में भारत सरकार के बहुत से बड़े-बड़े दफ्तर निर्माण भवन, शास्त्री भवन, कृषि भवन के भवनों वगैरह से चलते हैं। जाहिर है, जहां पर हजारों मुलाजिम काम करेंगे और रोज सैकड़ों बाहरी लोगों का भी आना-जाना लगा रहेगा, वहां पर कैंटीन तो होगी ही। इस लिहाज से निर्माण भवन की कैंटीन ने अपने को बदला है। वहां पर अब मोटे अनाज से तैयार होने वाले पकवान भी परोसे जाते हैं। हालांकि पिछले सात दशकों से मात्र गेहूं और मैदे की डिशेज ही मिला करती थीं।

यह एक तरह से यह वर्तमान मोदी सरकार की संकल्प शक्ति और दृढ़ इच्छा का ठोस संकेत है कि चालू वर्ष 2023 को चूंकि विश्वस्तर पर अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। अतः इस वर्ष खान-पान में एक व्यावहारिक बदलाव आये और अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष नाम भर का नहीं रह जाये। इसका प्रस्ताव भारत ने दिया और संयुक्त राष्ट्र महासभा ने इसका अनुमोदन किया। भारत के इस प्रस्ताव को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 5 मार्च 2021 को अपनी स्वीकृति दी थी। इसका उद्देश्य विश्व स्तर पर मोटे अनाज के उत्पादन और खपत के प्रति जागरुकता पैदा करना है।

दरअसल मोटे अनाजों में पोषक तत्व प्रचुर मात्रा में होते हैं। बीटा-कैरोटीन, नाइयासिन, विटामिन-बी6, फोलिक एसिड, पोटेशियम, मैग्नीशियम, जस्ता आदि से भरपूर इन अनाजों को सुपरफूड भी कहा जाता है। ज्वार, बाजरा, रागी (मडुआ), मक्का, जौ, कोदो, सामा, सांवा, कंगनी, कुटकी चीना आदि जिसे लघु घान्य या श्री धान्य भी कहा जाता है मोटे अनाज की श्रेणी में आते हैं। लघु धान्य या कुटकी, कांगनी और चीना जैसे अनाज मिलेट्स यानी मोटा अनाज होते हैं। इनका सेवन करने से हड्डियों को मजबूती मिलती है। कैल्शियम की कमी से बचाव होता है। ज्यादा फाइबर होने से पाचन दुरुस्त होता है। वजन कंट्रोल होने लगता है। दुबले-पतलों का वजन कुछ बढ़ जाता है तो ज्यादा वजन वालों का घाट जायेगा। एनीमिया का खतरा कम होता है। यह डायबिटीज तथा दिल के रोगियों के लिए भी यह उत्तम माना जाता है। जब इन दोनों रोगों की चपेट में लगातार लोग आ रहे हैं तब मोटे अनाज का सेवन संजीवनी बूटी का काम कर सकता है।



-आरके सिन्हा

> गेहूं में पाया जाने वाला ग्लूटेन नाम का रसायन डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, हृदय रोग, मानसिक बीमारियों के साथ-साथ मोटापे की भी मुख्य वजह है। गेहूं छोड़िये और वजन घटाइए। अभी हम जिस गेहूं से पका हुआ भोजन कर रहे हैं, उससे हमारी सेहत बिगड़ रही है। देखिए अब देशवासियों को अपनी जुबान से ज्यादा अपनी सेहत पर ध्यान देना होगा। वह तब ही संभव है जब हम मोटा अनाज को अपने भोजन का हिस्सा बनाने लगेंगे। देरी छोड़िये, अपना स्वास्थ्य सुधारिये।

अगर विवाह के कार्यक्रमों में भी मोटा अनाज से तैयार कुछ व्यंजन अतिथियों को परोसा जाए तो यह एक शानदार पहल होगी। आखिर हम कब तक वही खाएंगे जो खाते आ रहे हैं और बीमार पड़ते चले जा रहे हैं। आप विश्व भर में सारी बीमारियों की जड़ गेहूं है। मैं सलाह देता हूं कि पाठक गूगल पर सर्च करके एक पुस्तक वीट बेली यानी गेहूं की तोंद नामक पुस्तक को डाउनलोड कर लें जिसने पूरे अमेरिका और यूरोप में तहलका मचाया हुआ है। वीट बेली अमेरिकी वैज्ञानिकों के शोध के उपरांत तैयार एक ऐसी पुस्तक है जिसमें यह सिद्ध किया गया है कि गेहूं में पाया जाने वाला ह्यग्लूटेनह्न नाम का रसायन डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, हृदय रोग, मानसिक बीमारियों के साथ-साथ मोटापे की भी मुख्य वजह है। गेहूं छोड़िये और वजन घटाइए। अभी हम जिस गेहूं से पका हुआ भोजन कर रहे हैं, उससे हमारी सेहत बिगड़ रही है। देखिए अब देशवासियों को अपनी जुबान से ज्यादा अपनी सेहत पर ध्यान देना होगा। वह तब ही संभव है जब हम मोटा अनाज को अपने भोजन का हिस्सा बनाने लगेंगे। अब इस लिहाज से देरी करने का समय नहीं रह गया है। देरी से नुकसान ही होगा। देरी छोड़िये, अपना स्वास्थ्य सुधारिये।

भारत मोटे अनाज का वैश्विक केंद्र बने और अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष 2023 को जन आंदोलन का रूप दिया जाए। बेशक, भारत दुनिया को मोटा अनाज के लाभ बताने-समझाने में अहम भूमिका निभा रहा है। हमारे देश में एशिया का लगभग 80 प्रतिशत और विश्व का 20 प्रतिशत मोटा अनाज पैदा होता है। चूंकि, यह असिंचित भूमि पर आसानी से हो सकता है अतः यदि मांग बढ़ेगी तो भारत में इसकी पैदावार कई गुना बढाई जा सकती है। अभी तो गरीब किसान खुद के खाने भर ही मोटे अनाज को उगाते हैं। जब उनका मोटा अनाज बाजार में बिकने लगेगा तो वे क्यों न अपना उत्पादन बढ़ाएंगे ? एक अनुमान के मुताबिक, 100 से अधिक देशों में मोटे अनाज की खेती होती है। आपको बुजुर्ग बता सकते हैं कि मोटा अनाज (ज्वार, बाजरा, रागी (मडुआ), जौ, कोदों आदि) पहले खूब खाया जाता था। हम गेहूं के आटा के आदी हो चुके हैं तो मिलेट्स और गेहूं का आटा मिलाकर भी खा सकते हैं। अगर हम गेहूं के साथ कई तरह के अनाज या चने आदि को पिसवा लें तो मल्टीग्रेन आटा बन जाता है। जैसे गेहूं में प्रोटीन कम होता है लेकिन चने में ज्यादा। मिस्सी रोटी भी ऐसे ही तैयार होती है। पारंपरिक तौर पर दाल-चावल, दाल-रोटी की जोड़ी भी ऐसी है जिसमें अलग-अलग तरह के एमिनो एसिड होते हैं जो एक-दूसरे की कमी दूर करते हैं। गेहूं की एलर्जी से बचने के लिए अनाज को बदल-बदलकर खाना चाहिए। मल्टीग्रेन आटा तैयार करने का पहला तरीका है कि पहले महीने 10 किलो गेहूं के आटे में दूसरे अनाज 10 फीसदी ही मिलवाएं। तीन महीने बाद 25 फीसदी मिला लें। फिर तीन महीने बाद आधा गेहूं और आधा दूसरा आटा कर दें। वैसे बाजार में मिलनेवाले पैकेट के आटे में सिर्फ 10 फीसदी ही मल्टीग्रेन होता है। आटा को 15 दिन से ज्यादा पुराना होते ही उसकी पौष्टिक क्षमता कम होती जाती है। इस बीच, अभी भी देश के उत्तरी राज्यों में जाड़े मौसम चल रहा है। जाड़े में मोटा अनाज खाना बेहद मुफीद रहता है। ठंड के दिनों में शरीर को गर्म रखने में भोजन की अहम भूमिका रहती है। मोटा अनाज खाने से जाड़े से बचाव होता है। इसलिए मोटा अनाज अवश्य खाना चाहिए। जैसा कि हम जानते हैं मोटे अनाज में जौ, बाजरा, मक्का आदि शामिल होता है। इस अनाज की तासीर गर्म होती है। ये शरीर में पहुंचकर गर्माहट देते हैं। सर्दी में मोटा अनाज खाने की सबसे बड़ी वजह यही है।

## खास बात

### अडानी पर मार

**अमेरिकी** फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट के बाद से अदाणी समूह के शेयरों में बिकवाली जारी है। समूह पर वित्तीय अनियमितता के आरोप लगने से पिछले दो दिन में उसका बाजार पूंजीकरण 50 अरब डॉलर (4.2 लाख करोड़ रुपये) घट गया है। इसका असर शेयर बाजार और खास तौर पर बैंकिंग शेयरों पर भी दिखा है।

बाजार में उतार-चढ़ाव को आंकने वाला इंडिया वीआईएक्स सूचकांक 18 फीसदी बढ़कर 17.3 पर पहुंच गया, जिससे आगे भी बाजार में ज्यादा घट-बढ़ के संकेत मिलते हैं। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने 5,978 करोड़ रुपये के शेयरों की बिकवाली की।

केआर चोकसी होल्डिंग के संस्थापक एवं प्रवर्तक देवेन चोकसी ने कहा, ह्यअदाणी समूह पर जो सवाल उठाए गए हैं, वह उसके कारोबार पर नहीं हैं बल्कि कंपनी प्रशासन से जुड़े हुए हैं। आज की गिरावट कुछ वैश्विक ट्रेडरों की शार्ट पोजिशन की वजह से आई है। यह खतरनाक स्थिति है क्योंकि इससे निवेशकों में घबराहट पैदा होती है।

हिंडनबर्ग ने बुधवार को अपनी रिपोर्ट में अदाणी समूह पर शेयरों में हेरफेर करने, खातों में गड़बड़ी करने और क्षमता से ज्यादा कर्ज लेने के आरोप लगाए थे। अदाणी समूह ने इन आरोपों को निराधार और दुर्भावनापूर्ण बताया था। समूह कानूनी कदम उठाने पर भी विचार कर रहा है। इस रिपोर्ट से निफ्टी पीएसयू बैंक सूचकांक में 5.4 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई।

सीएलएसए ने एक नोट में कहा है, ह्यसार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की अदाणी समूह के कुल कर्ज में करीब 30 फीसदी हिस्सेदारी है, लेकिन पिछले तीन साल से कुल कर्ज में इनकी हिस्सेदारी बढ़ी नहीं है।महज दो कारोबारी सत्र में देसी शेयर बाजार का पूंजीकरण करीब 11 लाख करोड़ रुपये घट गया। अदाणी समूह के बाजार पूंजीकरण में 38 फीसदी की कमी आई है।

इसका असर गौतम अदाणी की हैसियत पर भी पड़ा है, जो घटकर 100 अरब डॉलर से नीचे आ गई है और वह अमीरों की सूची में तीन पायदान नीचे फिसल गए हैं। पिछले साल अदाणी दुनिया दूसरे सबसे अमीर शख्स बने। इससे पहले फिच समूह की फर्म क्रेडिटसाइट्स ने अदाणी समूह के कर्ज पर चिंता जाहिर की थी।

**चाईबासा** में हुए आईईडी विस्फोट में सीआरपीएफ के तीन जवानों के घायल होने की अत्यंत दुःखद सूचना मिली। ईश्वर से उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

– सुदेश महतो, आजसू प्रमुख

## आपके ट्वीट



**तत्व** की दृष्टि से मनुष्य और समष्टि के अन्य प्राणियों में कोई विभेद नही है,एतदर्थ हमें समवेत होकर समाज और राष्ट्र के लिए कार्य करना चाहिए।सनातन हिन्दू वैदिक संस्कृति में चिरकाल से ही वैश्विक शान्ति और सद्भावना के सूत्र समाहित हैं ! -अवधेशानंद गिरी



**इस** अभियान का हिस्सा बने काशी के मेरे सभी भाई-बहनों को हार्दिक शुभकामनाएं। आपका आरोग्यपूर्ण जीवन काशी के विकास में नई ऊर्जा प्रदान करेगा। संदर्भ काशी (नेत्र चिकित्सा अभियान)

-नरेन्द्र मोदी, पीएम

# श्रेष्ठ शरीर

साध्वी मनीषा

यह सर्वश्रेष्ठ मनुष्य शरीर परमात्मा की कृपा से बड़े सौभाग्य से मिलता है। परमात्मा ने इंसान का शरीर भी गजब का बनाया है। अनमोल स्वांस के भीतर इतनी शक्ति है कि जीते-जी इस शरीर में इतनी संभावनाएं छोड़ी हैं कि भोगने उतर जाओ तो जानवर से भी ज्यादा भोग सकते हो। यदि इस शरीर का सही उपयोग करके अभ्यास से इसके भीतर हृदय में विराजमान परमानंद का साक्षात्कार कर लिया जाए तो इसी शरीर में ब्रह्मांड का सम्राट भी बना जा सकता है। असीम संभावना वाली यह देह जाते-जाते, खत्म होने के बाद भी जिंदगी को लेकर गजब के संदेश दे जाती है। मरने के बाद मनुष्य शरीर जला दिया जाता है, दफना दिया जाता है या बहा दिया जाता है। तीनों ही स्थितियों में इसकी राख, मिट्टी बड़ा संदेश दे जाती है। चिता की राख में जो संदेश है वह उसकी आग में नहीं है। पांच-छह फीट का शरीर कुछ मुट्ठी राख में बदल जाता है।

अब आप सभी गहराई से चिंतन किजिए, यही तो सबसे बड़ा संदेश है कि आखिर में रह क्या जाएगा? जिंदगी भर जिस बात के लिए सारा तमाशा करते हैं, यदि उसके समापन पर नजर डाल लें तो इस स्वांस के भीतर की शक्ति को पहचान कर स्वयं को जानने के लिए तीव्र जिज्ञासा पैदा होती है। वो चंद मुट्ठी राख, वो कब्र की जरा-सी मिट्टी बताती है कि मेरे रूप में तब्दील होने से पहले तुम्हारे पास जो था उसका सदुपयोग कर लेना।

# अमृतकाल में शिक्षा की संजीवनी देश को मिले

## सामयिक

गिरीश्वर मिश्र

ज्ञान सबसे पवित्र था और ज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में जितनी प्रगति थी उसकी बदौलत भारत को विश्व गुरु का दर्जा भी मिला था। परंतु औपनिवेशिक काल में शिक्षा पर ताला ऐसा पड़ा शिक्षा के भारतीय ज्ञान को ले कर जो संशय और उदासीनता हुई और हम ज्ञान के क्षेत्र में अनुकरण करने वाले होते गए।

ज्ञान की परनिर्भरता ने सुदृढ़ होती गई और पश्चिम (यूरो-अमेरिकी मॉडल) को एकल, मानक और वैश्विक विकल्प मान बैठे और शेष को उससे विचलन मान लिया। गौरतलब है कि उपनिवेश बनने के पहले भारत विश्व में अधिक समृद्ध देशों में से एक था और कभी यहां विश्वस्तरीय शिक्षा केंद्र भी थे जिन्हें आक्रांताओं ने नष्ट किया था । औपनिवेशिक समुदाय की स्वीकृति के साथ अब नव उदारवादी माहौल में हम पराई दृष्टि में जकड़ते ही चले गए। हमारी पूरी शिक्षा ज्यादातर अनुकरणमूलक होती गई जिसमें यांत्रिक बुद्धि ने सर्जना शक्ति को हाशिए पर भेज दिया। बाहर से आरोपित होने की स्थिति में शिक्षा और समाज का ठीक तालमेल भी नहीं हो सका। आज यदि शिक्षा के प्रति संशय और अन्यमनस्कता है तो इसका एक बड़ा कारण शिक्षा की विषयवस्तु और प्रक्रिया की दुर्बलता और देश के संदर्भ से उसका कटा होना भी है। साथ ही शिक्षा के साथ सरकारी नीति में लगातार उपेक्षा और भेदभाव भी बना रहा। बजट में जो बचा खुचा होता है शिक्षा को मिलता है। आज आंगनवाड़ी, प्राथमिक विद्यालय, हाईस्कूल, माध्यमिक विद्यालय, महाविद्यालय और विश्वविद्यालय जैसी संस्थाओं की स्थिति संसाधनों और अव्यवस्था के चलते नाजुक होती जा रही है।

खेदजनक है कि यह जानते हुए भी कि शिक्षा सामाजिक परिवर्तन, आर्थिक प्रयत्न, रोजगार के अवसर और सांस्कृतिक विकास की कुंजी है इसे देश की विकास-योजना में कभी भी वह जगह नहीं मिली जो मिलनी चाहिए थी। फलतः शिक्षा में जरूरी निवेश नहीं हुआ, सरकार यानी सार्वजनिक क्षेत्र इससे हाथ खींचने लगा, निजी क्षेत्र हाबी होने लगा, शिक्षा बाजार के हवाले होती गई, वह बाजार का हिस्सा बन गई। फिर शिक्षा का व्यापार शुरू हो गया। सभी बड़े व्यापारी शिक्षा की दुकानें खोलने लगे और शिक्षा की जो भी संरचना थी वह ध्वस्त होने लगी। निजी क्षेत्र में शिक्षा का विस्तार जिस तरह हो रहा है उसके कई परिणाम हो रहे हैं। सम्पन्न घरों के छात्र ऊंची फीस दे कर वहां पढ़ाई कर रहे हैं। दिल्ली के आसपास अशोका, अमिटी, शिव नाडार और जिन्दल के विश्वविद्यालय जहां अंतरराष्ट्रीय स्तर लाने की कोशिश हो रही है शैक्षिक असमानता का एक नया आयाम खुल रहा है। यही हाल पुणे, बेंगलुरु और अन्य महानगरों का भी है। निजी विश्वविद्यालय सरकारी विश्वविद्यालयों की तुलना में कई-कई गुनी फीस ले कर विभिन्न पाठ्यक्रमों की पढ़ाई कर रहे हैं। उनकी नीति और नियम अपने ही ढंग के हैं। संविधान द्वारा शिक्षा के अधिकार सबको देने के बावजूद शिक्षा के अवसर अभिभावक की आर्थिक स्थिति से मजबूती से जुड़ते गए। आज की एक कटु सच्चाई यही है कि हर स्तर पर भारतीय शिक्षा संस्थाओं की कई-कई जातियां, उप जातियां खड़ी होती जा रही हैं। शिक्षालय के साथ कोचिंग की विराट संस्थाएं खड़ी होती गईं और सामान्य विद्यालयी शिक्षा संदिग्ध होती गई। फिलहाल जैसे तैसे प्रवेश और परीक्षा को निपटाना ही शिक्षा के लक्ष्य बने हुए हैं। भारत के प्रतिभाशाली विद्यार्थी जिनकी पर्याप्त आर्थिक सामर्थ्य है अवसरों की तलाश में बड़े पैमाने पर विदेश की ओर रुख कर रहे हैं। यह प्रवृत्ति कम नहीं हो रही है।

## कार्टून वर्ल्ड




साभार : कार्टून मूवमेंट

## लेटर टू एडिटर

### विसंगतियों की शिक्षा

**आर्थिक** मंदी के चलते मध्य वर्गीय परिवार के लिए मोबाइल-कंप्यूटर खरीद पाना बस की बात नहीं है। संभावित परिणामों पर विचार किये बिना ही लागू कर दी गयी। घर बैठे ऑनलाइन शिक्षा ने लाभ की अपेक्षा अधिकतर विद्यार्थियों को शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक रूप से कमजोर अवश्य कर दिया है। अब सबको मोबाइल चिंता की बात है।

–प्रदीप सिंह, रांची

### शासन की जवाबदेही

**पुलिस** और आबकारी विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार और मिलीभगत के बिना अवैध शराब का उत्पादन और बिक्री सम्भव नहीं। अनेक मामलों में उच्च स्तर पर सरकारी संरक्षण उजागर हुआ है। बिहार में नशाबंदी लागू कर नीतीश सरकार ने कमाल किया है। आबकारी कर से धन अर्जित करने वाली सरकार का दायित्व है कि उपभोक्ता को गुणवत्तापूर्ण शराब उपलब्ध कराये।

–आनंद झा, जमशेदपुर

# हमारे देश में हिंदू और मुसलमान का भेद ही नहीं है

## चिंतन

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

**केरल** के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने ह्यकेरल हिंदू ऑफ नार्थ अमेरिकाह्न नामक संस्था के कार्यक्रम में इतिहास का एक बहुत ही महत्वपूर्ण पृष्ठ पलटकर सारे देश को दिखा दिया है। उन्होंने कहा कि प्रसिद्ध मुस्लिम नेता और बड़े चिंतक सर सय्यद अहमद खान ने अब से लगभग 150 साल पहले आर्यसमाज की एक सभा में यह बात दो-टूक शैली में कही थी कि उन्हें अपने आप को हिंदू कहने में जरा भी संकोच नहीं है। उन्होंने सभी श्रोताओं से कहा कि आप चाहें तो मुझे हिंदू ही कहें, क्योंकि जो आदमी भारत में पैदा हुआ है, जो व्यक्ति यहां का अन्न खाता है और यहां की नदियों का पानी पीता है, वह हिंदू नहीं है तो कौन है?

उन्होंने कहा कि हिंदू शब्द का धार्मिक अर्थ निकालना गलत है। हिंदू शब्द तो शुद्ध भौगोलिक है। हिंदू शब्द की व्याख्या करते हुए यही बात मैंने अपने ग्रंथ ह्यभाजपा, हिंदुत्व और मुसलमान में विस्तार से प्रतिपादित की है। सच्चाई तो यह है कि हिंदू या हिंदुत्व शब्द भारत के किसी भी धर्मग्रंथ में नहीं है। मैंने वेद, उपनिषद्, दर्शन ग्रंथ और पुराण ग्रंथ भी पढ़े हैं। इन सभी ग्रंथों में यहां तक की रामायण और महाभारत में भी हिंदू शब्द कहीं नहीं आया है। भारत के निवासियों के लिए प्रायः आर्य शब्द का ही प्रयोग होता रहा है। वास्तव में हिंदू शब्द का प्रयोग अरब और फारस के मुसलमानों ने पहली बार किया है। वास्तव में हिंदू शब्द के इस्तेमाल की उत्पत्ति हम खोजने लगें तो हमें यह मानना पड़ेगा कि यह इस्लामी शब्द है लेकिन इसका इस्लाम से कुछ लेना देना नहीं है। यह मजहबी नहीं, भौगोलिक शब्द है। हिंदू शब्द सिंधु से बना है। फारसी भाषा में ह्यसह्न का उच्चारण ह्यहह्न होता है। सिंधु को फारसी भाषा में ह्यहिंदूह्न कहते हैं। सिंधु नदी के इस पार जो लोग रहते हैं, उन्हें हिंदू कहा जाता है। यह हिंदू शब्द चीन में ह्यइंदुह्न बोला जाता है। मैं चीन के गांवों में जाता था तो चीनी लोग चीनी भाषा में कहते थे कि ह्यमैं इंदू हूंह्न, क्योंकि मैं ह्यइंदह्न से आया हूं। एक बार मेरे साथ शंघाई में कुछ मुंबई के मुसलमान मित्र भी बाजार में घूम रहे थे। उन्हें भी चीनी लोग ह्यइंदु रैनह्न याने हिंदू आदमी ही बोल रहे थे। दूसरे शब्दों में हर भारतीय हिंदू ही है। उसे विदेशों में अलग-अलग उच्चारणों से जाना जाता है। उसे हिंदी, हिंदवी, हून्दू, हन्दू, इंदू, इंडीज, या इंडियन भी कह दिया जाता है।

मेरी इस हिंदू शब्द की व्याख्या को आरिफ भाई ने सर सय्यद की मोहर लगाकर और अधिक प्रामाणिक बना दिया है। स्वयं आरिफ भाई बड़े विद्वान नेता हैं। मुझे खुशी है कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के मुखिया मोहन भागवत ने पिछले दिनों कई बार इस कथन को दोहराया है कि हिंदू और मुसलमानों का डीएनए एक ही है। इसीलिए हमारी मुसलमान मोहम्मदी हिंदू हैं और हमारे ईसाई मसीही हिंदू हैं। यही भाव भारत की एकता को सबल बना सकता है। हमारे मुसलमानों और ईसाइयों को मैं इसीलिए दुनिया का सर्वश्रेष्ठ मुसलमान और सर्वश्रेष्ठ ईसाई कहता हूं, क्योंकि उनकी रग-रग में हजारों वर्षों का भारतीय संस्कार जिंदा बहता है।

**(लेखक, भारतीय विदेश परिषद नीति के अध्यक्ष हैं।)**

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## एग्रीमेंट की राशि नहीं देने का लगाया आरोप

**रामगढ़।** आरिफ अहमद कुरैशी उम्र लगभग 40 वर्ष पिता स्व शमीम अहमद कुरैशी, साकिन गोलपार, थाना निवासी ने रामगढ़ थाना में आवेदन दिया है। आवेदन में उन्होंने बताया है कि उन्होंने कुजू ओपी निवासी एक व्यक्ति के साथ भूमि लेनदेन के लिए इकरारनामा किया था। जो तीन डिसमिल के लिए प्रति डिसमिल 1 लाख 60 हजार रूपए के दर पर तय हुआ था। बताया कि इसके एवज में उन्होंने 1 लाख 50 हजार रूपए की राशि दे दी थी। बाद में जिसके साथ एग्रीमेंट हुआ था वह इससे मुकर गया और दी गई राशि लौटाने में अनाकानी कर रहा है। आरिफ कुरैशी ने मामले में कार्रवाई की मांग की है।

## प्रमाण पत्र वितरण समारोह संपन्न

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रिभर साईड भुरकुंडा स्थित वर्कर्स क्लब में सोतोकान कराटे डू फेडरेशन अफ भुरकुंडा दोजो के तत्वावधान में रविवार को कराटे प्रशिक्षण सह ग्रेडेशन प्रमाण-पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में भुरकुंडा, रिवर साइड एवं सयसल के 40 सफल कराटेकारों को भुरकुंडा शाखा के मुख्य प्रशिक्षक सह शोकाफ के टेक्निकल डायरेक्टर किओसी नरेंद्र सिन्हा (ब्लैक बेल्ट सातवीं डान) व राशि सिन्हा (ब्लैक बेल्ट द्वितीय डान) द्वारा प्रमाण-पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। मौके पर नरेंद्र सिन्हा ने कहा कि कराटे से शारीरिक व मानसिक विकास तो होता ही है यह हमें अनुशासन की भी सीख देता है। उन्होंने कहा कि कराटे आत्मरक्षा का बेहतर साधन है। योग व कराटे स्वस्थ्य शरीर के लिए जरूरी है। प्रमाण-पत्र पाने वालों में पीला बेल्ट में तन्मय कुमार साहू, मुकुल आनंद, आयुष कुमार, अरेंज बेल्ट में नादिर अख्तर, स्नेहा कुमारी, ग्रीन बेल्ट में रितेश कुमार, ध्रुव कुमार झा, ब्लू बेल्ट में साक्षी शर्मा, तेजस झा, रक्षित वर्मा, आध्या वर्मा, ब्राउन बेल्ट तृतीय क्यू में मयंक सिन्हा, आयुष कुमार, आदर्श कुमार, ओजस दधीच, पावनी दधीच, ब्राउन बेल्ट द्वितीय एवं प्रथम क्यू में अर्जुन कुमार, मो. साहिल आदि शामिल हैं।

## संत रविदास जी की वाणी को अपने जीवन में उतारने की जरूरत है : पुन्नू राम

**रजरप्पा।** चितरपुर प्रखंड के छोटकी लारी में रविवार को संत शिरोमणि गुरु रविदास की 646वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर उनकी तस्वीर पर सेवानिवृत्त प्राचार्य पुन्नु राम नायक एवं पूर्व पंचायत समिति सदस्य गीता देवी ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। बच्चों ने 'अब कैसे छूटै नाम रट लागी।।' गुरुवाणी का सामूहिक पाठ किया। इस अवसर पर पुन्नु राम नायक ने बच्चों को बताया कि आज के ही दिन रविवार माघ पूर्णिमा संवत 1443 को उनका जन्म हुआ था, उनके पिता का नाम राघव (रघु), माता का नाम करमा, पत्नी का नाम लोना तथा इकलौता पुत्र विजय था। वे जन्मजात भक्त थे और सर्व धर्म समभाव के समर्थक थे। संत रविदास ने अपना जीवन प्रभु की भक्ति और सत्संग में बिताया था। वे बेहद ही परोपकारी थे। ऐसा कहा जाता है कि इन्हें मीरा बाई भी अपना गुरु मानती थीं। इनकी प्रतिभा से सिकंदर लोदी भी प्रभावित हुआ था। संत रविदास जी की वाणी को अपने जीवन मे उतारने की जरूरत है। ऐसे महापुरुष को अपना आदर्श मान कर जीवन जीने का प्रयास करना चाहिए। हमे अपने समाज के उत्थान के लिए कार्य करने की आवश्यकता है।

## दुर्गा मंडप के स्थापना दिवस को लेकर कलश यात्रा का आयोजन

**रामगढ़।** थाना चौक स्थित दुर्गा मंडप के 5वें स्थापना दिवस को लेकर रविवार को कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कलश यात्रा दुर्गा मंडप परिसर से आरंभ होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए वापस दुर्गा मंडप पहुंचकर संपन्न हुई। इसके उपरांत दुर्गा मंडप में कलशों की स्थापना किया गया। साथ ही धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन हुआ। जिसमें सतीश गुप्ता सपत्नीक किरण गुप्ता शामिल हुए और अनुष्ठान विधि पूर्वक संपन्न किया गया। इसके उपरांत भंडारा का आयोजन किया गया।

### अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति ने धनवार में बैठक का किया आयोजन

# इस्लाम में दहेज लेना-देना दोनों हराम : मो क्यूम

### सामाजिक एकजुटता, दहेज व नशामुक्त समाज बनाने को लेकर हुई चर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक में शामिल अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति के पदाधिकारी व अन्य।

**बरही।** अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति बरही विधानसभा के जानिब से धनवार में एक बैठक मदरसा जामिया फैजुर रशीद में उच्च तालीम, समाज में एकता, दहेज मुक्त व नशा मुक्त समाज को लेकर किया गया। बैठक में चर्चा हुआ कि जो बच्चों के पढ़ने या किन्ही को पढ़ाने में कोई परेशानी हो रही हों तो उसके लिए अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति सहयोग के लिए तैयार है। बतौर मुख्य अतिथि ओवैस खान व विशिष्ट अतिथि के रूप में अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति के अध्यक्ष मो क्यूम, 20 सूत्री अध्यक्ष मो इकबाल रजा शामिल हुए। मुख्य अतिथि ओवैस खान ने कहा कि कोई लड़का या लड़की अपने समाज का डॉक्टर, इंजीनियरिंग या वकालत की पढ़ाई करना चाहते है तो वह झारखंड सुपर 40 के तहत निःशुल्क पढ़ाने का काम करेंगे। बैठक में उपस्थित तमाम मुस्लिम समाज के लोगों ने एक सुर में कहा कि आधी रोटी खाएंगे फिर भी अपने बच्चों को पढ़ाएंगे। साथ ही समाज में गंगा जमुना तहजीब को कायम रखेंगे। कहा कि कोई भी मामला हो तो हम सभी आपस में बैठक कर उसका निदान निकालेंगे। अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति के अध्यक्ष मो क्यूम ने दहेज को गैर इस्लामी और एक जुर्म बताते हुए लोगों से दहेज न लेकर लोगों से शादी करने की अपील की। कहा कि दहेज लेनदेन की वजह से देश की कई होनहार बेटियों की जान जा चुकी है। वहीं 20 सूत्री अध्यक्ष मो इकबाल रजा ने कहा कि आज भी समाज में कई कुरीतियां व्याप्त हैं, इसका प्रमुख कारण शिक्षा की कमी है। अगर तालीम हासिल करेंगे तो कुरीतियां खुद ब खुद दूर होंगी और समाज आगे बढ़ेगा। मौके पर 20 सूत्री सदस्य अब्दुल इम्तियाज, मीडिया प्रभारी मो तौकीर रजा, फाउंडर सदस्य पप्पू खान, सदर मो सेराज, हाजी मो मकसूद, मो निजामुद्दीन मुफ़्ती अब्दुल रशीद, मो रफीक, मौलाना शाहिद, मो अफरोज, मो अल्ताफ, मो वसीम, मो वसिफ, मो एहसान, मो कुर्बान, मो इकबाल, अब्दुल क्यूम, मो आशिक, मो जावेद, मो सरफराज, मो विलायत, मो तबारक, मो वारिस, मो रुस्तम, तबरख हुमायूं, शाबिहा निखहत, अफसाना खातून, आफरीन, अशनेहा प्रवीण, शबिशता प्रवीण, नूर जहाँ प्रवीण, सिमा प्रवीण सहित कई लोग मौजूद थे।

# राष्ट्रीय सेवा मंच ने 200 गरीबों को कराया भोजन

### कहा- गरीबों की सेवा सर्वोपरि

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** राष्ट्रीय सेवा मंच सामाजिक संस्था ने प्रत्येक सप्ताह की भांति रविवार को भी दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से साप्ताहिक बाजार भुरकुंडा में दातुन-बतल बेचने आये गरीबों के बीच भोजन का वितरण किया। इस दौरान मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, प्रो. रामानुज सिंह व स्व. शांति देवी के परिजनों के सौजन्य से 200 गरीब महिला-पुरूष व बच्चों के बीच पुरी-सब्जी व जलेबी का वितरण किया गया। मौके पर मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने बताया कि बलकुदरा निवासी स्व. शांति देवी की याद में पति जलेश्वर साहू सहित अशोक साहू, संजय प्रसाद, दिलीप कुमार, रामेश्वर साहू, प्रमोद साहू, परमेश्वर साहू, अयोध्या प्रसाद, राजेश प्रसाद, अभि व अंशु कुमार आदि परिजनों द्वारा गरीबों को भोजन कराया गया है। डब्लू सिंह ने कहा कि मंच का उद्देश्य ही समाजहित में कार्य करते हुए गरीबों की सेवा करना है। उन्होंने कहा कि सबों के सहयोग से पिछले 7 वर्षों से मंच द्वारा गरीबों को भोजन कराया जाता रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा। श्री सिंह ने कहा कि गरीबों की सेवा के लिए मंच हर सार्थक कदम उठाता रहेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, भूपेन्द्र वर्णवाल, लालू उरांव, लखन राम, प्रो.रामानुज सिंह, जय प्रकाश पांडेय आदि का विशेष योगदान रहा।

# अवैध कत्था निर्माण भट्टी को ध्वस्त किया गया

### 22 डेकचा, 3 बाल्टी, कोड़ी-कुदाल एवं अन्य सामग्री बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता

**बड़कागांव।** बड़कागांव वन विभाग द्वारा केरेडारी थाना अंतर्गत के मनातू परिसर क्षेत्र के लाजीदाग एवं मसूरिया सुरक्षित जंगल से छापामारी कर दो अलग-अलग अवैध कत्था निर्माण भट्टी का ध्वस्त किया गया। इस दौरान 30 - 40 किलो गिला कत्था सहित कत्था बनाने के लिए प्रयोग में लाए जाने में 22 डेकचा, 3 बाल्टी, कोड़ी- कुदाल एवं अन्य सामग्री बरामद किया गया। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि कत्था बनाने वाले लोगों की पहचान की जा रही है जिन पर कार्रवाई होगी। छापामारी में वनपाल रामचंद्र प्रसाद, वनरक्षी मनोरंजन कुमार, भोला साहू, केशव महतो, विनोद बेसरा, कृष्णा प्रसाद महतो, अजय कुमार यादव, चंदन कुमार सिंह एवं अन्य वन कर्मी शामिल थे।

# पदाधिकारियों ने किया समीक्षा बैठक का आयोजन

### कांग्रेस पार्टी के मंडल अध्यक्ष एवं पंचायत अध्यक्षों ने बैठक में लिये कई अहम निर्णय

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक करते कांग्रेस के पदाधिकारी।

**बरही।** प्रखंड अंतर्गत बरसोत पंचायत स्थित खालसा होटल परिसर में कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मन्नान वारसी की अध्यक्षता में कांग्रेस पार्टी के मंडल अध्यक्ष व पंचायत अध्यक्षों का बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में भारत जोड़ो यात्रा की भव्य सफलता को देखते हुए समीक्षात्मक बैठक कर चर्चा किया गया। साथ ही पार्टी की मजबूती के अलावे चुनाव के दौरान बूथ प्रबंधन पर विचार किया गया।बैठक में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की विचारधारा के प्रति लोगों को समर्पित होकर पार्टी को सांगठनिक रूप मजबूती प्रदान करने की जरूरत है। मौके पर रघुवीर यादव, पंचमाधव पंचायत अध्यक्ष बीरेंद्र कुमार यादव, मनोज रविदास, पंकज कुमार, बलराम कुमार, मो0 तैयब अंसारी, मो0 बख्तियार, राजदेव यादव, रमेश प्रसाद चंद्रवंशी, कौलेश्वर प्रसाद, सुभाष यादव, जागेश्वर यादव, मुनीलाल ठाकुर, जवाहर लाल यादव, राजेन्द्र यादव, समशेर आलम, खड्गधारी यादव, मो0 वारिस, एवं मो0 सरताज के अलावे कई लोग मौजूद थे।

### संत रैदास की जयंती पर पूर्व विधायक मनोज यादव विभिन्न जगहों पर आयोजित कार्यक्रम में हुए शामिल

# संत रैदास ने सभ्य समाज की कल्पना कर उसे मूर्त रूप देने में महत्ती भूमिका निभायी : मनोज



संत रैदास जयंती में शामिल पूर्व विधायक मनोज यादव।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** संत रैदास जयंती पर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव विधानसभा अंतर्गत विभिन्न जगहों पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। पूर्व विधायक श्री यादव गोरियाकरमा, कजरा, करियातपुर, जामुखाडी में आयोजित संत रैदास जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने संत रैदास के आदर्शो पर चलने का संकल्प दिलाया। पूर्व विधायक श्री यादव ने कहा कि संत रविदास ने सामाजिक एवं आध्यात्मिक संघर्ष किया था। एक सभ्य समाज की न सिर्फ कल्पना की, बल्कि उसे मूर्त रूप देने में भी अहम भूमिका निभाई। संत रविदास ऐसे महापुरुष हैं, जिन्होंने जाति धर्म से ऊपर उठकर दुनिया को एकता भाईचारे का संदेश दिया। संत रविदास जी ने समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने का काम किया था। आज भी करोड़ों लोग संत रविदास को अपना आदर्श मानकर उनकी पूजा करते हैं। मौके पर सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव, गोरिया करमा मुखिया प्रतिनिधि राजन यादव, केदारुत मुखिया विशेश्वर यादव, भाजपा युवा नेता रितेश गुप्ता, समाजसेवी इन्द्रदेव ठाकुर, डपोक मुखिया प्रतिनिधि अर्जुन रविदास, अनिल राम, बिकास रविदास, सीताराम रविदास, ब्रह्मदेव रविदास, करियातपूर मुखिया मनोज रविदास सहित कई लोग उपस्थित थे।

# अंबेडकर क्लब लादी में मनी संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती

### पूजा-अर्चना के बाद प्रसाद का हुआ वितरण



संत शिरोमणि रविदास जयंती के अवसर मौजूद लोग।

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** अंबेडकर क्लब लादी में रविवार को संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती धूमधाम व श्रद्धाभाव के सार्थ मनाई गई। क्लब के अध्यक्ष सह रविदास पुजारी अशोक कुमार दास द्वारा पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना व हवण कराया गया। इसमें बतौर यजमान चंदेश्वर राम, पत्नी शिवकुमारी देवी के साथ शामिल हुए। पूजा-अर्चना के बाद लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि शंकर तुरी, बालदेव राम, रामकिशुन राम, सुरेंद्र राम, धर्मपाल राम, विजय तुरी, राजेंद्र, रामजीवन, सुरेश, विजय, पुनदेव, प्रदीप, उर्मिला देवी, नर्मदा, रूद्रा, पूनम, सोनी, लगनू, दिलीप, बासुदेव, दिनेश, किशुन, सुगन, सरयू, नवल, मुनंत, विक्की, हरिबोल राम, शिवम, उमेश, राजन, पप्पू, अनिल, राजकुमार, सागर, शंकर, महेंद्र आदि मौजूद थें।

# भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यसमिति की बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**बड़कागांव।** भाजपा हजारीबाग जिला कार्यसमिति की कार्यसमिति की बैठक जीडीएम बालिका उच्च विद्यालय के सभागार में जिला अध्यक्ष अशोक यादव की अध्यक्षता एवं महामंत्री सुनील साहू के संचालन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोडरमा विधायक सह पुर्व शिक्षा मंत्री नीरा यादव, विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष सह मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल, पुर्व सांसद यदुनाथ पांडे, बड़कागांव पूर्व विधायक लोकनाथ महतो समेत कई लोग शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत मंचासीन अतिथियों एवं दूर-दराज से आए हुए हैं भाजपा कार्यकताओं के द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय, संत रविदास एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में हजारीबाग जिला अंतर्गत 26 मंडल के मंडल अध्यक्ष, महामंत्री एवं सभी मंच मोर्चा के पदाधिकारी उपस्थित हुए। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष अशोक यादव ने कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए एवं कई राजनीतिक प्रस्ताव पारित किए। वहीं मुख्य अतिथि नीरा यादव ने कहा कि कार्यकर्ता अभी से ही विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव की तैयारी में लग जाएं हर हाल में हमें सभी सीटें भाजपा की झोली में डालना है। मौके पर मेयर रोशनी तिर्की, पूर्व प्रदेश मीडिया प्रभारी सांवरमल अग्रवाल, ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव, बड़कागांव विधान सभा सांसद प्रतिनिधि बालेश्वर कुमार, पूर्व जिला अध्यक्ष शंकर गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष दामोदर सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल मिश्रा, रमेश ठाकुर, राजेश गुप्ता, राजेश सहाय, सुनील मेहता, उमा पाठक , विवेकानंद सिंह, गणेश यादव, भैया बांकेलाल बिहारी, सुरेश चंद्रवंशी, जयनारायण प्रसाद, बड़कागांव मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, सुमन गिरी, इंद्र भूषण, दिनेश करमाली, बेचन साव, नरसिंह प्रसाद, ज्ञानचंद कुमार उर्फ ज्ञानी, मनीष पांडे, शेर सिंह, शिवशंकर उर्फ शिबू मेहता, त्रिवेणी महतो विनोद महतो समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सरहुल पूजा समिति की हुई बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रिभर साईड भुरकुंडा स्थित केंद्रीय सरना स्थल में रविवार को केंद्रीय मिलन सरहुल पूजा समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता मिथिलेश टुडू व संचालन कर्मदेव मुंडा ने किया। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व पार्षद दर्शन गंझू मौजूद थें। बैठक में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य तरीके से सरहुल पूजा समारोह मनाने की बात कही गई। मौके पर दर्शन गंझू ने कहा गया कि इस वर्ष भुरकुंडा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों से भी काफी संख्या में शोभा यात्रा व झांकी निकाली जायेगी। निर्णय हुआ कि समारोह की तैयारी को ले 11 फरवरी को पुनः बैठक की जायेगी। जिसमें सर्वसम्मति से नई समिति का गठन किया जायेगा।

# दो दिवसीय शिवरात्रि महोत्सव धूमधाम से मनाने पर चर्चा

### भव्य भंडारे का आयोजन, 18 को धूमधाम से मनेगा पर्व



बैठक में पूजा समिति के लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** आगामी 18 फरवरी को दो दिवसीय महा शिवरात्रि महोत्सव धूमधाम से मनाने को ले रविवार को श्रीश्री बुढ़वा महादेव सेवा एवं विकास समिति भुरकुंडा की बैठक मंदिर प्रांगण में हुई। इसकी अध्यक्षता गणेश साव ने की। बैठक में पूजा की तैयारियों व सफलता को ले विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। कहा गया कि बुढ़वा महादेव मंदिर में 18 को पूरे धूमधाम व भक्ति भाव से शिवरात्रि महोत्सव मनाया जायेगा। साथ ही धार्मिक अनुष्ठानों के बीच भव्य भंडारा का आयोजन होगा। कहा गया कि पूजा की सफलता को ले पूर्व की कमेटी यथावत रहेगी। कमेटी के अध्यक्ष शिवकुमार सिंह, उपाध्यक्ष किशुन नायक, सचिव लालमोहन यादव, सह सचिव डब्लू पांडेय, कोषाध्यक्ष रुदल राउत, सह कोषाध्यक्ष आदर्श गुप्ता, मुख्य पुजारी अशोक तिवारी ने पूजा की सफलता को ले श्रद्धालुओं से तन-मन-धन से सहयोग करने की अपील की। मौके पर शंभु दुबे, अजय सिंह, मो इस्लाम, सुकुरू, श्याम राजभर, सुनील रजक, मो. युसुफ अंसारी, नरेंद्र कुमार, तेजस मुंडा, महावीर साव आदि मौजूद थें। बताया गया कि 8 फरवरी को पुनः समिति की बैठक होगी। जिसमें सबों को पर्व की तैयारियों का कार्यभार सौंपा जायेगा।

# बढ़ता कारवां बता रहा हेमंत सरकार ही बनेगी : संजीव

### झामुमो की बैठक में लपंगा पंचायत कमेटी का हुआ गठन

खबर मन्त्र संवाददाता



नये सदस्यों के साथ मुख्य अतिथि संजीव बेदिया व झामुमो के लोग।



बैठक में उपस्थित लोग।

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** झारखंड मुक्ति मोचा लपंगा पंचायत कमेटी गठन को ले रविवार को लपंगा में झामुमो की हुई। इसकी अध्यक्षता तस्लीम अंसारी व संचालन सीताराम बेदिया ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि झामुमो के केंद्रीय सचिव सह राज्य परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव कुमार बेदिया, हरिलाल बेदिया, आजाद अंसारी व मुकेश राउत उपस्थित थें। बैठक में पार्टी की मजबुती, 42 पंचायतों में बूथ कमेटी गठित करने सहित क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा की गई। मौके पर संजीव बेदिया ने कहा कि झामुमो का उद्देश्य ही क्षेत्र का चहुंमुखी विकास व जन समस्याओं का समाधान करना है। झामुमो समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाने में जुटा है। उन्होंने कहा कि समस्याओं को सूचीबद्ध करें हर हाल में समाधान होगा। उन्होंने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन अपना किया हुआ वादा पूरा करते हुए पूरे राज्य में विकास की गंगा बहा रहे हैं। 1932 का खतियान, स्थानीय नीति, सर्वजन पेंशन योजना, 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण, घर-घर जल योजना, पारा शिक्षकों को सह शिक्षक बनाना, पुराना पेंशन लागू करना, बेरोजगारों के लिए योजनाएं निकालकर लाभ पहुंचाना आदि इसके उदाहरण हैं। झारखंड सरकार ने कई योजनाएं धरातल पर उतारी है जिसका लाभ सभी वर्गों को मिल रहा है। बैठक के दौरान ही कई लोगों ने झामुमो व संजीव बेदिया के कार्यों से प्रेरित होकर पार्टी का दामन थामा। सभी नये सदस्यों को संजीव बेदिया ने फूल माला पहनाकर स्वागत करते हुए कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ होते हैं। झामुमो का बढ़ता कारवां यह बता रहा है कि आने वाले विधानसभा चुनाव में हेमंत सोरेन की ही सरकार बनेगी। झामुमो अपने बहुमत की सरकार बनायेगी। बैठक में संजीव बेदिया ने महिला समूहों के बीच 20 पीस दरी व सरना पूजा समिति को 50 पीस साड़ी देने की भी घोषणा की।

# दारू में कर्बला जाने के रास्ते की हुई मापी

### मुस्लिमों ने एनएच 100 से कर्बला तक बीस फीट रास्ता दिये जाने की मांग की

**दारू।** अंचल क्षेत्र के दारू, पिपचो और इरगा के मुस्लिम धर्मावलंबियों के लिखित आवेदन पर अंचलाधिकारी नीतू कुमारी ने कर्बला जाने के रास्ते की मापी शनिवार को कराई। ग्रामीणों का कहना है कि एनएच 100 से दारू थाना भवन होते हुए कर्बला तक आने जाने का रास्ता वर्षो से था पर कुछ लोगों ने अपनी जमीन बताकर रास्ते को काटकर अवरुद्ध कर दिया था। दारू थाना पुलिस भी जप्त वाहनों को इसी रास्ते मे खड़ा कर दिया जिस कारण कर्बला आने जाने का रास्ता पूरी तरह से बंद हो गया। इस कारण सैकड़ों धर्मावलंबियों को कर्बला आने जाने में काफी परेशानी होने लगी। इसी मामले को लेकर दारू ,इरगा ,पिपचो के ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी को आवेदन देकर रास्ता विवाद सुलझाने की मांग की।अंचलाधिकारी ने त्वरित करवाई करते हुए शनिवार को अंचल अमीन से मापी करवाई जिसके बाद ग्रामीणों को रास्ता विवाद सुलझाने की उम्मीद जगी। मापी में मौजूद ग्रामीणों का कहना था कि उन्हें उम्मीद है कि इस विवाद का निपटारा जल्द ही हो जाएगा। इस मामले दोनो समुदाय के लोग एकजुट होकर सहयोग कर रहे है साथ ही अधिकारियों का भी सहयोग मिल रहा है। मापी के दौरान अंचल अमीन रोहित कुमार, भुनेश्वर कुशवाहा, रामचंद्र प्रसाद के साथ इरगा के सदर हारून राशिद,जबरा सदर मोहम्मद आफताब, पिपचो सदर मोहम्मद एनुल, सहादत हुसैन, मोहम्मद जमरुद्दीन, मोहमद अमजद, यासीन, रफीक, इश्तियाक, यूसुफ खान, अशरफ खान, मोहम्मद अजीज के साथ कई अन्य लोग मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### बायलेन डी लुई सैलून खुला



लोहरदगा। शहर के अमला टोली बगड़ू मोड़ (बड़ा तालाब के नजदीक) बायलेन डी लुई सेलिब्रिटी फैमिली सलून का उद्घाटन रविवार को नगर अध्यक्ष अनुपमा भगत ने किया। अनुपमा ने कहा कि हर उम्र के लोगों को नए दौर के फैशन और स्टाइल की दरकार है। इसमें क्वालिटी और क्लास की खास अहमियत होती है। यह सैलून लोगों की यह जरूरत पूरी करेगा। बाल, त्वचा, नाखून और मेकअप के लिए लोग यहां आ सकते हैं। यह अच्छी बात है कि महिला पुरुष दोनों के लिए यहां सुविधाएं हैं। सैलून संचालिका शीतल कर्मकार ने कहा कि बैलेन डि लुई अपने नाम और काम से जाना जाता है। हमारी सेवाएं उच्च कोटि की हैं और फैशन और स्टाइल की दुनिया में मील का पत्थर साबित होंगी। खासकर युवा वर्ग इसे लेकर काफी उत्साहित है।

### नशा से दूर रहे रविदास समाज : सुखदेव



**लोहरदगा** ।संत शिरोमणि रविदास जयंती के अवसर पर नगर भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम में पूर्व विधायक सह पूर्व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सुखदेव भगत ने कहा कि शिक्षा के माध्यम से और नशापान से दूर रहकर ही रविदास समाज आगे बढ़ सकता है। संत शिरोमणि रविदास जी ने कर्म पर बल देते हुए , जातिप्रथा का विरोध किया। सभा को संबोधित करते हुए सुखदेव भगत ने कहा की संविधान ने हमें बहुत शक्ति दिया है। कानून की जानकारी, एवं जागरूकता से हमें आगे बढ़ना है। बालिका शिक्षा पर काफी जोर दिया। रविदास विकास मंच ने सुखदेव भगत के योगदान को सराहा। अनुसूचित जाति छात्रावास एवं विद्यालय निर्माण में सहयोग की बात कही। कार्यक्रम में चन्नीराम, रामचरण राम,बुधन राम, शिवनारायण राम, अरुण राम, राजमोहन राम,लखन राम, बिरसा उरांव,सोमे, शाहिद अहमद आदि काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### कांग्रेस का राष्ट्रव्यापी धरना आज

लोहरदगा ।झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के निर्देशानुसार लोहरदगा जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में 06 फरवरी को पूर्वाह्न 11.00 बजे से राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम के तहत बड़ा तालाब स्थित भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के सामने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा। यह जानकारी जिला अध्यक्ष सुखैर भगत ने जिला कांग्रेस कमिटी के सभी सम्मानित पदाधिकारियों, जिप अध्यक्ष, सदस्य, यूथ कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवा दल, अल्पशंख्यक प्रकोष्ठ, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन, प्रखण्ड अध्यक्ष गण, प्रमुख, पंचायत अध्यक्ष, वरिष्ठ नेताओं, कार्यकताओं से समय पर उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### 19 को सालाना जलसा-ए-दस्तारबंदी

भंडरा । मदरसा फैजान गरीब नवाज भंडरा में शुक्रवार को अंजुमन कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से 19 फरवरी को भंडरा में सालाना जलसा-ए-दस्तारबंदी होगा। बैठक में मदरसा के प्राचार्य हाफिज व कारी अबु सालेह रजा हसमती ने बताया कि जलसा में देश के नामी उलेमा शिरकत करेंगे। जिसमें पीर-ए-तरीकत नवी-ए-आला हजरत अल्लामा व मौलाना सैयद नुमान अहमद कादरी कलामी दरभंगा बिहार, हजरत अल्लामा व मौलाना डॉ. मुफ्ती गुलाम जिलानी अजहरी खंडवा मध्य प्रदेश, हजरते अल्लामा व मौलाना सद्दाम हुसैन चतुर्वेदी सीतामढ़ी बिहार, हजरते अल्लामा व मौलाना मो. आसिफ एकबाल गिरिडीह, शायर-ए-इस्लाम हजरत मौलाना व कारी गुलफाम रजा हस्सानी नैनीताल उत्तराखंड, हजरते कारी अब्दुस्सलाम कौसर लोहरदगा, हजरते कारी ताबिश बोकारवी बोकारो और देश के कोने कोने से कई जाने माने ओलमाए कराम शामिल होंगे।

### जमीन विवाद में आठ पर प्राथमिकी

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना अंतर्गत बदला ग्राम निवासी स्वर्गीय मंगू भगत के पुत्र सुमन भगत ने सेन्हा थाना में आवेदन देते हुए आठ नामजद के विरुद्ध जमीन विवाद एवं जालसाजी का आरोप लगाते हुए बताया कि वर्ष 1974 में रिविजनल सर्वे के अनुसार खाता नम्बर 23 प्लॉट नम्बर 612 रकबा 3.65 एकड़ गजाधर साहू उर्फ गयाधर साह से ग्राम डांडू थाना लोहरदगा जिला रांची राज्य बिहार से पट्टा संख्या 2209/2187 द्वारा खरीदारी किया गया था। जिसका वर्तमान बाजार मूल्य 20 लाख है जिसपर खरीदारी के समय से लगतार कब्जा चला आ रहा है परंतु नया सर्वे खतियान में पुराना प्लॉट नम्बर 612से 732 रकबा 1.52 एकड़ प्लॉट नम्बर 733 रकबा 2.06 एकड़ बना हुआ है। जिसमें अवैध रूप से बहुरन देवी पति स्वर्गीय गयाधर साह उर्फ गजाधर साहू,ग्राम हेसवे डांडू राजू साहू पिता स्वर्गीय बासदेव साहू हेसवे डांडू विश्वनाथ भोक्ता पिता हिरामन भोक्ता,पौलुस कुजूर पिता तनिशा कुजूर करंज टोली,तथा अन्य लोगों ने जालसाजी कर जमीन की बिक्री कर दिया। इस षड्यंत्र में लालदेव भगत पिता स्वर्गीय सोमा भगत,रामेश्वर भगत पिता स्वर्गीय मनी भगत,सनीचरिया देवी पति रमेश्वर भगत,बिनोद भगत पिता रमेश्वर भाग सभी उरु तेतर टोली निवासी के विरुद्ध जमीन खरीदारी को लेकर प्राथमिकी दर्ज करने हेतु सेन्हा थाना में आवेदन देकर गुहार लगाया गया।

# उरांव सरना कल्याण समिति की एकजुटता रहेगी बरकार : सांसद

**वनभोज सह मिलन समारोह में शिक्षा, खेलकूद, नौकरी व कृषि कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले लोगों को किया गया सम्मानित**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कार्यक्रम में पूर्व स्पीकर, सांसद, जिप अध्यक्ष व अन्य ।



महिलाओं को सम्मानित करते सांसद।

**गुमला।** उरांव सरना कल्याण समिति का वार्षिक वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन नागफेनी नदी तट में रविवार को संपन्न हुआ। समारोह में कृषि के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले, झारखंड प्रशासनिक सेवा में बहाल होने वाले, प्रोन्नति प्राप्त करने वाले, खेलकूद में अच्छा प्रदर्शन करने वाले एवं शिक्षा के क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करने वाले समाज के लोगों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा किया गया। सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि वार्षिक मिलन समारोह से उरांव सरना कल्याण समिति की एकजुटता बरकार रहेगी। यह सम्मेलन समाज के लोगों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। ऐसे आयोजनों से समाज के लोग एक दूसरे से मिल पाते हैं। पूर्व स्पीकर दिनेश उरांव ने कहा कि उरांव सरना कल्याण समिति समाज को एक सूत्र में बांधे हुए है। समाज के लोगों की उपस्थिति दिखाती है कि लोग सम्मेलन को लेकर काफी उत्साहित हैं।

उरांव सरना कल्याण समिति के अध्यक्ष दीपनारायण उरांव ने कहा कि कार्यक्रम में शिक्षा से लेकर खेलकूद और प्रशासनिक से लेकर कृषि कार्य में अच्छा काम करने वाले लोगों को सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि समाज के लोग अपनी एकता बनाये रखें। समाज के बच्चे समाज का नाम रौशन करने में पीछे नहीं हैं।

पूर्व विधायक कमलेश उरांव ने कहा कि वार्षिक वनभोज सह मिलन समारोह में समाज की एकता को प्रदर्शित करता है। जिसमें समाज के लोग दूर दूर से आकर सम्मलित होते हैं। वहीं प्रशासनिक पदों में रहने वाले समाज के सदस्यों के कार्यक्रम में आने से युवाओं को काफी प्रेरणा मिलता है। वे भी कार्यक्रम से प्रेरित होकर जीवन के लक्ष्य की प्राप्ति की ओर अग्रसर होंगे। इस अवसर पर खेल के क्षेत्र में अष्टम उरांव, सुमति उरांव व रोहित भगत को, व्यवसाय के क्षेत्र में दीपक तिर्की, बॉबी भगत व अभिषेक उरांव को, कृषि क्षेत्र में राजू उरांव, शिक्षा के क्षेत्र में पार्वती तिर्की व कला संस्कृति के क्षेत्र में माधुरी मिंज को एवं झारखंड प्रशासनिक सेवा में नियुक्ति होने पर स्वाति उरांव, गौरव उरांव, अभिनाश उरांव, सुनिल उरांव, सतीश भगत, रंजीत कुम ार धान, रजनी भगत, अरविंद कुमार मिंज, रौशनी टोप्पो को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक वैरागी उरांव, जिप अध्यक्ष किरण बाड़ा, सागर उरांव, दिलीप उरांव, सिविल सर्जन राजू कच्छप, मीना देवी, रोहित उरांव, गंगाधर भगत, संतोष भगत, सुख बिहारी भगत, हजारीबाग के कमिश्नर चंद्र किशोर उरांव, दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के कमिश्नर प्रवीण टोप्पो, चैतु उरांव, कमल उरांव सहित कई लोग उपस्थित थे।

# गरीब क्षत्रिय परिवार को करें आर्थिक मदद : सूरजदेव सिंह

**घाघरा में अखिल भारतीय क्षत्रिय युवा मोर्चा का वनभोज आयोजित**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



वनभोज कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते सूरज देव सिंह।

**घाघरा।** अखिल भारतीय क्षत्रिय युवा मोर्चा घाघरा के द्वारा प्रखंड के मसरिया डैम के समीप सामाजिक बैठक सह वनभोज कार्यक्रम का आयोजन रविवार को किया गया। कार्यक्रम में गुमला, लोहरदगा व सिमडेगा जिले के अलावे क्षत्रिय महासंघ के प्रदेश के पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान गुमला निवासी परमेश्वर सिंह के हत्या पर शोक व्यक्त किया गया दो मिनट का मौन धारण रखकर मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। प्रदेश महामंत्री सूरज देव सिंह ने कहा आज जरूरत है हम सभी क्षत्रियों को एकजुट होना। एकजुटता में ही बल है। एकजुट हो कर ही हम अपने समाज को संरक्षित रख सकते हैं। समाज के जो गरीब परिवार के हैं उन्हें हम सभी को मिलकर सहयोग करनी चाहिए ताकि वह अपनी आर्थिक स्थिति सुधार सके। ओम शंकर सिंह ने कहा कि सभी युवा को समाज के लिए बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की जरूरत है। उन्होंने युवाओं को नशा सहित सभी असामाजिक कार्य को छोड़ समाज के लिए काम करने की बात कही। जो युवा पढ़ाई के साथ-साथ किसी भी क्षेत्र में अपना भविष्य बनाना चाहते हैं वह निरंतर प्रयास करें। किसी भी कीमत पर अपने लक्ष्य से न भटके। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव प्रखंड युवा अध्यक्ष नीरज सिंह, जगनारायण सिंह, शंतनु सिंह, रविंद्र सिंह, सिकंदर सिंह, सुरेश सिंह, ओम शंकर सिंह, मनीष सिंह, विकास कुमार सिंह, अरुण जय सिंह, पवन कुमार सिंह, विजय सिंह, आकाश सिंह, रुपेशवर सिंह, उमेश सिंह, संजय सिंह, मनोज सिंह, सुनील सिंह, रोहित सिंह, मोहन चांद सिंह, अमित सिंह, आशीष सिंह, नंदू सिंह, लव प्रसाद सिंह, बिनोद सिंह, शिवम सिंह, रामनिवास सिंह, मनोज सिंह, कृष्णा सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

### डीएमएफटी एवं एससीए मद के कार्यों को पूरा करें : डीसी

गुमला। उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में डीएमएफटी एवं एससीए की राशि से जिले में किये जा रहे विकास कार्यों की समीक्षात्मक बैठक हुई। उपायुक्त ने संबंधित विभाग के कार्यपालक अभियंता से कार्य की प्रगति के बारे जानकारी लिया एवं निर्देश दिया कि प्राक्कलन के अनुरूप गुणवत्तायुक्त कार्य कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कार्य प्रगति के रिपोर्ट के साथ कार्य का गुणवत्ता फोटोग्राफ अवश्य संलग्न करें। उपायुक्त ने डीएमएफटी की राशि से किये जा रहे छात्रावास भवन जीर्णोद्धार कार्य, पीसीसी पथ निर्माण, पुलिया निर्माण, स्वास्थ्य केंद्र निर्माण, तालाब एवं जलाशय जीर्णोद्धार, आंगनवाड़ी केंद्रों निर्माण , विभिन्न सरकारी भवनों के जीणोर्धार इत्यादि कार्य की समीक्षा कर निर्माण कार्य को अविलम्ब पूर्ण करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सभी कॉन्ट्रैक्टर्स को समान रूप से कार्य देने का निर्देश दिया , उन्होंने कहा कि छोटे कॉन्ट्रैक्टर्स को भी कार्य दिया जाए ताकि उनकी भी प्रगति हो और वो भी बड़े कांट्रैक्टर के श्रेणी में आ सके । बैठक में उपायुक्त ने अगले 7 दिनों के अंदर सभी कार्यरत कॉन्ट्रैक्टर्स का यूनिक आईडी बनाने जा निर्देश दिया , साथ ही उन्हें आवंटित कार्यों की सूची की भी मांग की । उपायुक्त ने छोटे छोटे कार्यों को एक माह के अंदर पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने पूर्ण हुए कार्य के बाहर सूचना पट लगाने का आदेश दिया।

# बच्चों के उत्थान में अहम भूमिका निभा रहा प्ले स्कूल : उपायुक्त

**वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता से बच्चे बनेंगे अच्छे खिलाड़ी : एसपी**




विजेता खिलाड़ी के साथ एसपी और उनकी पत्नी।

**गुमला।** बचपन प्ले स्कूल लोहरदगा रोड गुमला का वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन रविवार को परमवीर अलबर्ट एक्का स्टेडियम में किया गया। प्रतियोगिता में छोटे-छोटे बच्चों ने बेहतर खेल का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त सुशांत गौरव व उनकी धर्मपत्नी, एसपी ऐहतेशाम वकारिव व उनकी धर्मपत्नी ने दीप प्रज्जवलित कर किया। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि बचपन प्ले स्कूल जिस सिद्दत से बच्चों को शिक्षा देता है उसी सिद्दत से उनके खेल व शारीरिक विकास के लिए तत्पर रहता है । जिसका प्रमाण है हर वर्ष बहुत बड़े स्तर पर वार्षिक खेलोत्सव का आयोजन विद्यालय के द्वारा किया जाता है। एसपी ऐहतेशाम वकारिव ने कहा कि छोटे छोटे बच्चों ने ट्रैक एंड फील्ड के सारे इवेंट्स , कराटे, योग इत्यादि का प्रदर्शन बहुत अच्छा किया। प्रतियोगिता से बच्चे भविष्य के अच्छे खिलाड़ी बनेंगी। वहीं प्रतियोगिता के 50 मीटर रेस प्ले ग्रुप में अविनाश कुजूर , देवांश गोयल , एलान वाकारिब एलकेजी से शशांक जमुआर,हंसराज सिंह, रुद्र कुमार यूकेजी से उत्तम कुमार लकड़ा, एजरा बड़ा, इशांत राज पाहन, शॉट पुट में रोहित कुमार, काव्या रानी,अनुप्रिया शर्मा, डिस्क थ्रो में आर्यन बिलुंग ,कुश कुमार, अनिरुद्ध सिंह क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। वहीं बच्चों ने फादर्स और मदर्स के बुक बैलेंसिंग रेस , थ्रेड नीडल रेस,बाल इन बास्केट रेस , वाटर इन बकेट रेस में भाग लिया। कार्यक्रम में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नेशनल और स्टेट खेलने वाले जिले के 20 प्लेयर्स को उपायुक्त के द्वारा मोमेंटो देकर उनका उत्साह वर्धन किया गया। बचपन प्ले स्कूल के निदेशक चंद्रशेखर गिरी ने कहा कि छोटे छोटे बच्चों में अभी से स्पोर्ट्स कल्चर डालने के लिए इतने बड़े खेल का आयोजन करते हैं। साथ ही आज के मोबाइल युगी बच्चों को कंसंट्रेशन के लिए योग , फिटनेस के लिए खेल कूद की आदत डालना बहुत जरूरी हो गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने में जूनू रैन के कैंप एवम आकाश पूरी के कैंप के प्लेयर्स का योगदान सराहनीय रहा । मंच संचालन अनुषा कुजूर एवम स्नेहा अग्रवाल ने किया ।

# केंद्र ने आदिवासियों के उत्थान को 15000 करोड़ दिया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**तीन सालों में भ्रष्टाचार और अपराध में वृद्धि सरकार की नाकामी : सीपी सिंह**




**कुडु (लोहरदगा)** । बड़की चांपी के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के स्व विरसा उराँव सभागार में रविवार को भाजपा के जिलाध्यक्ष मनीर उराँव के अध्यक्षता में जिला कार्यसमिति की बैठक हुई। बैठक में मुख्य अतिथि पूर्व नगर विकास मंत्री सह रांची के विधायक चन्द्रेश्वर प्रसाद सिंह एवं भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओम प्रकाश सिंह,जिला प्रभारी मनोज मिश्रा,पुर्व अध्यक्ष माटी कला बोर्ड चन्द प्रजापति, पूर्व जिलाध्यक्ष ब्रज बिहारी प्रसाद, राजकिशोर महतो,राकेश प्रसाद,सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर अग्रवाल,अजय पंकज मुख्य रूप से मौजूद थे। विधायक सीपी सिंह ने कहा कि बिना नियोजन नीति लाये 1932 के खतियान अधारित स्थानीय नीति का लाना, संविधान के प्रावधानों के विपरीत एवं सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व के आदेशों की अवहेलना है,जिसके परिणामस्वरूप गत दिनों राज्यपाल ने विधेयक पुनर्विचार हेतु सरकार को लौटा दिया । झारखंड के चालू वितीय वर्ष मे दिसंबर तक 97259 करोड़ योजना बजट मे मात्र 25305 करोड़ यानी मात्र 44%राशि ही सरकार खर्च की पायी है, हेमंत सोरेन सरकार की मंशा जनता की सेवा करना नहीं अपितु कमिशन खोरी को बढ़ावा देना है ।

श्री सिंह ने कहा कि कांग्रेस के शासन काल में आदिवासियों के उत्थान के लिए कभी सोंचा ही नहीं। अटल बिहारी वाजपेयी जी की सरकार मे आदिवासियों के समग्र विकास के लिये अलग से आदिवासी कल्याण मंत्रालय बनाया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस बजट में आदिवासियों के उत्थान के लिए 15000 हजार करोड़ रुपए की घोषणा की है। रेलवे विस्तारीकरण के लिये मनमोहन सिंह जी की सरकार में पहले 500 करोड़ मिलती थी, मोदी सरकार ने इसे बढ़ाकर 11000 हजार करोड़ रुपए किया। श्री सिंह ने हेमंत सरकार की नाकामियों की चर्चा कार्यकर्ताओ से किया । भाजपा जिला उपाध्यक्ष सूरज मोहन साहू के द्वारा राजनीतिक प्रस्ताव लाया गया,जिसे जिला उपाध्यक्ष नवीन तिंकू व बजरंग उराँव ने समर्थन किया । बैठक में हर्षनाथ महतो, सामेला भगत,बालकृष्णा सिंह, अनिल उराँव, जगनन्दंन पौराणिक, ओम गुप्ता, नजीर आलम खान, धनंजय तिवारी, भारती सिन्हा, कलावती देवी, भृगुनंदन तिवारी,सुदामा प्रसाद,सुरज दशौंधी, मुकेश साहू, विवेक सोनी, अमरेश भारती, भिखराम उराँव,संजय चौधरी, मनीष शिखर, कलावती देवी,मीना बखला, विशेश्वर प्रसाद दीन, श्रवण मुंडा, मोहन साहू,विनोद राय,यदुनंन्दन तिवारी,सरजू साहू,लाल गौरी नाथ शाहदेव इत्यादी काफी संख्या मे भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

## एक नजर में

### धूमधाम से मनायी गयी रविदास की जयंती



**गुमला।** अंबेडकर नगर स्थित सामुदायिक भवन में संत शिरोमणि रविदास की जयंती धूमधाम के साथ मनायी गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ संत रविदास की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया। समाज के अध्यक्ष तेजपाल राम ने कहा कि संत शिरोमणि बचपन से ही बहुत बहादुर और भगवान को बहुत मानने वाले थे। रविदास जी को बचपन से ही उच्च कुल वालों की हीन भावना का शिकार होना पड़ा था। वे लोग हमेशा इस बालक के मन में उसके उच्च कुल के न होने की बात डालते रहते थे। रविदास जी ने समाज को बदलने के लिए अपनी कलम का सहारा लिया और अपनी रचनाओं के द्वारा जीवन के बारे में लोगों को समझाते थे। उन्होंने कहा कि लोगों को शिक्षा देने और बिना किसी भेदभाव के अपने पड़ोसी से समान प्रेम करना चाहिए। मौके पर समाज के अध्यक्ष तेजपाल राम ,डोमन राम मोची, कन्नी लाल राम, टीबरा राम, मोती राम,प्रदीप राम,संजय राम, रूपेश कुमार शनि, गणेश राम, आकाश कुमार सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

### वाहन के धक्के से पुलिसकर्मी की मौत

**जारी।** जारी थाना क्षेत्र के बेटरी मोड़ के पास हुए सड़क दुर्घटना में जारी थाना में पदस्थापित सहायक पुलिस कर्मी 27 वर्षीय आशीषन खलखो की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार बेटरी मोड़ के पास पीछे से आ रही अज्ञात वाहन ने उसे धक्का मार दिया। इासी दौरान पेट्रोलिंग से लौट रहे जारी थाना के पुलिस ने उसे उठाकर चैनपुर अस्पताल लेकर आई। जहां पर इलाज के क्रम में सहायक पुलिस कर्मी आशीषन खलखो ने दम तोड़ दिया। आशीषन खलखो जारी थाना के बुमतेल गांव का रहने वाला था जो लगभग 15 महीनों से जारी थाना में पदस्थापित था।

### कटहल पेड़ से गिरकर युवती घायल

**गुमला।** रायडीह थाना क्षेत्र के टुडुरमा गांव निवासी 21 वर्षीय संध्या एक्का कटहल के पेड़ से गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे परिजनों ने सदर अस्पताल गुमला में इलाज हेतु भर्ती कराया। वहीं चिकित्सकों की देखरेख में घायल युवती का इलाज चल है। घायल युवती के सर व चेहरे में गंभीर चोट लगी है। परिजनों ने बताया कि घर से कुछ दूरी पर कटहल तोड़ने के लिए गई हुई थी। वही कटहल तोड़ने का दरम्यिान अचानक पैर फिसलने से 15 फीट ऊपर पेड़ से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे तुरंत सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### बस व स्कॉर्पियो में टक्कर, बाल-बाल बचे यात्री

**गुमला।** रांची गुमला मुख्य मार्ग में रविवार को भरनो प्रखंड के नवाटोली के समीप लक्ष्मीरथ नामक यात्री बस और स्कॉर्पियो गाड़ी में सीधी भिड़ंत हो गयी। बस के ड्राईवर सिसई थाना क्षेत्र के लाल पंडरिया गांव निवासी धनी सिंह के सूझबूझ के कारण बड़ी दुर्घटना टल गयी। ड्राईवर ने बस को हल्का सड़क के किनारे उतार दिया और बड़ा हादसा से बचा लिया। बस में सवार सन्त अन्ना इंटर कॉलेज चैनपुर के लगभग 40 बच्चे इस दुर्घटना में बाल बाल बच गए। वही स्कॉर्पियो चालक भी बाल बाल बच गया। चालक अपने स्कॉर्पियो गाड़ी से रांची से गुमला आ रहा था। तभी स्टेयरिंग लॉक हो जाने से ये दुर्घटना घट गई। जिससे स्कॉर्पियो गाड़ी के पचखडे उड़ गये। बस में सवार सभी बच्चे शैक्षणिक भ्रमण करने के लिए बस में सवार होकर चैनपुर से पतरातू डैम जा रहे थे। इस क्रम भरनो के नावाटोली के समीप सामने से आ रही अनियंत्रित स्कॉर्पियो गाड़ी से बस की सीधी भिड़ंत हो गयी।

### दिव्यांग बिनु भीख मांग कर रहा परिवार का गुजारा

गुमला। सड़क हादसे में दिव्यांग हुए बिनु बड़ाईक का जीवन काफी कष्टों में गुजर रहा है। हादसे में पैर चले जाने के बाद वह भिख मांग कर गुजारा करने को विवश है। मिशन बदलाव के सदस्य अनुज राजेश्वर लकड़ा ने जिला प्रशासन से बिनु बड़ाईक को दिव्यांग पेंशन व बैटरी रिक्शा देने की अपील की। अनुज राजेश्वर ने बताया कि बिनु बड़ाईक दैनिक मजदूरी का कार्य कर पूरे परिवार का भरण पोषण करता था। लेकिन हादसे के बाद वह काम नहीं कर पा रहा है। जिसको लेकर जीविकोपार्जन में उसे काफी कठिनाई हो रही है। बिनु बड़ाईक के पांच बच्चे हैं जिनका गुजारा बमुश्किल हो पा रहा है। पत्नी ने भी उसको छोड़ दिया है। अनुज राजेश्वर लकड़ा ने बताया कि पेंशन और बैटरी साइकिल के लिए प्रशासन के यहाँ दौड़ लगा के थक चुके है लेकिन कुछ भी फायदा नहीं हुआ है। उसने प्रसाशन से मांग किया है कि पेंशन और बैटरी साइकिल उपलब्ध कराने से इनका जीवन बेहतर हो सकता है और इसे सम्मान जीवन जीने में मदद मिलेगा।

### नशे में धुत युवक बाइक से गिरकर घायल

गुमला। करमडीपा के पास नशे में धूत युवक सिसई रोड नदी टोली निवासी 38 वर्षीय प्रदीप टोप्पो बाईक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलावस्था में उसे इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार युवक बाईक से कहीं जा रहा था। इसी दौरान वाहन अनियंत्रित हो गई और वह गिरकर घायल हो गया।

### अपराधियों ने ट्रॉली का चक्का व थ्रेसर जलाया



**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के भडगांव पंचायत स्थित डोका ग्राम में अज्ञात अपराधियों द्वारा ट्रैक्टर टोली एवं थ्रेसर मशीन के चक्का में आग लगा आगजनी घटना को अंजाम दिया गया। स्वर्गीय झारी नाथ साहू के पुत्र ईश्वर साहू ने शनिवार को सेन्हा थाना में आवेदन देते हुए अज्ञात अपराधियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने का गुहार लगाया है। सेन्हा थाना में शनिवार को आवेदन देकर कहा है कि बीते रात्रि अज्ञात अपराधियों द्वारा ट्रैक्टर के ट्रॉली का चक्का एवं थ्रेसर मशीन का चक्का में आग लगा दिया है।आग लगाने पर टायर फटने आवाज सुन व टायर जलने की गन्ध आ रहा था। तब ईश्वर साहू जाकर देखा तो टायर में आग लगा हुआ था। आग को बुझाया लेकिन शुक्रवार को इसकी सूचना कहीं पर नहीं दिया गया शनिवार को ईश्वर साहू ने सेन्हा थाना प्रभारी को सूचना दिया सूचना मिलने पर सेन्हा प्रभारी धनंजय पासवान दल बल के साथ डोका ग्राम पहुंचकर मामले की तहकीकात करने में जुट गए हैं।

### सेन्हा में अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर जब्त

सेन्हा-लोहरदगा। सेन्हा थाना क्षेत्र के डाडू कोयल नदी से बालू के अवैध खनन एवं परिवहन की गुप्त सूचना मिलने पर सेन्हा थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने मोटर साइकिल से सेन्हा थाना के जवानों को भेजा। जिसपर कोयल नदी के समीप झालजमीरा पथ पर अवैध बालू खनन करते हुए बिना नंबर के दो ट्रैक्टर को जप्त कर सेन्हा थाना लाया गया और थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है। अवैध बालू के खनन व परिवहन कोयल नदी से किया जा रहा था। जिसकी सूचना मिलने पर थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने अंचलाधिकारी विजय कुमार को संज्ञान में देते हुए सआनि पवन सोरेन के नेतृत्व में छापामारी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान बिना नंबर के एक अवैध बालू लदा तथा एक खाली ट्रैक्टर को जब्त कर सेन्हा थाना में रखा गया है।

स्पीड न्यूज

## प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ को सफल बनाने को लेकर बैठक

**कोडरमा।** प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ को लेकर केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी के चाराडीह स्थित आवास पर वीरेंद्र मेहता की अध्यक्षता में बैठक की गयी। बैठक में मुख्य रूप से चाराडीह स्थित नवनिर्मित राधा कृष्ण मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान को लेकर आयोजित यज्ञ को सफल बनाने पर चर्चा की गयी। मौके पर राजकुमार यादव, प्रदीप कुमार पांडेय, बासुदेव यादव, संजय शर्मा, विनय मोदी, दीपक राणा, रामचंद्र राम, राम लखन यादव, किशन यादव, विजय पंडित, बलराम आदि मौजूद थे।

## अवैध निकासी को लेकर मामला दर्ज

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** तिलैया बस्ती निवासी अंजली राणा ने थानेघ में आवेदन देकर साइबर अपराधियों द्वारा खाते से 40 हजार रुपए अवैध निकासी का मामला दर्ज कराया है। आवेदन में कहा गया है कि इंडियन बैंक स्थिति उनके शाखा से साइबर अपराधियों द्वारा 12 जनवरी व 15 जनवरी को 20-20 हजार रुपए की निकासी की गई है। बैंक खाते से राशि की निकासी एचडीएफसी बैंक व एयरटेल पेमेंट बैंक के खाते में किया गया है। पुनः पैसे को पेटीएम के जरिए मोबाइल पर भेजा गया है। उन्होंने बैंक से ट्रांजेक्शन डिटेल्स निकालकर पुलिस को सौंपाघ है। उन्होंने मामले को लेकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

## दो लावारिस बाइक को पुलिस ने किया जब्त

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बेकोबार लोहासीकर के समीप से पुलिस ने शुक्रवार देर रात 2 बजे के लगभगघ लावारिस हालत में खड़े दो बाइक बरामद किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रभारी थाना प्रभारी श्यामलाल यादव ने बताया कि किसी ने फोन पर सूचना दी कि लोहासीकर के समीप मैदान में दो बाइक लावारिसघ हालत में पड़े हैं। जिसके बाद पेट्रोलिंग टीम वहां पहुंचकर दोनों बाइक को जब्त कर थाने ले आई। उन्होंने बताया कि इस संबंध में छानबीन की जा रही है।

## छापेमारी में 43 लोगों पर बिजली चोरी का केस, 12 लाख जुर्माना

**कोडरमा।** विद्युत विभाग की ओर से शनिवार को विभिन्न क्षेत्रों में विशेष छापेमारी अभियान चलाई गई। छापेमारी के दौरान 140 लोगो के यहां छापेमारी की गई, जिसमें 43 लोगों पर बिजली चोरी को लेकर संबंधित थानों में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है और इनके विरूद्ध करीब 11 लाख 81 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। विद्युत विभाग की टीम नेघ झुमरी तिलैया के 80 लोगों के यहां छापेमारी किया, जिसमें 25 लोगों पर बिजली चोरी को लेकर मामला दर्ज कराया गया है। जिनके विरुद्ध 7 लाख 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। वहीं कोडरमा में 31 लोगों के यहां छापेमारी की गई। जिसमें 9 लोगो के विरुद्ध केस दर्ज कराया। 3 लाख 32 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। डोमचांच मेंघ 29 लोगों के यहां छापेमारी की गई, जिसमें 9 लोगों पर विद्युत चोरी को लेकर मामला दर्ज कराया गया है, जिनके विरुद्ध 1 लाख 38 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया।

## नाली का पानी जमने से फैला दुर्गंध लोग परेशान

**कोडरमा।** नगर पंचायत वार्ड नंबर 12 में नाली का पानी दूसरे के खाली जमीन में भरने से आस-पास के लोगों को नाली के पानी के दुर्गंध से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नगर पंचायत की सफाई पर किसी का ध्यान नही है। गाड़ी वाला आया घर से कचड़ा निकालने वाली गाड़ी की भी गाने की धुन अब निवासियों को सुनाई नही दे रही है। इसके अलावा एक भी डस्टबिन नही होने से सभी घर के कचड़ों को जहां तहां फेंक देते हैं, जिससे आये दिन कूड़े को लेकर झगड़ा झंझट होते रहता है। सभी लोग इसी खाली जमीन में अपने घर के कचड़ों को फेंकते हैं। आने वाले समय में नगर पंचायत का चुनाव भी होना है, कई उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमाएंगे, लुभावने वादे करेंगे, जीत की दावेदारी पेश करेंगे, लेकिन समस्याओं पर किसी का ध्यान नही जा रहा है।

# मेला का समापन, उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** सदर प्रखंड के खजूरी गांव स्थित ऐतिहासिक ब्रह्मबाबा मंदिर परिसर में माघ पूर्णिमा के अवसर पर लगने वाले पांच दिवसीय मेला रविवार को संपन्न हो गया। पूर्णिमा के मौके पर मेला में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। झारखंड सहित उत्तर प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़ तथा मय प्रदेश से काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने ब्रह्मस्थान पहुंचकर सत्यनारायण भगवान की कथा सुनी।



मेला में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़।

अहले सुबह से ही श्रद्धालुओं की भरी भीड़ पहुंचने लगी थी। यहां श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना के बाद मेले का लुफ्त उठाया। झूला, मौत का कुआं, ड्रैगन झूला मेले के आकर्षण का केंद्र रहा। मेले में लगी दुकानों पर श्रद्धालुओं ने जमकर खरीदारी की।

**ऐतिहासिक है ब्रह्मबाबा स्थान, होती है मन्नत पूरी :** माघ पूर्णिमा के अवसर पर यहां प्रत्येक वर्ष मेला लगता है। जिसमें श्रद्धालुओं की काफी भीड़ उमड़ पड़ती है। मान्यता के अनुसार मन्नतें पूरी होने पर श्रद्धालु यहां सत्यनारायण भगवान की कथा सुनते हैं। मिट्टी का घोड़ा, नारियल तथा जनेऊ चढ़ाते हैं।

**यातायात को बहाल रखने में प्रशासन के छूटे पसीने :** ऐतिहासिक ब्रह्म बाबा स्थान एनएच 75 किनारे अवस्थित है। श्रद्धालुओं के लाखों की भीड़ के बीच यातायात को बहाल रखने में प्रशासन के पसीने छूट गए। भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए थे। गढ़वा सदर थाना के साथ-साथ मेराल थाना की पुलिस भी यातायात को बहाल रखने में मुस्तैद रही। साथ ही ब्रह्म बाबा वर्सिप मैनेजमेंट ट्रस्ट खजूरी के लोगों ने अपने स्तर से वलेंटियर तैनात किए थे।

ब्रह्मऋषि समाज के अध्यक्ष बने बरुण सिंह, सचिव संदीप सिंह

## ब्रह्मऋषि भवन को भव्य व सुसज्जित बनाने का लिया संकल्प



खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** स्वामी सहजानंद सरस्वती विकास मंच के तत्वधान में ब्रह्मऋषि समाज को प्रखंडस्तरीय बैठक चुंदरु धाम परिसर में सम्पन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता जिला महासचिव अरबिंद सिंह व संचालन संदीप सिंह ने किया। बैठक में सहजानंद सरस्वती विकास मंच का प्रखण्ड स्तरीय कमिटी का पुनर्गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से बरुण सिंह को अध्यक्ष संदीप सिंह को सचिव बिनय कुमार सिंह बिनोद सिंह को उपाध्यक्ष, दीपक कुमार सिंह को उप सचिव, शायमनन्दन सिंह को कोषाध्यक्ष, अभिषेक राज को उप कोषाध्यक्ष बनाया गया।

## महान संत, दार्शनिक, कवि एवं समाज सुधारक थे संत रविदास : मिथिलेश

संत रविदास के उपदेशों और शिक्षा से आज भी समाज को मिलता है मार्गदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** माघ पूर्णिमा के मौके पर जिले भर में काफी धूमधाम से संत रविदास की जयंती मनाई गई। विभिन्न स्थानों पर लोगों ने कार्यक्रम आयोजित कर संत रविदास को याद किया। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कई स्थानों पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेकर संत गुरु रविदास को नमन किया। लोगों ने उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान मंत्री ने श्री ठाकुर ने मरहटिया में आयोजित संत रविदास क्लब, डा.भीमराव अम्बेडकर युवा क्लब झूरा, युवा जागृति क्लब पतरिया, न्यू भीम आर्मी भारत रत्न डा. भीमराव अंबेडकर क्लब पिपरा, मसूरिया, संत रविदास जयंती समारोह आयोजन समिति



संबोधित करते व इनसेट तस्वीर पर माल्यार्पण करते मंत्री मिथिलेश ठाकुर।

बेलचंपा, रविदास विकास समिति खोरीडीह, अखिल भारतीय रविदास महासभा चामा, संत शिरोमणि रविदास पूजा कमेटी दुलदुलवा, महात्मा ज्योतिराव सह माता सावित्री बाई फुले प्रबुद्ध कमेटी टंडवा आदि स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में भाग लिया।

## राजकीय इटखोरी महोत्सव की तैयारी जोरों पर, अधिकारियों ने लिया जायजा



खबर मन्त्र संवाददाता

**इटखोरी।** राजकीय इटखोरी महोत्सव की तैयारी जोरों पर है। जिसको लेकर रविवार को अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, डीआरडीए के निदेशक अरुण कुमार एक्का, अनुमंडल पदाधिकारी मुमताज अंसारी तथा जिला पर्यटन पदाधिकारी तुषार राय ने महोत्सव के मुख्य आयोजन स्थल, सेमिनार स्थल के साथ पूरे मंदिर परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान अपर समाहर्ता ने प्रखंड विकास पदाधिकारी अन्वेषा ओना और सीओ राम विनय शर्मा को ससमय समय रहते सभी तरह की तैयारियां पूरा कर लेने की बात कही। अपर समाहर्ता ने ब्लाक मोड़ के समीप स्थित पर्यटन विभाग के टूरिस्ट कंपलेक्स का भी अवलोकन किया।

## जिप उपाध्यक्ष ने संत शिरोमणि रविदास की जयंती पर उन्हें किया नमन

**चतरा।** जिले में संत शिरोमणि रविदास जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। जयंती के मौके पर शहर में विभिन्न जगहों पर कार्यक्रम हुए। कान्हाचट्टी प्रखंड अंतर्गत बुढीगडा गांव में भी रविदास जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी शामिल हुए। भाजपा मंडल अध्यक्ष सतीश सिंह, सहादेव रविदास समेत अनेकों गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## धूमधाम से मनायी गयी संत शिरोमणि रविदास की जयंती

**टंडवा (चतरा)।** प्रखण्ड क्षेत्र के गाडीलौंग, सराढु, कोएद, होन्हे समेत कई पंचायतों में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूम- धाम से संत शिरोमणि रविदास जयंती मनाया गया। इस दौरान कई जगहों में सैंकड़ो महिला- पुरुष श्रद्धलुओं ने भव्य कलश यात्रा निकाली, इस दौरान अम्बेडकरवादी मंत्रोच्चार के साथ कलश लेकर क्षेत्र का नगर भ्रमण किया गया। ततपश्चात रैदास जी मूर्ति पर पूजन किया गया। इस अवसर पर लोगों ने संत रैदास जी के विचारधारों पर चलने की संकल्प लिया। कार्यक्रम में रविदास महासभा के जिला अध्यक्ष सुभाष दास, प्रखण्ड सचिव प्रयाग राम, कोषाध्यक्ष अमीरका राम एवं पत्रकार रबिन्द्र दास ने मुख्य एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जयंती समारोह हो रहे कई स्थानों में जाकर शामिल हुवे एवं अभिभाषण किया गया।

# शिव-पार्वती मंदिर के 51 फीट गुंबद निर्माण कार्य का हुआ शिल्यान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता

**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत टेहरो पंचायत के सकरी नदी किनारे स्थित मैसरवा पहाड़ पर शिव-पार्वती मंदिर निर्माण कार्य को लेकर कार्य प्रगति पर है। वहीं पूर्णिमा के अवसर पर रविवार को लाखों की लागत से 51 फीट का भव्य गुंबद निर्माण कार्य को लेकर स्थल का शिलान्यास किया गया। वहीं बताया जाता है कि सकरी नदी के मैसरवा पहाड़ पर स्थित भगवान शंकर के शिवलिंग प्राचीन काल के समय से स्थित है। यहां सकरी नदी के उत्तरायण धारा भी बहती है, जिसे लोग इस नदी का पानी भगवान शिव के शिवलिंग पर प्रत्येक सोमवार व प्रत्येक पूर्णिमा के दिन भगवान शिव के शिवलिंग पर जलाभिषेक करते हैं। वहीं यहां के पुराने जाने-माने लोग भोला सेठ उर्फ भोला लाल, मनोज भगत, विजय सिंह, रंजीत सिंह, बालमुकुंद सिंह, हृदय नारायण सिंह, मनोज सिंह, अनिल राम, मेघन चौधरी, कृष्णा प्रसाद



यादव आदि ने बताया कि यहां प्राचीन काल से भगवान शिव का शिवलिंग स्थापित था, जिसे लोग पूजा अर्चना करते आ रहे हैं और यहां पूजा अर्चना करने से लोगों का मनोकामना पूर्ण होती है। यहां तक की इस पहाड़ी पर एक ऐसे चट्टान हैं जहां ऋषि-मुनियों ने तपस्या किया था, जिसका साक्ष्य प्रमाण अभी भी है। यहां ग्रामीणों ने माता-पार्वती का मंदिर अपने सहयोग से बनाए हैं एवं मंदिर का करीब लाखों रुपये की लागत से 51 फीट का भव्य गुंबद निर्माण के लिए महाराष्ट्र से चलकर आये शिल्पकार चंद्रकांत विठ्ठलराव केंद्रे भी आये हैं। बताया जाता है कि उक्त गुंबद का निर्माण में करीब 20 लाख रुपए की लागत से बनेगी और इसे देखने में काफी सुंदर प्रतीत होगा। यह गुंबद झारखंड का प्रथम गुंबद होगा, सतगावां के विभिन्न गांवों के कई बुद्धिजीवी लोग व ग्रामीण जनता के सहयोग से यह कार्य का शुभारंभ रविवार को किया गया है।

## लापता सेवानिवृत्त शिक्षक के परिजनों ने एसपी से लगायी गुहार



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** विगत 31 जनवरी से लापता कोडरमा थाना क्षेत्र अंतर्गत दूधीमाटी निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक गिरिजा नंदन प्रसाद का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। इस बाबत रविवार को समाजसेवी मनोज कुमार झुन्नू के साथ शिक्षक की पत्नी निर्मला सिन्हा, पुत्री अनिता सिन्हा व अन्य परिजन ने एसपी कुमार गौरव से मिलकर शीघ्र ही शिक्षक के सकुशल बरामद्गी को लेकर गुहार लगायी है। साथ ही एक आवेदन भी सौंपा है। वहीं एसपी श्री गौरव ने आश्वासन दिया कि जल्द हीं पुलिस उन्हें सकुशल ढूंढ लेगी। उन्होंने कहा कि संबंधित पुलिस पदाधिकारी को भी आवश्यक निर्देश दिये गये हैं। साथ ही किसी तरह की जानकारी मिलने पर उन्हें सूचित करें। ज्ञात हो कि इस संबंध में गिरिजा नंदन प्रसाद के बेटे आनंद किशोर ने पूर्व में भी कोडरमा थाना में अपहरण का मामला दर्ज कराया है। आवेदन में कहा गया है कि उनके पिता गिरिजा नंदन प्रसाद 31 जनवरी को 11 बजे अपने आवास से बाजार जाने के लिए निकले थे। उसके बाद वे घर वापस नहीं लौटे हैं। उन्होंने आशंका जाहिर की है कि अज्ञात लोगों ने उनके पिता का अपहरण किया है। इस मामले को लेकर भादवि की धारा 363 के तहत कोडरमा थाना में कांड संख्या 20/23 दर्ज किया गया है और एसआई इकबाल हुसैन को अनुसंधानकर्ता बनाया गया है। पुलिस भी इस मामले पर निगरानी रखे हुए है तथा संभावित स्थानों में जाकर उन्हें ढूंढने में लगी हुई है।

## बिहार के उप मुख्यमंत्री व वनभोज सह मिलन समारोह की तैयारी को लेकर राजद ने की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** राष्ट्रीय जनता दल जिला कार्यकारिणी की बैठक मरकच्चो स्थित प्रखंड कार्यालय में रविवार को अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सह जिप अध्यक्ष रामधन यादव ने की। जबकि संचालन प्रखंड अध्यक्ष सह प्रखंड प्रमुख विजय सिंह ने किया। बैठक की शुरुआत संत शिरोमणी संत रविदास की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर हुई। बैठक में 8 फरवरी को पंचखेरों डैम में आयोजित वन भोज सह मिलन समारोह की तैयारी और 12 फरवरी को रांची में बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के आगमन को लेकर चर्चा की गई। वहीं संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष रामधन यादव ने कहा की पार्टी की मजबूती के लिए सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने कहा की कोडरमा में राजद की अपनी बड़ी जनाधार है। जनाधार को धारदार बनाने के लिए संगठन को सक्रिय तौर पर गांव गांव में विस्तार करने की जरूरत है। उन्होंने कहा की देश में सांप्रदायिक



ध्रुवीकरण कर जनता को मुद्दे से भटकाया जा रहा है। जनता के सामने मंहगाई और बेरोजगारी विकराल समस्या बन गई है। लेकिन केंद्र सरकार की नीतियां गरीब विरोधी साबित हो रही है। देश में गरीबी, भुखमरी बढ़ रही है। ऐसे हालात में राजद जनता के पक्ष में सड़क से लेकर सदन तक आवाज बुलंद करेगी। कोडरमा में पार्टी लगातार कार्यक्रम कर रही है और संगठन को सशक्त बनाने में जुटी है। इसी मद्देनजर पंचखेरो डैम में कार्यकर्ताओं का मिलन समारोह आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में राजद के सभी कार्यकर्ता बढ़ चढ़कर भाग लें। वहीं रांची में तेजस्वी यादव के आगमन में कोडरमा से भारी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हो इसकी तैयारी जोरों पर है। बैठक में 8 फरवरी को आयोजित मिलन समारोह को सफल बनाने और 12 फरवरी को बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के रांची आगमन को लेकर कोडरमा से 200 वाहनों में सवार होकर कार्यकर्ताओं का काफिला रांची जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में प्रदेश महासचिव डॉ. जावेद अख्तर प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रदेश महासचिव रोहित, जिला महासचिव सरफराज नवाज खान, युवा जिला अध्यक्ष मनोज रजक, युवा प्रदेश महासचिव प्रदीप यादव, परवेज खान, पप्पू यादव, सरफुद्दीन अंसारी, संजय कुमार दास, मनिंद्र राम, नारायण दास, राजू यादव, प्रदीप राम, मनोज यादव, मकसूद आलम, तौकीर खान, सहदेव यादव, उदय यादव, नसीम अंसारी, भुवनेश्वर यादव समेत कई लोग मौजूद थे।

एक नजर में

## श्री महेश एकेडमी डोमचांच का वार्षिक समारोह संपन्न

**डोमचांच (कोडरमा)।** प्रखंड स्थित श्री महेश एकेडमी का वार्षिक समारोह रविवार को विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न हो गया। समारोह का उद्घाटन के पूर्व भगवान शंकर, मां सरस्वती तथा संस्थापक महेश्वर प्रसाद की छायाचित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। वहीं कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। समारोह का उद्घाटन डोमचांच नगर पंचायत के अध्यक्ष राजकुमार मेहता, उपाध्यक्ष पप्पू मेहता, नव-निर्माण संघर्ष समिति के अध्यक्ष देवेंद्र कुमार मेहता, 20 सूत्री उपाध्यक्ष लीलावती मेहता, कार्यक्रम के अध्यक्ष वरिष्ठ शिक्षक मोहनलाल पांडेय, निदेशक सुनील कुमार सिन्हा, प्राचार्या रीना दाराद एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

## मिनी ट्रक व ट्रेलर की टक्कर में एक चालक घायल

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत जमसोती नाला के समीप रविवार दोपहर करीब 11 बजे मिनी ट्रक व टेलर की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। जिसमें मिनी ट्रक चालक राजगीर बिहार निवासी 30 वर्षीय विपिन कुमार पिता सुखदेव राजवंशी गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं टेलर का चालक फरार हो गया। मिली जानकारी के अनुसार मिनी ट्रक संख्या डब्लूबी11एफ/3252 पटना से धनबाद जा रही थी, इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही लोहा लदे टेलर संख्या डब्लूबी19के/4824 ने जोरदार टक्कर मार दी। वहीं घटना की सूचना मिलते ही कोडरमा प्रभारी थाना प्रभारी श्यामलाल यादव दल बल के साथ मौके पर पहुंचकर घायल चालक को सदर अस्पताल भेजवाया। वहीं दोनों वाहनों को क्रेन के माध्यम से सड़क के किनारे करवाकर आवागमन सुचारू रूप से चालू करवाया।

## महायज्ञ को लेकर कलश यात्रा आज

**जयनगर (कोडरमा)।** अल्हो में आयोजित श्री श्री 108 श्री शिव शक्ति सह हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर आज भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। उक्त जानकारी यज्ञ समिति के अध्यक्ष भीम कुमार यादव, सचिव महेश यादव ने दी।

## संत शिरोमणी गुरु रविदास महाराज जी की 646वीं जयंती मनी

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत महूगांय पंचायत के बरवाडीह में आदि धर्म सेवा समिति शाखा बरवाडीह में संतो के संत शिरोमणी गुरु रविदास महाराज जी की 646वीं जन्मोत्सव समारोह मनाया गया। साथ ही गुरु महिमा का पाठ श्रद्धालूओं एंव भक्त प्रेमियों के बीच सुनाते हुए सत्य मार्ग पर चलने का अह्वाहन किया गया।

## कोडरमा पुलिस ने ई-बीट सिस्टम को किया लागू

**कोडरमा।** जिले के शहरी क्षेत्रों में अपराध पर नियंत्रण रखने एवं विधि व्यवस्था को कायम रखने के लिए कोडरमा पुलिस ने पहली बार ई-बीट सिस्टम लागू किया है। वहीं एसपी कुमार गौरव ने प्रेस वार्ता कर बताया कि जिले के शहरी क्षेत्र कोडरमा एवं झुमरीतिलैया शहर में नयी प्रणाली के तहत क्यूआर कोड आधारित ई-बीट सिस्टम को लागू किया गया है।

## घटवार घटवाल आदिवासी महासभा युवा मोर्चा की जिला इकाई की बैठक

**कोडरमा।** प्रखंड अंतर्गत इंदरवा पंचायत के गेंदवाडीह में घटवार घटवाल आदिवासी महासभा युवा मोर्चा के जिला कमिटी की बैठक देवी मंदिर के प्रांगण में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ब्रह्मदेव सिंह ने किया। इस मौके पर मुख्य रूप से जिला सचिव भगीरथ सिंह, जिला कोषाध्यक्ष महेश सिंह, प्रखड अध्यक्ष जयनगर राकेश सिंह, प्रखंड सचिव बहादुर सिंह, रौशन सिंह, राजेश सिंह उपस्थित थे।

## भाजपा युवा मोर्चा कार्यसमिति का बैठक संपन्न

**गिद्धौर।** प्रखंड के अंतर्गत पंचायत गिद्धौर में आज भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा मंडल गिद्धौर का बैठक बटेश्वर शिव मंदिर स्थित सामुदायिक भवन में संपन्न हुआ जिसमें पूर्व में हुए कार्यक्रम की समीक्षा किया गया एवं आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा तय किया गया एवं युवा मोर्चा के द्वारा जो ब्लड डोनेशन किया गया उसके प्रति आभार व्यक्त किया गया। बैठक की अध्यक्षता युवा मोर्चा के अध्यक्ष बबलू कुमार साव ने किया।

## फांसी के फंदे से झूलते अधेड़ का शव बरामद

**धुरकी।** थाना क्षेत्र के खुटिया पंचायत अंतर्गत कनहरतटीय शुरू गांव से थाना प्रभारी सदानंद कुमार ने पेड़ से फांसी के फंदे पर लटके एक अधेड़ का शव बरामद कर अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया है। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि शुरू गांव के ग्रामीणो ने इसकी सूचना दी थी। ग्रामीणों ने बताया कि कनहरतटीय शुरू गांव में पेड़ पर गांव का ही महेश कोरवा 56 वर्ष का शव फांसी के फंदे में झुल रहा है। जिसके बाद वे पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। इसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से मृतक महेश कोरवा के शव को नीचे उतारा। थाना प्रभारी ने बताया मृतक का शव लूंगी से फांसी के फंदे में झुलस रहा था। शव की पहचान करने के बाद उसे अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक अपने घर में पत्नी से झगड़ा किया था। उन्होंने बताया कि मौत कैसे हुई इसकी जानकारी पोस्टमार्टम होने के बाद ही पता चलेगा।

## कैंसर से युवक की मौत

**धुरकी।** थाना क्षेत्र के मिरचैया ग्राम के ब्रह्मणी टोला निवासी नन्हकू कोरवा के 21 वर्षीय पुत्र रामजी कोरवा की कैंसर से मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार रामजी कोरवा कुछ महीने पहले दिल्ली के कंपनी में ईट भट्ठा में कार्य करता था। जहां वह अस्वस्थ रहने लगा। तत्पश्चात परिजनों ने उन्हें घर बुलाया। परिजनों ने गढ़वा इलाज कराया जहां चिकित्सक ने टीवी होने की जानकारी दी। चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया। जहां चिकित्सकों ने कैंसर बताया, जहां इलाज के दौरान रामजी कोरवा की मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही परिवार वाले दहाड़ मारकर रोने लगे। मृतक के घर पहुंचकर जनप्रतिनिधि तथा समाजसेवियों ने ढांढस बनाया एवं सरकारी सहायता दिलाने का भरोसा दिलाया।

## बिजली चोरी के आरोप में सात लोगों पर प्राथमिकी

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र अंतर्गत झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के कनिय विद्युत अभियंता कमल कुमार गुप्ता के नेतृत्व में विशेष दल के साथ विशेष छापामारी अभियान चलाया गया। इस दौरान कनिय विद्युत अभियंता कमल कुमार और नीरज कुमार दुबे, जितेंद्र कुमार पासवान, सुनील यादव, रामावतार चौधरी, राजेश कुमार रवि, गौतम कुमार ने संयुक्त रूप से छापामारी की। छापामारी में विद्युत चोरी करने वाले सात लोगों के खिलाफ कनिय अभियंता ने श्याम बिहारी प्रसाद पर 8500 रुपए, चानो देवी पर 9600 रुपए, दयाशंकर प्रसाद गुप्ता पर 12200 रुपए, अनीस अख्तर अंसारी, इश्तहार अंसारी, सऊद आलम अंसारी, मिसबाहुल हसन अंसारी पर 9600-9600 रुपए का जुर्माना लगाते हुए स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज करने संदर्भ में लिखित आवेदन दिया है।

## आरके पब्लिक में शिक्षक-अभिभावकों की बैठक आयोजित

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र के आरके पब्लिक स्कूल उंचरी में निदेशक अलखनाथ पांडेय के अध्यक्षता में प्ले स्कूल संचालन के लिए पठन-पाठन की व्यवस्था व अन्य बिंदुओं पर चर्चा के लिए अभिभावकों के साथ बैठक आयोजित की गई। साथ ही स्कूली बच्चों के अच्छे मार्गदर्शन देने के लिए अभिभावक एवं शिक्षकों को विद्यालय के निदेशक के द्वारा कुछ टिप्स दिए गए। मौके पर निदेशक ने अभिभावक एवं शिक्षकों से अपील कर कहा कि दिए गए जानकारी को हर हाल में पालन करना सुनिश्चित करें। साथ ही सत्र 2023-24 में कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा नौ तक नामांकन के लिए अभिभावकों के द्वारा 46 फार्म लिया गया और नामांकन के लिए सप्ताह के प्रत्येक शनिवार को सुबह 10 बजे से 11 बजे तक समय सीमा निर्धारित किया गया है। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य राकेश पांडेय सहित अन्य शिक्षक व शिक्षिकाएं उपस्थित थी।

## स्पीड न्यूज

### अभिजीत प्लांट से चोरी का लोहा लदा पिकअप धराया, एक गया जेल

**चंदवा।** लातेहार एसपी अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर बीती रात्रि चंदवा पुलिस की टीम में छापामारी अभियान चलाकर चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत सदाबर गांव के पास से अभिजीत प्लांट चकला से चोरी का लगभग डेढ़ टन लोहा लोड पिकअप वैन को पकड़ने में सफल रही। इस दौरान पुलिस ने मो. राशिद अंसारी (सासंग चंदवा) को गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया। इस संबंध में चंदवा थाना में कांड संख्या 31/23 में 379/411 भादवि के तहत मामला दर्ज किया गया है। छापामारी अभियान में चकला पिकेट प्रभारी एएसआई रामचंद्र राम, सैप व पॉवर प्लांट के सिक्योरिटी ऑफिसर शामिल थे।

### छिपादोहर थाने में किया गया विदाई समारोह का आयोजन



विदाई देते अधिकारी।

**छिपादोहर।** छिपादोहर थाना के सहायक अवर निरीक्षक शशि रंजन सिंह को थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने थाना में सादे समारोह का आयोजन कर बिदाई किया गया। मौके पर शशि रंजन ने बताया कि छिपादोहर थाना में हमारा लगभग 2 साल कार्यकाल रहा और ड्यूटी के दौरान लोगों का भरपूर सहयोग भी मिला जिसे मै हमेशा याद रखूंगा। ज्ञात हो कि शशि रंजन का चंदवा थाना में स्थानांतरण किया गया है। मोके पर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने उज्वल भविष्य की सुभकामनायें देते हुए शॉल ओढ़ाकर ओर बुके दे कर बधाई दिया। बिदाई समारोह में सब इंस्पेक्टर काशी महली, रंजीत राम, विधायक प्रतिनिधि तेतर यादव, श्रवण सिंह, निजामुद्दीन अंसारी, राजकुमार ठाकुर सहित गणमान्य लोग मौजूद थे।

### रामनवमी पूजा मनाने को लेकर किया गया कमेटी का गठन

**छिपादोहर।** छिपादोहर में रामनवमी पूजा धूम धाम से मनाने को ले कर राजू प्रसाद की अध्यक्षता में ग्रामीणों की एक बैठक स्थानीय शिव मंदिर परिसर में की गयी। जिसमें सर्वसम्मति से पंकज गिरी को अध्यक्ष चुना गया। वहीं उपाध्यक्ष सुमित कुमार को चुना गया। कोषाध्यक्ष दीपक प्रसाद और अमित कुमार, सचिव शिवानन्द प्रसाद और ओमप्रकाश कुमार को चुना गया। वहीं संरक्षक राजू प्रसाद, श्रवण सिंह, सुधीर प्रसाद को बनाया गया। बैठक में दीपू प्रसाद, दीपक कुमार, प्रेम कुमार, मुन्ना गुप्ता, पवन कुमार, सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

### चिरिमिरी रेल लाइन निर्माण के लिए आवंटन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सांसद को दी बधाई

**छिपादोहर।** रेल बजट में चतरा गया रेल लाइन के लिए आवंटन और टोरी- चतरा-गया नई रेल लाईन के अंतिम स्थल सर्वेक्षण के लिए बजट में धन राशि का आवंटन और बरवाडीह-चिरमिरी नई रेल लाइन के लिए बजट में राशि आवंटित किये जाने पर छिपादोहर के भाजपा नेताओ ने स्थानीय सांसद को बधाई दी है। वरिष्ट भाजपा नेता भीमानन्द गिरी ने स्थानीय सांसद सुनील सिंह को बधाई देते हुए चतरा लोकसभा में रेल विस्तारीकरण के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की। वहीं भाजपा नेता रामधनी सिंह, दिलीप सिंह, रामकेश ठाकुर समेत कई नेताओं ने चतरा सांसद सुनील के प्रति आभार प्रकट किया है। मालूम हो कि चतरा सांसद सुनील कुमार सिंह ने इन रेलवे लाईनों के लिए कई बार संसद में मांग उठाई थी।

### उमवि महुआमिलान से सोलर प्लेट हुई चोरी

**चंदवा।** प्रखंड के जमीरा पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय महुआमिलन प्रांगण में लगे सोलर जल मीनार से बीती रात्रि अज्ञात चोरों ने लगे 4 में 3 सोलर प्लेट की चोरी कर ली। विद्यालय प्रबंधन व ग्रामीणों को चोरी की भनक रविवार को तब जब जलमीनार से पानी आना बंद हो गया। जांच पड़ताल करने पर स्कूल के छत पर लगे सोलर प्लेट गायब थे। खबर लिखे जाने तक विद्यालय प्रबंधन के द्वारा इसकी सूचना चंदवा थाना को नही दी गयी थी।

### पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ की प्रखंड स्तरीय बैठक संपन्न

**महुआडांड़।** महुआडांड़ प्रखंड अंतर्गत ब्लॉक गोल घर में पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ की प्रखंड अध्यक्ष शंकर यादव के अध्यक्षता में बैठक रखी गई। जिला सचिव राजू कुमार गुप्ता ने कहा कि यह बैठक जिला एवं प्रखंड स्तर को मजबूत करना है। पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ की तीन सूत्री मांगों को लेकर विचार विमर्श किया गया। जिससे झारखंड सरकार से मांग की गई है कि स्वयंसेवक का नाम बदल कर पंचायत सहायक रखा जाए। स्थाई करण एव मान देय बढ़ा दिया जाए। वहीं शंकर यादव ने बताया कि इन मांगो को लेकर आगामी 20 फरवरी को रांची में धरना प्रदर्शन करेंगे। वहीं लातेहार डीसी को ज्ञापन भी देंगे। स्वयंसेवक की मान देय भी नहीं मिला है। कई स्वयंसेवक काम करना छोड़ दे रहे है। मौके पर जिला सचिव राजू कुमार गुप्ता, प्रखंड अध्यक्ष शंकर यादव, प्रखंड सचिव समिम अंसारी, समीर सिंह, रविन्द्र कुमार, तरमनी कुमारी, गौतम कुमार, सुमन सालिनी एवम् दर्जनों लोग उपस्थित थे।

धूमधाम से मना शांति निकेतन पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव, रंगारंग प्रस्तुति से बच्चों ने लोगों को किया मंत्रमुग्ध

# शिक्षा-संस्कार में शांति निकेतन स्कूल सबसे अव्वल : रामचंद्र सिंह

- विधायक रामचंद्र सिंह ने फीता काटकर किया विद्यालय के नये भवन का उद्घाटन
- कार्यक्रम की शुरुआत शिक्षक ने सुख के सब साथी दुख में न कोय .. गाकर किया





कार्यक्रम का शुभारंभ करते विधायक, संचालक व अन्य।



कार्यक्रम में उपस्थित विधायक व अन्य।





कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे ।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** शांति निकेतन पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव के अवसर पर प्रखण्ड मुख्यालय अंतर्गत मैन रोड स्थित सीआरपीएफ पिकेट के समीप विद्यालय के नए भवन का उदघाटन मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि फीता काटकर किया। इसके उपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ भी विधायक ने विद्या की देवी मां सरस्वती और संत शिरोमणि रविदास की तस्वीर पर पुष्प अर्पित और दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के शिक्षक उमाशंकर उपाध्याय ने सुख के सब साथी दुख में न कोय .. गाकर किया। इसके बाद छात्र -छात्राओं ने स्वागत गीत के साथ मैंने पायल है खनकाई, लूंगी डांस, काला चश्मा, स्वेग से करेंगे सबका स्वागत आदि गानों पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं नन्हें मुन्ने बच्चों ने कई रंगारंग कार्यक्रम पेश करते हुए सामाजिक संदेश दिया।

## शिक्षा के क्षेत्र में नये आयाम गढ़ रहा है यह विद्यालय : विधायक

विधायक रामचंद्र सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों ने अनूठे अंदाज में सामाजिक चेतना को जागृत करने का काम किया हैं। उन्होंने विद्यालय के संचालक और पूरे परिवार को बधाई दी। कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में शांति निकेतन पब्लिक स्कूल के नए आयाम गढ़ रहा है। बताया कि बच्चों को अच्छा नागरिक बनाने में माता-पिता के बाद शिक्षण संस्थानों का अहम योगदान होता है। शिक्षकों को बच्चों को शिक्षा देने के साथ संस्कारवान बनाने इत्यादि गुणों में शांति निकेतन पब्लिक स्कूल सबसे अव्वल दर्जे का रहा है। छात्रों को अपने जीवन में उच्च लक्ष्य निर्धारित जरूर करना चाहिए और उस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए मेहनत अति आवश्यक है, और हमें यह लगता है कि इस विद्यालय के शिक्षक और छात्र काफी मेहनत करते हैं।

### बच्चों को एजुकेशन देना ही हमारा प्रयास : डॉ पवन कुमार

विद्यालय के प्रबंधक डॉ. पवन कुमार ने वार्षिक रिपोर्ट अभिभावकों के सामने रखी और मेधावियों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय परिवार का हमेशा से यही प्रयास रहा है कि विद्यालय में पढ़ रहे बच्चों को विश्वस्तरीय एजुकेशन दिया जाए। ताकि बरवाडीह और इसके आसपास के क्षेत्र के बच्चों को गुणवतापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने के लिए यहां से बाहर या दूसरों शहरों में नहीं जाना पड़े। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने सभी आंगतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### उपस्थित रहे गण्यमान्य लोग

कार्यक्रम में विद्यालय के वाइस प्रिंसिपल कुमार विवेक, फिरोज अहमद, नवीन कुमार, जरीना कौसर, आलम दस्तगीर, एविल राय, इसाक राय, मुक्तिका राय, दीपाली राय, अर्चना कुमारी, रूपा वर्मा, मोशिका राय, राजेश कुमार झा, वेदानंद मिश्रा, सुहेल के साथ-साथ विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, कांग्रेस नेता रविंद्र राम, राजद प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अजय चंद्रवंशी, वरिष्ट नेता सह समाजसेवी अनिल सिंह, मनोज जयसवाल, दीपू तिवारी सहित कई गणमान्य लोग शमिल थे।

# सड़क दुर्घटना में महिला की मौत के बाद ग्रामीण हुए उग्र

- ग्रामीणों ने किया सड़क जाम, मुआवजा व सड़क में ब्रेकर बनवाने की मांग
- मामला : अज्ञात वाहन ने महिला को मार दी थी टक्कर, इलाज के लिए रिम्स ले जाने के दौरान हुई मौत



ग्रामीणों से वार्ता करते पदाधिकारी।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के जालिम पंचायत के उदयपुरा गांव के रहने वाली मुन्नी देवी (55) पति स्व. मंगल देव उरांव को शुक्रवार की शाम सात बजे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। जिससे महिला की एक दिन बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने रविवार को उदयपुरा के समीप एनएच-39 सड़क को करीब दो घंटे तक जाम कर दिया। इस दौरान दोनों और वाहनों की लंबी कतार लग गई। मृत महिला के बेटा मुनेश्वर उरांव ने बताया कि मेरी मां मुन्नी देवी शुक्रवार की शाम सात बजे घर से बाहर सामान लेने के लिए गई थी। सामान लेकर वापस लौटने के दौरान एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से महिला को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज किया। गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने शनिवार को इलाज के लिए महिला को रांची रिम्स रेफर कर दिया। रांची रिम्स जाने के दौरान में ही महिला की मौत रास्ते में हो गई। परिजन शव लेकर घर आ गए और रविवार को सुबह साढ़े नौ बजे शव के साथ आक्रोश ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया। आक्रोशित ग्रामीण व परिजन मुआवजा व सड़क में ब्रेकर बनाने की मांग कर रहे थे। सड़क जाम की सूचना के बाद अंचलाधिकारी रूद्र प्रताप, पुनि सह थाना प्रभारी चंद्रशेखर चौधरी, पुलिस अवर निरीक्षक रोहित कुमार दल बल के साथ जाम स्थल पहुंचे और जामकताओं से बात किया। जामकताओं ने प्रशासन से मृत परिजनों को मुआवजा व ब्रेकर बनाने की मांग की। जिस पर अंचलाधिकारी ने सरकारी प्रावधान के तहत मृत परिजनों को मुआवजा देने की बात कही और जल्दी उक्त स्थान पर ब्रेकर बनाने की बात कहीं। अंचलाधिकारी के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने साढ़े 11 बजे जाम हटाया। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। जाम स्थल में जालिम पंचायत के मुखिया सुनीता देवी समेत सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।

## एक नजर में

### बाजारटांड़ के शिव मंदिर के समीप रितिका इंटरप्राइजेज लघु उद्योग का हुआ शुभारंभ



उद्घाटन के मौके पर उपस्थित लोग।

**लातेहार।** जिला मुख्यालय स्थित बाजार टांड़ के शिव मंदिर के समीप रितिका इंटरप्राईजेज लघु उद्योग का शुभारंभ रविवार को पंडित अविनाश पांडेय के द्वारा विधिवत पुजन कर किया गया। वहीं लघु उद्योग का संचालक अमन कुमार ने कहा कि हमारे लघु उद्योग में कॉपी बनाया जायेगा जो उचित व सस्ते दामों में ग्राहकों को उपलब्ध कराया जायेगा। वहीं श्री कुमार ने आगे कहा कि हमारे जिला में कॉपी का दुकानदार जब बाहर से कॉपी मंगवाता है तो लातेहार पहुंचने तक कॉपी का ट्रांसपोर्टिंग का खर्च बढ़ जाता है जिस कारण कॉपी का मुल्य भी बढ़ जाता है जो ग्राहकों को देना पड़ता है। लेकिन अब नहीं, महंगाई की मार झेल रहे ग्राहको के लिए उचित दामों में उनके अपने शहर में कॉपी उपलब्ध है। सभी थोक कॉपी का दुकानदार हमारे यहां से उचित दामों में ले सकते है और रिटेलर मुल्य पर बिक्री कर सकते है। वहीं शुभारंभ के दौरान संचालक के पिता लाल बिहारी प्रसाद, अविनाश कुमार, शुभम कुमार, सुरज कुमार, रवि कुमार, धीरज कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे।

### स्कूली छात्रा ट्यूशन कर लौट रही थी घर, कार ने रौदा, इलाज के दौरान हुई मौत

**महुआडांड़।** महुआडांड़ थाना क्षेत्र के अंबोटोली निवासी मनौवर आलम की दो बेटी उम्मे ऐमन एवं सैय्यदा जैनब दोनों बहन दो फरवरी को शाम के समय ट्यूशन कर घर लौट रही थी। इस क्रम में बड़ी मस्जिद अंबोटोली के पास मारूति सुजुकी कार जिसका चालक तहबूल अहमद द्वारा दोनों बहन को रौद कर निकल गया। अनन फनन में वाहन मालिक द्वारा गंभीर रूप से घायल उम्मे ऐमन को सूर्या अस्पताल में इलाज के लिए गया। जहाँ बिना डॉक्टर के इलाज किया गया। वही मृतक छात्रा का कपड़े भी बदल दिये गये थे। वही घटना की जानकारी परिजनों को बहुत लेट में दिया गया। वही लेट से इलाज होने के कारण उम्मे ऐमन की मौत हो गई। वही परिजनों ने आरोप लगाया की जानबूझकर सड़क दुर्घटना कर हत्या कर दी गई है। परिजनों पुलिस प्रशासन से न्याय दिलाने की गुहार लगाई है। वही परिजनों ने बताया कि बड़ी मस्जिद में लगे सीसीटीवी कैमरे के फूटेज घटना की पूरी वीडियो कैद हो गई है। जिससे साफ लगता की हत्या की कोशिश की गई है।

### सुनीता देवी के हत्यारों को फांसी देने की मांग को लेकर निकाला कैंडल मार्च



**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के मासियातू ग्राम निवासी प्रमोद प्रसाद गुप्ता की पत्नी सुनीता देवी को अज्ञात हमलावरों द्वारा गला रेत कर हत्या किए जाने के विरोध में एवं हत्यारों को गिरफ्तार करने एवं फांसी देने की मांग को लेकर बालूमाथ में एक कैंडल मार्च निकाला गया। कैंडल मार्च मुरपा मोड से आरंभ होकर चेक पोस्ट, थाना चौक, न्यू बस स्टैंड, दुर्गा मंडप ,होते हुए थाना चौक में आकर एक सभा में तब्दील हो गई। कैंडल मार्च में शामिल लोग अपने हाथों में तख्तियां लिए हुए थे जिसमें सुनीता देवी के हत्यारों को शीघ्र गिरफ्तार करो ,सुनीता देवी के हत्यारों को फांसी दो, हत्या करने वाले को शीघ्र गिरफ्तार करो ,समेत कई नारा लिखा हुआ था। थाना चौक में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विनोद बिहारी गुप्ता ने कहा कि आज हमारे समाज के एक महिला की निरशंस हत्या कर दी जाती है और 76 घंटा बीत जाने के बावजूद भी बालूमाथ पुलिस अब तक हत्यारों को गिरफ्तार करने में असफल साबित हुई है। मौके पर शैलेश सिंह, लालदेव गंझु, सुनील सिंह, राजू प्रासाद, संजय प्रसाद गुप्ता, हितोकांत गुप्ता, अखिलेश गंझु, दशरथ यादव, रंजय सिंह, विनोद साव समेत कई लोग शामिल थे।

मनिका प्रखंड क्षेत्र में धूमधाम के साथ मनाया गयी रविदास जयंती

# पंडालों पर पहुंचे विधायक व क्षेत्र के जनप्रतिनिधि



पूजा पंडालों पर उपस्थित विधायक व जनप्रतिनिधि।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनिका।** मनिका प्रखंड क्षेत्र में माघ पूर्णिमा के अवसर पर दिन रविवार को शिरोमणि संत गुरु रविदास की 647 वां जयंती धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों के लोगों ने अपने अपने गांव में पूजा पंडाल बनाकर संत गुरु रविदास की प्रतिमा व फोटो स्थापित कर विधिवत पूर्वक जयंती मनाई। कई पूजा स्थानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित की गई। वहीं मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान, 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान, युवा कांग्रेस मनिका विधानसभा अध्यक्ष मिथिलेश पासवान, युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष ओम प्रकाश यादव, युवा कांग्रेस प्रखंड उपाध्यक्ष विशाल पासवान, समेत कई अन्य जनप्रतिनिधियों ने मनिका क्षेत्र के मनिका, दूंदू, पल्हेया, नूनफोरवा, इत्यादि गांव में जाकर संत गुरु रविदास जयंती के कार्यक्रम में शामिल हुए और संत गुरु रविदास को नमन किया। वहीं पल्हेया गांव में रविदास समाज के लोगों ने विधायक व जनप्रतिनिधियों के द्वारा केक कटवा कर संत गुरु रविदास की जयंती मनाई। मौके पर विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि आज विधानसभा क्षेत्र के कई गांव में संत रविदास जयंती मनाई जा रही है जो बहुत खुशी की बात है। संत गुरु रविदास की बताए गए मार्ग के अनुसार कोई भी व्यक्ति किसी जाति में जन्म के कारण नीचा या छोटा नहीं होता है किसी भी व्यक्ति को निम्न उसके कर्म बनाते हैं इसलिए हमें सदैव अपने कर्मों पर ध्यान देना चाहिए। कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान विश्वनाथ पासवान ने भी लोगों को संबोधित किया।

### बालूमाथ में रविदास जयंती मनायी गयी



**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित अंबेडकर नगर में रविवार को संत रविदास जयंती मनाई गई। जयंती के शुभ अवसर पर रविदास समाज के लोगों ने संत रविदास के चित्र पर माल्यार्पण कर और दीप प्रज्वलित कर उन्हें नमन किया। मौके पर बोलते हुए रविदास समाज के प्रखंड अध्यक्ष गोपाल राम ने कहा की संत रविवास भक्तिकालीन संत और महान समाज सुधारक थे। इन्होंने लोगों को बिना भेदभाव के आपस में प्रेम करने की शिक्षा दी, और इसी तरह से वे भक्ति के मार्ग पर चलकर संत रविदास कहलाए। मौके पर बालूमाथ मुखिया नरेश लोहरा, रविदास समाज के पंचायत अध्यक्ष बालेश्वर राम, बाबूलाल राम, राजेश कुमार, रवि हरेंद्र कुमार रवि, शकल राम, छेदी राम, मुनेश्वर, ललन कुमार रवि, अशोक कुमार रवि, विनय कुमार रवि, जगदीश राम, संजय राम, प्रदीप, सनोज, विपिन, अजयसहित कई लोग उपस्थित रहे।

हर्षोउल्लास के मनाया गया रविदास की जयंती



**बारियातू।** प्रखंड के विभिन्न स्थानों मे हर्षोउल्लास के साथ रविवार को रविदास जयंती सम्पन्न हुई। डाढ़ा के नावाटोला मे बीरेंद्र राम, रंजीत राम, संदीप राम, मोहन राम, मुकेश राम, सरयू राम, विकास, सुनील सहित लोगों के देख रेख मे रविदास जयंती मनाया गया। टोटी हेसला, पिपराडीह, मकरा व बालूभाँग मे शांतिपूर्ण वातावरण के साथ संत शिरोमणि रविदास जयंती धूमधाम व हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। इधर टोटी पंचायत के इटके कटहल टोला व सिबला पंचायत के राजगुरु मे कलश यात्रा निकाला गया। राजगुरु मे महिला पुरुष युवक युवतियों ने अरगाही नदी से पवित्र जल भरकर जयंती स्थल पुनः वापस पहुचे इटके कटहल टोला के लोगों ने घुठी नदी से पहुंचकर विधिवत कलश मे जल भरकर जयंती स्थल पहुंचकर सभा मे तब्दील हो गई। मौके पर बालूलाल राम, पिंटू राम, गोपाल राम, अजय राम, सकीन्दर राम, कुलदीप राम आदि मौजूद थे।

### शहर के विभिन्न स्थानों पर धूमधाम के साथ मनायी गयी संत रविदास की जयंती



मौके पर मौजूद लोग।

**लातेहार।** जिला मुख्यालय समेत आसपास के क्षेत्रों में रविवार को संत रविदास की जयंती मनायी गयी। शहर के अम्वाटीकर स्थित अंबेडकर चौक में नव युवक संघ के तत्वावधान में संत रविदास की जयंती मनायी गयी। यहां संघ के पदाधिकारियों ने संत रविदास के चित्र में माल्यापर्ण कर पूजा अर्चना किया। इसके बाद यहां से एक शोभा यात्रा निकाली गयी। शोभा यात्रा में अध्यक्ष शंकर राम, सचिव दीपक राम, कोषाध्यक्ष रंजीत राम, मुरारी राम, चंदू राम, अनिल राम, भोला राम, बनवारी राम, नंदू राम, शंभू राम, नरेंद्र राम व किरण राम आदि शामिल थे। शोभा यात्रा बस स्टैंड से मेन रोड होते हुए बाइपास चौक पहुंची। इसके बाद पुनः शोभा यात्रा अमवाटीकर पहुंची। शोभा यात्रा में लोगों ने मन चंगा तो कठौति में गंगा और संत रविदास की जयघोष कर रहे थे। इसके अलावा शहर के बाइपास चौक में भी संत रविदास संघ के तत्वावधान मे पूजा अर्चना की गयी। संघ के मधु राम ने कहा कि संत रविदास ने समाज को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया था। हमें उनके बताये रास्ते पर चलना है। संत रविदास ने कहा कि अगर सच्चे मन से कोई कार्य करें तो वह अवश्य सफल होता है। मौके पर रामदयाल राम, युगेश्वर राम, शिवशंकर राम, बबलू राम, आशुतोष, बसंत, प्रभु, सुनेश्वर समेत कई लोग उपस्थित थे।

# बालूमाथ में ट्रक ओनर एसोसिएशन की बैठक संपन्न

- तेतरियाखांड़ कोलियरी में 60% विस्थापित ट्रक मालिकों का ट्रक और 40% बालूमाथ ट्रक मालिकों का ट्रक कोलियरी में प्रवेश हो इसे लागू करवाया जाएगा : संजीव सिन्हा



बैठक करते एसो के लोग।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** बालूमाथ ट्रक ऑनर एसोसिएशन की बैठक रविवार को बालूमाथ स्तिथ होटल प्रतीक्षा में प्रखंड अध्यक्ष संजीव कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में ट्रक ओनर एसोसिएशन कमिटी का पुनर्गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष संजीव कुमार सिन्हा, उपाध्यक्ष मो. जुबेर, सुनील पांडे, कमलेश सिंह, महेन्द्र यादव, महामंत्री उपेंद्र यादव, सचिव मो.सिकंदर, राजू पासवान और कोषाध्यक्ष संजय गुप्ता को चुना गया। वहीं संरक्षण मंडली में 11 सदस्यों का चयन किया गया। जिसमें अरविंद कुमार यादव, सुरेश राम, शैलेश सिंह मो. सल्लू खान, मो. शब्बीर के नाम शामिल है। तेतरियाखांड़ कोलियरी में 60% विस्थापित ट्रक मालिकों का ट्रक और 40% बालूमाथ ट्रक मालिकों का ट्रक कोलियरी में प्रवेश हो इसे लागू करवाया जाएगा। मौके पर बोलते हुए अध्यक्ष संजीव कुमार सिन्हा ने कहा की तेतरियाखांड कोलियरी में 60% विस्थापित ट्रक मालिकों का ट्रक और 40% बालूमाथ ट्रक मालिकों का ट्रक कोलियरी में प्रवेश होना था। लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है इसको लेकर विस्थापित ट्रक ओनर से वार्ता कर इसे लागू करवाया जाएगा। तेतरियाखांड़ कोलियरी में नगडा, बसिया, बेलवाड़ीह, पिंडारकोम के लोग अगर विस्थापित हैं। तो हम लोग प्रभावित हैं। इसका ध्यान रखा जाना चाहिए। वहीं सचिव राजू पासवान ने कहा कि तेतरियाखांड कोलियरी में जब-जब परेशानी आती है। तो बालूमाथ ट्रक ओनर एसोसिएशन हमेशा साथ में खड़ा होता है। लेकिन लाभ लेने की बारी आती है तो बाहरी-भीतरी का राजनीति शुरू हो जाता है। वही मो. जुबैर ने कहा कि बालूमाथ ट्रक ओनर एसोसिएशन और विस्थापित ट्रक ओनर एसोसिएशन तेतरियाखांड को समन्वय स्थापित कर कोलियरी को सुचारू रूप से चलाना चाहिए। क्योंकि दोनों जगहों के लोगों का सहयोग कोलवरी को मिलता आया है। वही सभा का संचालन महामंत्री उपेंद्र यादव ने किया। मौके पर जावेद अख्तर, नामेश्वर गुप्ता, पंकज केशरी, संतोष कुमार, पंकज सिन्हा, बादल, उमेश यादव, सजंय राम सहित कई ट्रक मालिक उपस्थित थे।

### ग्राम प्रधान के बैनर तले आज हाल सवे के विरोध में जुलूस प्रर्दशन

**महुआडांड़।** महुआडांड़ प्रखंड में हाल सवे में गड़बड़ी में सुधार व पुराना सवे सीएस से कार्या का निष्पादन के लिए सोमवार 6 फरवरी को ग्राम प्रधान के बैनर तले जुलूस प्रर्दशन किया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए ग्राम प्रधान संघ के सचिव लुईस कुजूर ने बताया की ग्राम प्रधानों के आह्वान पर पूरे प्रखंड वासी हाल सवे की गड़बड़ी को लेकर जुलूस प्रर्दशन में भाग लेगें। जो शांति पूर्ण से शहिद चौक से निकलकर महुआडांड़ अनुमंडल कार्यालय तक जाएगी।

# सिंदरी: सीटू ने आम बजट का किया विरोध

## वित्त मंत्री का पुतला फूंक किया विरोध

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिन्दरी ।** सीटू से संबद्ध ठेका मजदूर यूनियन सिन्दरी ने कल्याण केन्द्र सिन्दरी से बजट के विरोध में मार्च निकालकर सूर्यदेव सिंह चौक पर पहुँचकर वित्तमंत्री निर्मला सीतारमन का पुतला फूंका गया। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि बजट में आम लोगों पर कथित अमृत काल में विष घोला गया है।

उन्होंने कहा कि संसद में पेश किए गए यूनियन बजट में खाद्य सुरक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य के क्षेत्र मे आवंटित किए जाने वाली राशि कम कर दी गई है व आम जनता के लिए केवल बड़ी बड़ी घोषणाएं की गई है। ग्रामीण इलाकों में गरीबों को रोजगार प्रदान करने वाले मनरेगा के बजट में 33 प्रतिशत की कटौती यानि केवल 60 हजार करोड़ की ही राशि आवंटित किया जाना वित्तमंत्री का ग्रामीण गरीबों के साथ क्रूर मजाक है। आँगनबाड़ी कर्मियों के मानदेय में बढ़ोतरी और पेंशन के संबंध मे वित्तमंत्री ने कुछ नहीं कहा है। जबकि कोरोना काल मे यह अग्रिम मोर्चे के कार्यकर्ता थे। किसानों के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बजट मे कुछ नहीं कहा गया है। इसके साथ ही इस बजट में देश के गरीब बच्चों, नौजवानों, वृद्धों और महिलाओं के लिए कुछ भी नहीं है। वक्ताओं ने आगामी 5 अप्रैल को दिल्ली में आयोजित मजदूर किसान संघर्ष रैली को सफल करने का आह्वान किया।




### वक्ताओं ने रखे विचार

वक्ताओं में सीटू वरिष्ठ नेता काली सेनगुप्ता, विकास कुमार ठाकुर, महासचिव गौतम प्रसाद, सचिव सूर्य कुमार सिंह, किसान सभा वरिष्ठ नेता संतोष महतो, बीमा कर्मचारी संघ नेता रजनीकांत मिश्रा ने अपना वक्तव्य रखा। कार्यक्रम में सुबल कुमार दास, पप्पू राजवाड़, प्रफुल्ल कुमार स्वैन, गोपाल राय, राम प्रसाद मंडल, रामलाल महतो, बबलू बाउरी, महादेव माझी, गणेश टूडू, प्रफुल्ल महतो, नरेश महतो, मोगली मुर्मू, सरस्वती चौधरी, बबीता सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## झरिया: नये आउटसोर्सिंग के विरोध में गोलबंद हुए लोग

### धनबाद जिला युवा कांग्रेस महासचिव ने किया कार्यक्रम

खबर मन्त्र संवाददाता

**झरिया ।** लोदना दुर्गा मण्डप स्थित धनबाद जिला युवा कांग्रेस के महासचिव तबरेज खान की उपस्थिति में झरिया विधानसभा युवा कांग्रेस के महासचिव रवि सिंह एवं युवा नेता रोशन यादव के नेतृत्व में यूथ जोड़ो बूथ जोड़ो कार्यक्रम किया गया। साथ ही नव मनोनित जिला महासचिव विक्की कुमार, खुर्शीद अंसारी को माला पहनाकर अभिनन्दन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते जिला महामंत्री सह झरिया प्रभारी ने कहा कि यूथ जोड़ो बूथ जोड़ो कार्यक्रम के तहत पूरे विधानसभा में ज्यादा से ज्यादा युवाओं को संगठन में जोड़ने का काम किया जा रहा है। देश के युवाओं का भविष्य उज्जवल कांग्रेस पार्टी ही कर सकती है। कांग्रेस जब भी सत्ता में रही है हमेशा युवाओं के लिए हितकारी नीतियां बनाने का कार्य किया है आज देश के युवा ठगा महसूस कर रहे हैं बेरोजगारी महंगाई चरम पर है इसलिए हम सभी युवा कांग्रेस के साथी प्रण लेते हैं कि 2024 में भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेंगे।आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से संदीप पासवान ऋषभ सिंह चंदू यादव आर्यन पासवान तौसीफ खान अली अंसारी प्रिंस आकिब खान इत्यादि दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बोकारो प्लांट में डीआई ने क्यू आर कोड प्रणाली का किया उद्घाटन



**बोकारो।** डिजिटाइजेशन की दिशा में अग्रसर बोकारो स्टील प्लांट के केंद्रीय भण्डार के एम डब्ल्यू.26 डिपो में सामग्रियों की पहचान हेतु क्यू आर कोड प्रणाली का उद्घाटन निदेशक प्रभारी अमरेन्दु प्रकाश ने सीईओ ;बीपीएससीएलद्ध केके ठाकुरए ईडी बी के तिवारीए सी आर महापात्राए एस रंगानीएजे दास गुप्ताए ईडी ;एमएमद्ध एवं अतिरिक्त प्रभार ईडी अमिताभ श्रीवास्तवए सीजीएमए विभागाध्यक्ष एवं अन्य अधिकारियों व कर्मियों की उपस्थिति में किया। इससे विभिन्न प्रकार के सामग्रियों की पहचान आसानी से हो सकेगी जिससे इन्वेंटरी में कमी आयेगी। श्री प्रकाश ने सामग्री प्रबंधन विभाग की इस उपलब्धि पर बधाई एवं शुभकामना दी तथा संयंत्र के सभी भंडारों में इस प्रणाली को लागू करने का संदेश दिया।

कार्यक्रम के दौरान निदेशक प्रभारी अमरेन्दु प्रकाश ने इन्वेंटरी के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान हेतु हेवीए मीडियम तथा लाइट कैटेगरी में इन्वेंटरी चैम्पियन का पुरस्कार क्रमशरू सीसीएसए आरजीबीएस तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं टेलिकॉम विभाग को प्रदान कर उन्हें बधाई दी कार्यक्रम का संचालन वरीय प्रबंधक राजेश कुमार ने किया।

## बड्स गार्डेन में खुला प्ले स्कूल

खबर मन्त्र संवाददाता



**राजगंज।** रविवार को सत्र 2022-23 से बड्स गार्डेन स्कूल 10+2 दलूडीह, राजगंज, धनबाद में छोटे-छोटे, नन्हे-मुन्ने,प्यारे-प्यारे बच्चों के लिए प्ले स्कूल का शुभारंभ किया गया , जिसमें खेल खेल में बच्चों को अध्ययन अध्यापन कार्य कराई जाएगी। इस सुअवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में धनबाद जिला शिक्षा पदाधिकारी, श्री बी. एन. रजवार के कर कमलों द्वारा प्ले स्कूल का उद्घाटन कराया गया, साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में सुश्री निशा मुर्मू, डी.एस.पी, बाघमारा व राजगंज थाना प्रभारी,आलोक कुमार सिंह भी उपस्थित थे। ज्ञातव्य है कि इस पद्धति से ढाई वर्ष के बच्चों में खेल-खेल में पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ाई जाती है। इस पद्धति का अनुसरण अभी तक धनबाद जिला के शहरी क्षेत्रों के कुछ स्कूलों में किया जा रहा था, अब ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे भी इस पद्धति के अनुसार पढ़ाई कर पाएंगे । नए सत्र में कक्षा नर्सरी से षष्टम तक के बच्चों के लिए अबाकस क्लासेस का भी शुरूआत किया जा रहा है, जिसके तहत बच्चे कैलकुलेटर से भी जल्दी अपने दिमाग में गणितीय अंको का कैलकुलेशन कर पाएंगे जिसका प्रदर्शन अबाकस क्लास के पदाधिकारियों ने मंच पर प्रदर्शित करके दिखाया ।आज के उद्घाटन कार्यक्रम में स्कूल की छोटी-छोटी बच्चियों के द्वारा गणेश वंदना का सुंदर सा नृत्य की प्रस्तुति भी की गई इस दौरान स्कूल के सैकड़ों अभिभावक एवं स्कूल के बच्चे काफी उत्साहित थे इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक सह प्रचार्य, प्रमोद चौरसिया, चेयरमैन, ए के पाल अजय रावत संजय तिवारी श्रवण कुमार ,बबीता रानी ,पुष्पा दुबे,अरुणा ओझा, आदि उपस्थित थे।

## जयंती समारोह: लोगों को प्रेरित करती है संत रविदास की शिक्षा: संतोष झा

खबर मन्त्र संवाददाता

**बाघमारा।** बाघमारा में संत रविदास जयंती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ विद्यालय प्राचार्य संतोष कुमार झा जी द्वारा दीप प्रज्वलन व संत रविदास जी के चित्र पर पुष्पार्चन कर किया गया। प्राचार्य महोदय ने भैया-बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि पूरी दुनिया में भाईचारा और शांति की स्थापना के साथ ही उनके अनुयायियों द्वारा दी गई महान शिक्षाओं को याद करने के लिए हम प्रतिवर्ष उनकी जयंती मनाते हैं। उन्होंने समाज को एकता के सूत्र में बांधने के लिए सदा कार्य किया। उनकी शिक्षाएँ आज भी लोगों को प्रेरित करती हैं। आज के मुख्य वक्ता आचार्य नवीन कुमार मिश्र ने रविदास जी का संक्षिप्त जीवन वृत्त भैया-बहनों के समक्ष रखा। उन्होंने भैया-बहनों को संत रविदास के जीवन से जुड़ी लघु कथाएँ भी सुनाई। भैया - बहनों ने भी भाषण के माध्यम से अपने विचारों को रखा और संत रविदास जी के बताए मार्ग पर चलने का निश्चय किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त आचार्य-दीदीजी का सहयोग रहा। मौके पर आचार्या कुमारी श्वेता, पूजा गुप्ता,अनिता साव ,आचार्य अक्षयवर नाथ चौबे,चंद्रशेखर सिंह,संतोष साहु आदि मौजूद थे।

### धोबी महासंघ ने मनाई जयंती

**धनबाद।** अखिल भारतीय धोबी महासंघ धनबाद जिला की ओर से संत शिरोमणि रविदास का 646 वीं जयंती होटल 7 हेवन के सभागार में मनाया गया। इस मौके पर जिला सचिव संतोष रजक ने कहा कि समाज को संत रविदास के सिद्धांतों को आत्मसात कर उनके बताए रास्ते पर चलना होगा। उन्होंने कहा कि कोई व्यक्ति जन्म से उच्च और नीच नहीं होता वह अपने कर्मों से जाना जाता है। उन्होंने दिखावे से बचने पर जोर दिया। तभी हमारा समाज व्यवसाय शिक्षा के क्षेत्र में विकास करेगा।

## डैफोडिल्स एकाडमी व डैफोडिल्स बचपन का वार्षिक कार्यक्रम




**पुटकी।** करकेन्द डैफोडिल्स एकाडमी ओर डैफोडिल्स बचपन की वार्षिक कार्यक्रम में नामांकन शुल्क में 28 फरवरी तक 50 प्रतिशत छुट की घोषना। करकेंद बाजार स्थित डैफोडिल्स एकाडमी ओर डैफोडिल्स वचपन में रविवार को वाषिर्क उत्सव गोपालिचक मैदान में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत द्वीप प्रज्वलित कर एवं शंख बजाकर किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राधेश्याम गोस्वामी,चेयरमैन स्टीयरिंग कमेटी ,झारखंड अध्यक्ष विजय सेनगुप्ता,चटर पयंट धनबाद, विशिष्ट अतिथि, अरूण महतो, प्राचार्य शाहिद शक्ति महतो इंटर कालेज, शिजुया, एवं अलविनूस इंद्रवार थाना प्रभारी पुटकी थाना। कार्यक्रम में न्रित्यकला, नाटक, कविता , आदिवासी न्रित्य, राधा कृष्ण का रूप सज्जा शामिल हुए।

## कांग्रेस की ओर उमड़ता जन सैलाब विरोधियों में घबराहट: तबरेज खान

खबर मन्त्र संवाददाता

**झरिया।** लोदना दुर्गा मण्डप स्थित धनबाद जिला युवा कांग्रेस के महासचिव तबरेज खान जी की उपस्थिति में झरिया विधानसभा युवा कांग्रेस के महासचिव रवि सिंह एवं युवा नेता रोशन यादव के नेतृत्व में यूथ जोड़ो बूथ जोड़ो कार्यक्रम किया गया। साथ ही नव मनोनित जिला महासचिव विक्की कुमार, खुर्शीद अंसारी को माला पहनाकर अभिनन्दन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते जिला महामंत्री सह झरिया प्रभारी ने कहा कि यूथ जोड़ो बूथ जोड़ो कार्यक्रम के तहत पूरे विधानसभा में ज्यादा से ज्यादा युवाओं को संगठन में जोड़ने का काम किया जा रहा है। देश के युवाओं का भविष्य उज्जवल कांग्रेस पार्टी ही कर सकती है। कांग्रेस जब भी सत्ता में रही है हमेशा युवाओं के लिए हितकारी नीतियां बनाने का कार्य किया है आज देश के युवा ठगा महसूस कर रहे हैं बेरोजगारी महंगाई चरम पर है।

## भरत चरित्र सुनने से घरेलू झगड़े में लगता है विराम

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो/कथारा।** कथावाचक उज्वल शांडिल्य जी महाराज ने श्रीरामकथा के छठे दिन कहा भरत चरित्र सुनने से घर घर में होने वाले झगड़ों पर विराम लगाया जा सकता है। रामायण और महाभारत में यही अंतर है कि रामायण में एक भाई ने दूसरे के लिए त्याग किया तो वहीं महाभारत में दो भाई कौरव और पांडव आपस मे लड़ पड़े। श्रीराम की वन लीला सुनाते हुए कहा कि वन में श्रीराम को पिता के रूप में जटायु मिले और माता के रूप में शबरी मिलीं। सीताजी की रक्षा के लिए जटायु ने अपने प्राणों की बाजी लगा दी। यही भारतीय संस्कृति हैए जहां एक पक्षी भी भारत के लाज की रक्षा करने के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर देता है। जटायु से शिक्षा लेकर हम सबको भारतीय संस्कृति की रक्षा के लिए तैयार हो जाना चाहिए। जटायु के उदार कर्म से भगवान इतने प्रभावित हुए कि उन्हें गोद में उठा लिया।

# अस्तित्व की रक्षा: कतरी नदी तट पर गंगा आरती

## सैकड़ों की संख्या में जुटे कतरास के लोग

खबर मन्त्र संवाददाता



**कतरास।** कतरास की लाइफ लाइन कही जाने वाली कतरी नदी जो आज के दिन में अपने अस्तित्व को लेकर आंसू बहा रही है संघर्ष कर रही है । कतरी नदी बचाओ संघर्ष समिति के द्वारा रविवार को गंगा आरती कार्यक्रम के तहत कतरास कतरी नदी में आरती का कार्यक्रम आयोजित किया गया। वही कतरी नदी बचाओ समिति के संयोजक लखन प्रसाद महतो ने बताया कि आज कतरी नदी अपने अस्तित्व के लिए लड़ाई लड़ रही है। नदी को चारों ओर से अतिक्रमण कर लिया गया है। फैक्ट्रियों के द्वारा गंदा कचरा नदी में गिराया जा रहा है । इस नदी में कतरास के लोग बड़े और पले हैं। इसे बचाने के लिए हम लोग किसी भी हद तक जाने को तैयार है। आज गंगा आरती करके सरकार को एवं प्रशासन को एक संदेश देना चाहते हैं कि नदी के अस्तित्व को बचाने के लिए कठोर कदम सरकार उठाएं। कतरी नदी आरती कार्यक्रम में कतरास के सैकड़ों महिला-पुरुष श्रद्धालुओं एवं समाजसेवियों ने भाग लिया। पंडित बसंत पांडे उमाशंकर तिवारी के द्वारा विधि विधान से पूजन के उपरांत आरती की गई।

### आरती कार्यक्रम में थे शामिल

आरती कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व बियाडा अध्यक्ष सह समाजसेवी विजय झा जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह भाजपा नेत्री और बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो की पत्नी सावित्री देवी कांग्रेस नेता अशोक लाल डॉ स्वतंत्र कुमार लक्ष्मण महतो अंजला बिन हक, भावी पार्षद प्रत्याशी मधुमाला प्रोफेसर प्रताप नारायण पांडे स्नेह लता पांडे गौतम मंडल बाघमारा जदयू प्रखंड अध्यक्ष विनय पासवान सरोज विश्वकर्मा अमित सिन्हा कुमार अमिताभ राजेश स्वर्णकार कृष्णा नंदन साहू गणेश मोदक राखी पटवा जीत कुमार एवं सैकड़ों महिला-पुरुष भक्त शामिल रहे।

## स्पीड न्यूज

### लोयाबाद: पंजाबी मोड़ पर मिला अज्ञात युवक का शव

**लोयाबाद।** पंजाबी मोड मे रविवार को दोपहर अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र मे सनसनी फैल गई । जब लोयाबाद पुलिस को सूचना मिलि तो लोयाबाद थाना प्रभारी घटनास्थल पर पहुंच कर शव को स्वयं ही अपने पुलिस बल के सहयोग से पैट्रोलिंग गाडी मे लोड कर पोस्टमार्डम हेतू भेजा गया।शव की पहचान नही हो पाई है कि शव किसका है। कांटाघर से महज पचास मीटर की दूरी पर शव का मिलना बहुत कुछ सवाल को जन्म देता है। कांटाघर के आसपास तो भीड भाड़ वाला क्षेत्र है लेकिन इतना तो जरुर ही है कि हत्यारा के साथ लोयाबाद के ही कुछ लोग तो अवश्य ही होगे खैर जबतक युवक की पहचान नही होती है तबतक कुछ कहना इतना असान नही है लोयाबाद पुलिस हर पहलू पर जांच कर रही है इस पुरे प्रकरण मे लोयाबाद थाना प्रभारी विकास कुमार यादव ने मानवता की एक मिसाल पेश की है शव को खुद ही अपने हाथो से उठाकर पैट्रोलिंग गाडी मे लोड कर पोस्टमार्डम के लिए भेजना क्षेत्र मे इसकी चर्चा जोरो पर है।

### दो ट्रक और चार ट्रेक्टर धराये

**केंदुआ।** केंदुआडीह थाना क्षेत्र के शिमला बहाल ग्राउण्ड के जंगल से अवैध कोयला ट्रैक्टरों के लोड कर ग्राउंड में गुराय जारहा था।और दो ट्रक संख्या बीआर 01 जीडी ,बीआर 01जीडी 9974 में कोयला लॉगिंग करने की तैयारी चल रही थी।तभी गुप्त सूचना पर स्थानीय पुलिस और सीआईएसएफ के संयुक्त रूप से छापा मारी कर लगभग दस टन कोयला के साथ पकड़ा गया।वही पुलिस ने सभी वाहन को जपत कर थाना लाया गया। एरिया 6 के सीआईएसएफ के लिखित शिकायत पर मामला दर्ज किया गया।वही इस बर्दारत से पूरे क्षेत्र के अवैध कोयला तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है।

### हाशिम खान मार्क्सवादी विचारधारा के पुरोधा थे: बबलू

**सिन्दरी ।** एफसीआई के पूर्व कर्मी हाशिम खान के आकस्मिक निधन पर बिरसा समिति परिसर सिन्दरी में शोकसभा आयोजित कर शोकसंवेदना व्यक्त किया गया। शोक संवाद में मासस केन्द्रीय सचिव बबलू महतो ने कहा कि कामरेड हाशिम खान मार्क्सवादी विचारधारा के पुरोधा थे। शोक संवेदना व्यक्त करनेवालों में बबलू महतो, अम्बुज मंडल, सुरेश प्रसाद, सहदेव सिंह, सोहन सोरेन, बिरंची महतो, अमर सिंह, महालाल हासदा, बीर सिंह मुण्डा लोगन हेम्ब्रम, नुनूलाल टुडू, भीम कुमार महतो, रविन्द्र लाल हांसदा, एस एल हेम्ब्रम उपस्थित रहे।

### हीरापुर में अपोलो डायग्नोस्टिक का उद्घाटन

**धनबाद।** रविवार को धनबाद के हीरापुर में अपोलो डायग्नोस्टिक का उद्घाटन मुख्य अतिथि इन्द्रेश कुमार, अधिचन अभियंता झारखण्ड सरकार विशिष्ट अतिथि प्रज्ञा शुक्ला, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, तोपचंची ने फीता काटकर उद्घाटन किया।संज्ञा शुक्ला, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, गोमो ,विशाल वाल्मीकि, केंद्रीय अध्यक्ष, युवा मोर्चा दुर्गा सोरेन सेना, राहुल कुमार दुर्गा सोरेन सेना युवा जिला अध्यक्ष धनबाद अभिषेक सिंह, बाघमारा अध्यक्ष,युवा मोर्चा दुर्गा सोरेन सेना अमन मिश्रा, डिस्ट्रिक्ट हेड, अपोलो डायगनऑस्टिक मंजीत कुमार, क्लस्टर हेड , मुन्ना तिवारी, संजय सिंह, जलेश्वर सिंह मौजूद थे।

### झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह का वहन दुर्घटनाग्रस्त

**धनबाद।** कांग्रेस विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह की गाड़ी रामगढ़ में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस घटना में गाड़ी में सवार किसी को चोट नहीं आई है। ओरमांझी रामगढ़ के बीच यह दुर्घटना हुई। विधायक की गाड़ी के पीछे दूसरी गाड़ी चल रही थी और आगे एक बस जा रही थी पीछे से जा रही गाड़ी विधायक की गाड़ी को टक्कर मार दी।

## पेज एक का शेष

### राज्य में मेगा ...

मौके पर विधायक समरी लाल, बीएयू के वीसी डॉ ओंकार नाथ सिंह, रिटायर आयुक्त जटाशंकर चौधरी, केंद्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, नगड़ी के निदेशक के सत्यनारायणा तथा डॉ जगरनाथ उरांव सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारियों सहित अन्य भी उपस्थित थे।
इस दौरान प्रगतिशील किसानों, बागवानी प्रदर्शनी के विजेताओं और अन्य को पुरस्कार भी दिये गये। विधायक समरी लाल ने कहा कि मडुआ, गोंदली,कोदो जैसे मोटे अनाज झारखंड में सदियों से खेती और व्यवहार में रहे हैं। ओंकार नाथ सिंह ने कहा कि मेला में पोषक अनाजों से निर्मित 40 जायकेदार व्यंजन प्रदर्शित किये गये। बिक्री भी की गयी है ताकि आम लोगों में ऐसे अनाजों की लोकप्रियता बढ़ सके।

### दिल्ली में जन्मे...

जब वह सामने बतौर राष्ट्रपति भारतीय प्रधानमंत्री से बात कर रहे होते थे तब उनकी सेना कश्मीर में आतंकियों की नयी फौज भेजने में जुटी होती थी। उन्होंने भारत के खिलाफ कारगिल जैसे युद्ध की साजिश रची। पर भारत के बहादुर सैनिकों ने उनकी हर चाल पर पानी फेर दिया। अपनी जीवनी इन द लाइन ऑफ फायर - अ मेमॉयर में जनरल मुशर्रफ ने लिखा कि उन्होंने कारगिल पर कब्जा करने की कसम खाई थी। लेकिन नवाज शरीफ की वजह से वो ऐसा नहीं कर पाये। जिस देश में धोखा, साजिश, तख्तापलट कर तानाशाह बने, वहीं उन्हें मिली मौत की सजा। वह दुबई में निर्वासित जीवन जी रहे थे।
**1998 में परवेज मुशर्रफ जनरल बने :** साल 1998 में परवेज मुशर्रफ जनरल बने। 1999 से 2008 तक पाकिस्तान पर शासन करने वाले 78 वर्षीय जनरल मुशर्रफ पर उच्च राजद्रोह का आरोप लगाया गया था और 2019 में संविधान को निलंबित करने के लिए मौत की सजा दी गयी थी। 1998 में पाकिस्तान के पीएम नवाज शरीफ ने परवेज मुशर्रफ को सेना प्रमुख बनाया था। । एक साल बाद ही 1999 में जनरल मुशर्रफ ने नवाज शरीफ का तख्तापलट कर दिया और पाकिस्तान के तानाशाह बन गये।

### इरफान अंसारी और...

इससे पहले उनसे 23 जनवरी को रांची स्थित ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय करीब सात घंटे तक पूछताछ की गयी थी। अब सोमवार को दोबार उनसे पूछताछ की जायेगी। पहले पूठताछ के दौरान ईडी के सवालों पर डीसी असहज दिखे थे। किसी भी सवाल का ठीक से जवाब नहीं दे सके थे। उन्होंने सवालों का जवाब देने के लिए दस दिनों का वक्त देने की की थी।

### एमपीए व सीइए ...

**चिकित्सकों को सिर्फ ठग रही है :** बैठक के बाद प्रेसवार्ता में आइएमए के स्टेट प्रेसिडेंट डॉ. एके सिंह ने कहा कि सरकार चिकित्सकों को हीन भावना से देखना शुरू कर दी है। स्वास्थ्य मंत्री चिकित्सकों के हर कार्यक्रम में भाषण की शुरुआत ही करते हैं कि डॉक्टरों के हित में मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट व क्लीनिकल इस्टैब्लिशमेंट एक्ट लागू करेंगे। पर यह सब सिर्फ डॉक्टरों को ठगने के लिए कहा जाता है। सरकार बने तीन साल हो गये, लेकिन अब तक न ही एमपीए लागू हुआ और न ही सीइए। सचिव डॉ प्रदीप सिंह ने सरकार को अल्टीमेटम देते हुए कहा कि 20 दिन में यदि सरकार ने एमपीए या सीइए लागू करने की दिशा में पहल नहीं करती है तो चरणबद्ध तरीके से संयुक्त आंदोलन शुरू होगा। इसकी शुरुआत राज्यभर में ओपीडी बहिष्कार से होगा। साथ ही 13 फरवरी को राज्य के सभी जिलों में प्रशासन को मेमोरेंडम सौंपा जायेगा।
**डॉक्टर दंपती की मौत पर सरकार मौन :** डॉ. प्रदीप सिंह ने कहा कि सरकार का रवैया डॉक्टरों के प्रति ठीक नहीं है। धनबाद में 10 दिन के भीतर दो बड़ी-बड़ी घटनाएं हुई है। पहले धनबाद के हाजरा क्लीनिक में आग लगी थी, इसमें डॉक्टर दंपती की भी मौत हो गयी थी। इसके बाद धनबाद के अपार्टमेंट में आग लगी। मंत्री-विधायक के अलावा सीएम भी धनबाद पहुंचकर कई घोषणाएं की। अपार्टमेंट में आग लगने से मरने वालों को सरकार ने मुआवजे की भी घोषणा की। लेकिन डॉक्टर दंपती की मौत पर सरकार अब तक मौन है। सरकार से मांग करते हुए कहा कि डॉक्टर दंपती के आश्रितों को भी उचित मुआवजा दे।
**अनुबंधित पारा मेडिकल कर्मियों को समर्थन :** बैठक में निर्णय लिया गया कि नियमितीकरण की मांग को लेकर धरने पर बैठे अनुबंधित पारा मेडिकल कर्मियों की मांग जायज है। उनके प्रदर्शन के 15 दिन से ज्यादा हो गये हैं, लेकिन अब तक सरकार उनकी सुद लेने तक नहीं पहुंची है। इसे देखते हुए आईएमए व झासा ने भी उन्हें अपना पूर्ण समर्थन दिया है। डॉ. प्रदीप सिंह ने कहा कि पूरे चिकित्सक वर्ग उनके साथ है। जरूरत पड़ेगी तो वे भी पारा मेडिकल कर्मियों के आंदोलन में शामिल होंगे।

### बेलगाम रफ्तार में गयी...

हादसा उस वक्त हुआ जब लोध फॉल से आ रही बस और महुआडांड़ से जा रहे चटकपुर जा रही बाइ एक दूसरे से आमने सामने टकरा गयी। आशंका है कि मरनेवाला दूसरा युवक छत्तीसगढ़ का रहनेवाला है।
**पीरटांड़ हादसे में तीन की हालत नाजुक :** गिरिडीह - डुमरी पथ के पीरटांड थाना इलाके के पांडेयडीह में रविवार की दोपहर हुई घटना में दो की मौत हो गयी। आठ घायलों में तीन की हालत गंभीर है। जानकारी के अनुसार रविवार की दोपहर एक कार गिरिडीह से डुमरी की तरफ जा रही थी। कार पर दो लोग सवार थे। वहीं सामने से वैन आ रही थी,जिस पर सात लोग सवार थे। आमने सामने टक्कर वैन सवारियों समेत सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरी। घायलों की चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग दौड़े और सभी को निकाला। पीरटांड पुलिस भी पहुंची। सभी 9 लोगों को सदर अस्पताल भेजा गया, जहां दो लोगों को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मरने वालों में एक का नाम सोहन मोहली (गोमो) का है जबकि दूसरा मृतक वैन का चालक इसरी निवासी शौकत अली था।

### झारखंड की जनता...

इससे अडाणी की कंपनियों में निवेश करने वाली भारतीय बैंकों और एलआईसी को भी झटका लगा है। निवेशकों को भी चिंता सता रही है। झामुमो नेता ने इस वित्तीय घोटाले निष्पक्ष जांच की मांग की।
**हेमंत पर आरोप और अडाणी पर शाह खामोश:** उन्होंने कहा कि अमित शाह हेमंत सोरेन पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा रहे थे। आज झामुमो भाजपा और अमित शाह से पूछा रहा है कि अडाणी की आज ऐसी स्थिति क्यों है ? आज जब एसबीआई और एलआईसी की स्थिति पर असर पड़ रहा है, तो भाजपा नेता आखिर चुप क्यों हैं? पिछले एक साल से हम ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स का नाम सुन रहे हैं, तो आज यह जांच एजेंसी क्यों खामोश है. झामुमो नेता ने कहा कि आज ईडी अधिकारियों को गुजरात और मुंबई जाना चाहिए।

### माघी पूर्णिमा पर...

वैदिक ज्योतिष के अनुसार माघ पूर्णिमा में स्नान दान करने से सूर्य और चंद्रमा युक्त दोषों से मुक्ति मिलती है। बैद्यनाथ धाम के तीर्थ पुरोहित बताते हैं कि माघ पूर्णिमा के दिन कंबल, लकड़ी इत्यादि श्रद्धालु बाबा धाम में दान कर अक्षय पुण्य के भागी बनते हैं। मान्यता है कि माघी पूर्णिमा के दिन गंगा स्नान कर भोलेनाथ पर जलार्पण करते हैं उन्हें विशेष फल की प्राप्ति होती है। माघी पूर्णिमा के दिन किया गया धार्मिक अनुष्ठान कभी जाया नहीं होता है। माघी पूर्णिमा के दिन जो श्रद्धालु बाबा बैद्यनाथ मंदिर में गंगाजल से बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक करते हैं उन्हें मनचाहे फल की प्राप्ति होती है।

### अनुकूल चंद्र आश्रम ....

उनके साथ देवघर सांसद निशिकांत दूबे भी थे। आश्रम में उन्होंने स्वामी जी आशीर्वाद लिया। इसके साथ ही गृह मंत्री ने सत्संग आश्रम को आर्थिक रूप से मदद करने का भी आश्वासन दिया। श्री शाह ने कहा कि पहले से ही इस आश्रम की चर्चा उन्होंने सुन रखी थी, लेकिन कभी आने का मौका नहीं मिल पाया, इस बार देवघर में रात्रि विश्राम करने का अवसर मिला और वो सुबह की यहां दर्शन के लिए उपस्थित हो गये।

# अमेरिका ने चीन के जासूसी गुब्बारे को किया ढेर

एजेंसी

**वाशिंगटन/बीजिंग।** अमेरिकी सेना ने अटलांटिक महासागर में चीन के एक संदिग्ध जासूसी गुब्बारे को मार गिराया है और इसके मलबे से सभी उपकरण बरामद करने का अभियान शुरू किया है। वहीं, चीन ने रविवार को इस कार्रवाई पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए उसके असैन्य मानवरहित हवाई जहाज के खिलाफ बल प्रयोग को लेकर अमेरिका को गंभीर अंजाम भुगतने की धमकी दी।

अमेरिका के एक वरिष्ठ रक्षा अधिकारी ने वाशिंगटन में पत्रकारों को बताया कि राष्ट्रपति जो बाइडन के निर्देश पर अमेरिकी सेना ने स्थानीय समयानुसार दोपहर दो बजकर 39 मिनट पर दक्षिण कैरोलाइना में अमेरिकी तट से करीब 9.65 किलोमीटर दूर अटलांटिक महासागर में चीन के निगरानी गुब्बारे को मार गिराया। उन्होंने कहा कि गुब्बारे को मार गिराने के दौरान अमेरिकी नागरिकों को जान-माल का कोई नुकसान नहीं हुआ। रक्षा अधिकारी के

**गुब्बारे को मार गिराने के दौरान अमेरिकी नागरिकों को जान-माल का कोई नुकसान नहीं हुआ**

मुताबिक, वर्जीनिया में लांगले वायुसेना अड्डे से उड़ान भरने वाले लड़ाकू विमान ने एक मिसाइल छोड़ी, जिससे गुब्बारा अमेरिका के वायु क्षेत्र के भीतर महासागर में जा गिरा। बाइडन ने मैरीलैंड में पत्रकारों से कहा कि मैंने उन्हें गुब्बारे को मार गिराने का निर्देश दिया था। उन्होंने कहा कि बुधवार को जब मुझे गुब्बारे की जानकारी दी गई थी, तो मैंने पेंटागन को इसे जल्द से जल्द मार गिराने का आदेश दिया था। उन्होंने (पेंटागन) जमीन पर किसी को नुकसान पहुंचाए बिना ऐसा करने का निर्णय लिया और इसके लिए सबसे उपयुक्त समय तब मिला, जब गुब्बारा समुद्र के ऊपर था।

चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने रविवार को चीन के विदेश मंत्रालय के एक बयान का हवाला देते हुए कहा कि बीजिंग ने चीन के असैन्य मानवरहित यान पर हमला करने के लिए अमेरिका द्वारा बल प्रयोग करने को लेकर कड़ा

## कार्रवाई से तिलमिलाया ड्रैगन, अंजाम भुगतने की धमकी दी



विरोध जताया है। बयान के अनुसार, अमेरिका द्वारा बल प्रयोग पर जोर देना वास्तव में एक अनावश्यक प्रतिक्रिया और अंतरराष्ट्रीय प्रक्रिया का गंभीर उल्लंघन है। चीन इसकी प्रतिक्रिया में आगे कदम उठाने का अधिकार सुरक्षित रखते हुए प्रासंगिक कंपनी के वैध अधिकारों और हितों को दृढ़तापूर्वक बनाए रखेगा। चीन ने दावा किया कि यह गुब्बारा महज एक मौसम अनुसंधान हवाई जहाज था।

बीजिंग के मुताबिक, उसने सत्यापन के बाद अमेरिका को बार-बार सूचित किया कि यह गुब्बारा असैन्य प्रकृति का है और अमेरिका में इसका प्रवेश अप्रत्याशित घटना के कारण हुआ। चीन के अनुसार, उसने अमेरिका से इस मामले से शांतिपूर्वक, पेशेवर और नियंत्रित तरीके से निपटने को कहा था। वहीं, अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने कहा कि बाइडन के निर्देश पर एक लड़ाकू विमान ने चीन के निगरानी गुब्बारे को अमेरिकी वायु क्षेत्र में दक्षिण कैरोलाइना के तट पर समुद्र के ऊपर मार गिराया। ऑस्टिन ने कहा कि अमेरिकी महाद्वीप में सामरिक स्थलों की निगरानी करने के प्रयास में चीन द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे गुब्बारे को अमेरिकी जल क्षेत्र के ऊपर मार गिराया गया। उन्होंने बताया कि तीन बसों के आकार वाले इस गुब्बारे को मार गिराने की कार्रवाई कनाडाई सरकार के समन्वय और पूरे सहयोग के साथ की गई। रक्षा अधिकारियों ने अमेरिकी मीडिया को बताया कि मलबा दक्षिण कैरोलाइना में मिरटल बीच के पास गिरा और सेना अब 11 किलोमीटर के क्षेत्र में फैले मलबे को बरामद करने का प्रयास कर रही है।

पेंटागन के एक अधिकारी ने कहा कि गुब्बारे को मार गिराए जाने के तुरंत बाद उन्होंने गुब्बारे द्वारा एकत्रित की गई संवेदनशील सूचना हासिल करने के लिए कदम उठाए, ताकि चीन के लिए इसका खुफिया महत्व खत्म हो जाए। अधिकारी के मुताबिक, घटनास्थल पर कई जहाज और गोताखोर मौजूद हैं। इसके अलावा, संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) के अधिकारी और अन्य खुफिया प्राधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। अधिकारी ने कहा कि गुब्बारे को मार गिराने से अमेरिका, चीन के संवेदनशील उपकरण बरामद कर सकता है। मैं ज्यादा जानकारियां नहीं दे सकता, लेकिन हम गुब्बारे और उसमें मौजूद उपकरणों का अध्ययन कर पाएंगे। एक अन्य वरिष्ठ रक्षा अधिकारी ने बताया, ह्यह्यपेंटागन कुछ समय से ऊंचाई पर उड़ रहे गुब्बारे पर नजर रख रहा था। यह 28 जनवरी को अलास्का में घुसा था। इसके बाद, इसने 30 जनवरी को कनाडाई वायु क्षेत्र में प्रवेश किया और फिर 31 जनवरी को दोबारा अमेरिकी वायु क्षेत्र में घुसा।

बाइडन पर तब से इस गुब्बारे को मार गिराने का दबाव था, जब रक्षा अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को सबसे पहले घोषणा की कि थी कि वे इस पर नजर रख रहे हैं। गुब्बारे को मार गिराए जाने के बाद बाइडन ने कहा कि उन्होंने चीनी गुब्बारे को सफलतापूर्वक मार गिराया और मैं इस अभियान को अंजाम देने वाले विमान चालकों को बधाई देना चाहता हूं। अमेरिका की प्रथम महिला जिल बाइडन ने इसे गर्व का पल बताया। सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सीएनएन को बताया कि गुब्बारे का मलबा आसानी से बरामद हो सकता है ।

उन्होंने कहा कि इस अभियान में मदद करने के लिए नौसेना के सक्षम गोताखोरों को तैनात किया जा सकता है। एक अन्य वरिष्ठ रक्षा अधिकारी ने बताया कि चीन के पास इस तरह के निगरानी गुब्बारों का एक बेड़ा है। वेनेजुएला और कोलंबिया के आसमान में भी इस सप्ताह ऐसे ही गुब्बारे उड़ते हुए देखे गए। चीनी गुब्बारे को मार गिराए जाने की घटना से अमेरिका-चीन के संबंधों में तनाव बढ़ सकता है। पेंटागन ने इसे अमेरिकी संप्रभुता का अस्वीकार्य उल्लंघन करार दिया है।

अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने बीजिंग से कहा कि यह एक गैरजिम्मेदाराना कृत्य है। उन्होंने पांच से छह फरवरी तक होने वाली चीन यात्रा भी स्थगित कर दी थी। चीन ने उनकी यात्रा रद्द होने को तवज्जो न देते हुए कहा कि किसी भी पक्ष ने ऐसी यात्रा की औपचारिक घोषणा नहीं की थी।

## स्पीड न्यूज

### उर्वशी ढोलकिया बाल-बाल बचीं



**मुंबई।** लोकप्रिय टेलीविजन अभिनेत्री उर्वशी ढोलकिया की कार मुंबई से सटे ठाणे जिले में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हालांकि, इस हादसे में उन्हें कोई चोट नहीं आई है। एक पुलिस अधिकारी ने रविवार को जानकारी दी। अधिकारी के अनुसार, हादस उस समय हुआ, जब शनिवार को शूटिंग के लिए मीरा रोड इलाके में स्टूडियो जाने के दौरान बच्चों को लेकर जा रही एक स्कूल बस ने काशीमीरा इलाके में उनकी कार को पीछे से टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि अभिनेत्री ने बस चालक के खिलाफ कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई है। हालांकि, स्थानीय पुलिस ने बस चालक की पूरी जानकारी ली। अभिनेत्री उर्वशी ढोलकिया रियलिटी शो बिग बॉस के छठे सीजन की विजेता रह चुकी हैं।

### सड़क दुर्घटना में तीन की मौत

**रायबरेली ।** उत्तर प्रदेश में रायबरेली के बछरांवा इलाके में रविवार सुबह डम्फर और बैलेरो गाड़ियों की आमने सामने की टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गयी जबकि दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गये। जानकारी के अनुसार करीब साढ़े चार बजे बछरांवा इलाके के महराजगंज और गुरुबख्शगंज रोड पर नन्दा खेड़ा गांव में एक डम्फर और बुलेरो गाड़ियों की आमने सामने जबरदस्त टक्कर हो गई जिससे तीन लोगों की मौत हो गयी और दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं जिन्हें ट्रामा सेंटर लखनऊ के लिए रेफर किया गया है। इस हादसे में बुलेरो चालक व सवार समेत अनुग्रह प्रताप, राजेन्द्र सिंह और गप्पू की मौत हो गयी। बोलेरो गाड़ी राजेन्द्र सिंह चला रहा था।

### बिहार : छात्र जदयू के प्रदेश उपाध्यक्ष से मांगी रंगदारी

**समस्तीपुर।** छात्र जनता दल (यूनाइटेड) के प्रदेश उपाध्यक्ष निशांत कुमार से अपराधियों ने 50 लाख रुपए रंगदारी देने की मांग की है। पुलिस सूत्रों ने रविवार को यहां बताया कि अपराधियों ने पत्र भेजकर छात्र जदयू के प्रदेश उपाध्यक्ष निशांत से 50 लाख रुपए रंगदारी देने की मांग की है। रंगदारी नहीं देने पर अपराधियों ने जदयू नेता को जान से मारने की धमकी दी है।

### समस्तीपुर मंडल के 17 स्टेशन होंगे विकसित

**समस्तीपुर।** पूर्व मध्य रेल के समस्तीपुर रेल मंडल के समस्तीपुर समेत 17 प्रमुख रेलवे स्टेशनों को अमृत भारत योजना के तहत आधुनिक स्टेशन के रूप में विकसित किया जाएगा, जबकि बापूधाम मोतिहारी, दरभंगा एवं सीतामढ़ी को विश्वस्तरीय स्टेशन बनाने के लिए चुना गया है। मंडल रेल प्रबंधक आलोक अग्रवाल ने रविवार को बताया कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत मंडल के समस्तीपुर,सहरसा, मधुबनी, जयनगर, दौरा मधेपुरा, सुपौल, रक्सौल,जनकपुर रोड, बेतिया एवं नरकटियागंज समेत 17 स्टेशनों को विकसित करने के लिए चुना गया है। उन्होंने बताया कि इसके अलावे दरभंगा, बापूधाम मोतिहारी और सीतामढ़ी स्टेशन को विश्वस्तरीय बनाया जाएगा।

### मौद्रिक नीति का रहेगा बाजार पर असर

**मुंबई।** विदेशी बाजारों के सकारात्मक रुझान के बीच स्थानीय स्तर पर एफएमसीजी, बैंक और आईटी समूह के जबरदस्त प्रदर्शन की बदौलत बीते सप्ताह 2.6 प्रतिशत की उड़ान भर चुके घरेलू शेयर बाजार पर अगले सप्ताह वैश्विक रुख के साथ ही रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक समीक्षा नीति और कंपनियों के तिमाही परिणाम का असर रहेगा। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1510.98 अंक अर्थात 2.6 प्रतिशत की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर 60841.88 अंक और निफ्टी 229.85 अंक तेजी के साथ 17854.05 अंक पर पहुंच गया।

## माघी पूर्णिमा पर 33 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने लगायी डुबकी



**प्रयागराज।** माघ मेले के पांचवे स्नान पर्व माघी पूर्णिमा पर रविवार को शाम चार बजे तक करीब 33 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में पुण्य की डुबकी लगाई। हर हर महादेव और हर हर गंगे के उद्घोष से पूरा संगम तट गुंजा। अपर मेला अधिकारी विवेक चतुर्वेदी ने बताया कि सुबह चार से ही लोगों की भीड़ संगम क्षेत्र में आती रही और रविवार को शाम चार बजे तक करीब 33 लोगों ने संगम और गंगा में डुबकी लगाई। स्नान करने के लिए शनिवार रात से ही लोग संगम पर पहुंच गए थे। माघ मेले का अगला और अंतिम स्नान शिवरात्रि पर पड़ेगा जिसके साथ माघ मेला संपन्न होगा।

# होली से पहले केंद्रीय कर्मियों का बढ़ेगा डीए!

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार अपने एक करोड़ से अधिक कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए मंहगाई भत्ते (डीए) को मौजूदा के 38 प्रतिशत से चार प्रतिशत अंक बढ़ाकर 42 प्रतिशत कर सकती है। इस उद्देश्य के लिए एक फॉमूर्ला पर सहमति बनी है। कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई भत्ते की गणना हर महीने श्रम ब्यूरो द्वारा जारी औद्योगिकी श्रमिकों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई-आईडब्ल्यू) के आधार पर की जाती है। श्रम ब्यूरो

**महंगाई भत्ते को चार बढ़ाकर 42 प्रतिशत कर सकती है सरकार**
**एक करोड़ से अधिक कर्मचारियों व पेंशनभोगियों को मिलेगा लाभ**




श्रम मंत्रालय का अंग है। ऑल इंडिया रेलवेमेन फेडरेशन के महासचिव शिव गोपाल मिश्रा ने बताया कि दिसंबर, 2022 के लिए सीपीआई-आईडब्ल्यू 31 जनवरी, 2023 को जारी की गई थी।महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी 4.23 प्रतिशत बैठती है। लेकिन सरकार डीए में दशमलव को नहीं लेती। ऐसे में डीए में चार प्रतिशत अंक की वृद्धि हो सकती है। इसे 38 प्रतिशत से बढ़ाकर 42 प्रतिशत किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि वित्त मंत्रालय का व्यय विभाग डीए में वृद्धि का एक प्रस्ताव बनाएगा। इसमें इसके राजस्व प्रभाव के बारे में भी बताया जाएगा। इस प्रस्ताव को मंजूरी के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल के समक्ष रखा जाएगा। महंगाई भत्ते में वृद्धि एक जनवरी, 2023 से लागू होगी।

# उच्चतम न्यायालय में आज पांच न्यायाधीश लेंगे शपथ



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय में सोमवार को पांच नए न्यायाधीश नियुक्त होंगे जिससे शीर्ष अदालत में कुल न्यायाधीशों की संख्या 32 हो जाएगी। उच्चतम न्यायालय के लिए स्वीकृत न्यायाधीशों की संख्या 34 है। सोमवार को क्रमशः राजस्थान, पटना और मणिपुर के उच्च न्यायालयों के तीन मुख्य न्यायाधीशों - न्यायमूर्ति पंकज मिथल, न्यायमूर्ति संजय करोल और पी वी संजय कुमार के साथ दो अन्य वरिष्ठ न्यायाधीश शपथ लेंगे। पटना उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा को भी भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) द्वारा शीर्ष अदालत के न्यायाधीशों के रूप में शपथ दिलाई जाएगी। यह समारोह अदालत के नए भवन में सभागार में आयोजित होगा। पांच न्यायाधीशों में सबसे वरिष्ठ न्यायमूर्ति मिथल हैं, जिनका मूल कैडर इलाहाबाद उच्च न्यायालय है। वह पिछले साल 14 अक्टूबर से राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में कार्यरत थे। न्यायमूर्ति मिथल का जन्म 17 जून, 1961 को हुआ। वह 1982 में इलाहाबाद विश्वविद्यालय से वाणिज्य स्नातक हैं। उन्होंने 1985 में मेरठ कॉलेज से एलएलबी पूरी की और उसी वर्ष उत्तर प्रदेश की बार काउंसिल में एक वकील के रूप में पंजीकरण कराया।

## वाणी का पुलिस सम्मान के साथ अंतिम संस्कार

**चेन्नई।** विख्यात पार्श्वगायिका वाणी जयराम का रविवार को यहां पूरे पुलिस सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया। तमिलनाडु के राज्यपाल आर.एन.रवि , मुख्यमंत्री एम.के.स्टालिन, विभिन्न राजनीतिक दल के नेता, फिल्म कलाकार और संगीतकारों ने सुश्री जयराम को श्रद्धांजलि दी। विभिन्न भाषाओं में 10 हजार से अधिक गीतों को स्वर देने वाली और हाल में पद्म भूषण से सम्मानित गायिका का शनिवार को निधन हो गया। उनके माथे पर मामूली चोट के निशान पाये गये थे और पुलिस ने अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज किया है। अन्नाद्रमुक सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता , फिल्म कलाकार, संगीतकार, पार्श्व गायकों ने उन्हें अंतिम श्रद्धांजलि दी। उनके शव को एंबुलेंस से बसंत नगर श्मशान घाट ले जाया गया , जहां पूरे पुलिस सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। इससे पहले सुबह श्री स्टालिन ने जयराम के घर जाकर पार्थिव शरीर को श्रद्धांजलि दी।

# मार्च तक पैन से आधार नहीं जुड़ा, तो बंद होंगे टैक्स के लाभ

एजेंसी

नयी दिल्ली। देश में 61 करोड़ स्थायी खाता संख्या (पैन) में से करीब 48 करोड़ को अब तक विशिष्ट पहचान संख्या आधार से जोड़ा जा चुका है और 31 मार्च तक ऐसा नहीं करने वाले लोगों को कारोबार एवं टैक्स संबंधी गतिविधियों में लाभ नहीं मिल पाएंगे। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के अध्यक्ष नितिन गुपता ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अब भी कई करोड़ पैन को आधार से नहीं जोड़ा गया, लेकिन 31 मार्च की समय सीमा समाप्त होने तक इस काम के भी पूरा हो जाने की उम्मीद है।

**31 मार्च के बाद निष्क्रिय हो जायेंगे पैन : सीबीडीटी**

इसके लिए 31 मार्च, 2023 की सीमा तय करते हुए कहा कि आधार से नहीं जोड़े गए व्यक्तिगत पैन इस तारीख के बाद निष्क्रिय घोषित कर दिए जाएंगे। इसके साथ ही सरकार ने कहा कि मौजूदा समय से 31 मार्च के बीच पैन को आधार से जोड़ने के लिए 1,000 रुपये का शुल्क देना होगा। सीबीडीटी प्रमुख ने कहा कि पैन को आधार से जोड़ने के बारे में कई जागरूकता अभियान चलाए गए हैं और हमने इस समय सीमा कई बार बढ़ाया है। अगर तय समय तक पैन को आधार नहीं जोड़ा जाता है, तो धारक को टैक्स का लाभ नहीं मिल पाएगा।

क्योंकि उसका पैन ही मार्च के बाद वैध नहीं रहेगा। सीबीडीटी पिछले साल जारी एक अधिसूचना में यह साफ कर चुका है कि पैन के निष्क्रिय हो जाने के बाद संबंधित व्यक्ति को आयकर अधिनियम के तहत निर्धारित सभी परिणामों को सामना करना पड़ेगा। इसमें आयकर रिटर्न न दाखिल कर पाना और लंबित रिटर्न का प्रसंस्कर न हो पाने जैसी स्थितियां शामिल हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पैन को साझा पहचानकर्ता बनाने की बजट घोषणा कारोबारी जगत के लिए फायदेमंद होगी।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में ऐलान किया है कि सरकारी एजेंसियों की डिजिटल प्रणालियों में पैन को कारोबारी प्रतिष्ठान अब एक साझा पहचानकर्ता के तौर पर इस्तेमाल कर सकेंगे।

## पहलवानी में आशु ने कांस्य जीता

**जगरेब।** एशियाई चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता आशु ने रविवार को यहां जगरेब ओपन रैंकिंग सीरीज के समापन के दिन ग्रीको रोमन वर्ग में भारत के लिए 67 किग्रा में कांस्य पदक जीता। इस 23 साल के पहलवान ने लिथुआनिया के एडोमास ग्रिगलियुनास को 5-0 से हराकर भारत की तालिका में दूसरा कांस्य जोड़ा। फ्रीस्टाइल वर्ग में अंडर-23 विश्व चैंपियन पहलवान अमन सहरावत ने प्रतियोगिता के शुरूआती दिन पुरुषों की 57 किग्रा में कांस्य जीता था। आशु को क्वालीफिकेशन दौर में ईरान के रेजा महदी अब्बासी ने 9-0 से हराया था उन्होंने रेपेशाज दौर में शानदार प्रदर्शन किया।

गणतंत्र दिवस के अवसर धनबाद वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।



नागेंद्र सिंह

श्री राम सेना झारखंड प्रदेश संयोजक सह राजपूत करणी सेना धनबाद जिला सचिव

# आलिया ने शेयर किया वर्कआउट वीडियो

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट ने सोशल मीडिया पर अपना वर्कआउट का वीडियो शेयर किया है। आलिया भट्ट सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अपने से जुड़े अपडेट्स फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं। आलिया अपने फोटोज व वीडियोज सोशल मीडिया पर शेयर करती है। आलिया ने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में आलिया कार्डियो एक्सरसाइज करती नजर आ रही हैं। इसके साथ ही वह पति रणबीर कपूर की आने वाली फिल्म तू झूठी मैं मक्कार के गाने तेरे प्यार में इंजॉय करती कर रही हैं। भट्ट ने इस वीडियो के साथ कैप्शन लिखा है, फिलहाल, हम तो सिर्फ कार्डियो के प्यार में भीगे भीगे। आलिया के इस वीडियो पर फैंस से लेकर सेलिब्रिटीज तक रिएक्शन दे रहे हैं।



## वेबसीरीज 'भूचाल' में काम करेंगी वाणी कपूर



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री वाणी कपूर वेबसीरीज भूचाल में काम करती नजर आ सकती है। जतिन वागले अपनी हिट वेब सीरीज भौकाल का नया अध्याय लेकर आ रहे हैं, जिसका नाम इस बार 'भूचाल' हो सकता है। पिछली बार आईपीएस नवनीत सिकेरा के जीवन पर आधारित 'भौकाल' के दो सीजन बनाए गए थे, जिसमें मोहित रैना ने अहम भूमिका निभाई थी। इस बार की कहानी यूपी के पूर्व डीजीपी ओपी सिंह पर आधारित होगी। इसमें उनके लखीमपुर खीरी पोस्टिंग के दौरान की झलकियां देखने को मिलेंगी। मार्च में इसकी शूटिंग शुरू होने की संभावना है। कहा जा रहा है कि इस क्राइम थ्रिलर सीरीज में वाणी कपूर मुख्य भूमिका में नजर आएंगी।

VERMA PRESS

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 120 | Hindi | ₹ 100 |
| English | ₹ 120 | English | ₹ 120 |
| Mathematics | ₹ 120 | Mathematics | ₹ 120 |
| Science | ₹ 120 | Science | ₹ 120 |
| Social Science | ₹ 120 | Social Science | ₹ 120 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 80 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran II | ₹ 100 | Hindi Vyakaran II | ₹ 100 |
| English Grammar– II | ₹ 100 | English Grammar– II | ₹ 100 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 70 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 70 |
| Hindi Practical | ₹ 50 | Hindi Practical | ₹ 50 |
| English Practical | ₹ 50 | English Practical | ₹ 50 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 60 | Science Practical | ₹ 55 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 60 |
| Sanskrit Practical | ₹ 50 | Sanskrit Practical | ₹ 50 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 80 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 60 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 60 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !